राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 286, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 29 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने लाल किला पर 'दिल्ली फतह दिवस' मनाया
.... पेज 03

बलिया : हेट स्पीच को लेकर सपा प्रत्याशी सनातन पाण्डेय पर मुकदमा
.... पेज 05

विल जैक्स का तूफानी शतक, बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को नौ विकेट से हराया
.... पेज 07

## मोदी के नेतृत्व में आरक्षण खत्म करना चाहती है भाजपा : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आरक्षण को खत्म करना चाहती है और उसके इस मिशन को अंजाम देने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

गांधी ने भाजपा को आरक्षण खत्म करो गैंग का अड्डा बताया और कहा कि श्री मोदी इस अड्डे के सरगना हैं। संविधान आरक्षण के जरिए सबको समान अवसर देता है, इसलिए कांग्रेस इस तरह की किसी भी साजिश को सफल



नहीं होने देगी। गांधी ने कहा, भारतीय जनता पार्टी 'आरक्षण खत्म करो' गैंग का अड्डा है और नरेंद्र मोदी उसके सरगना। भाजपा के लोग आरक्षण और संविधान को खत्म करना चाहते हैं। ये गलत है और हम ये कभी नहीं होने देंगे। संविधान कहता है कि देश के सभी लोगों को एक जैसा अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, संविधान से करोड़ों लोगों को आरक्षण मिला। देश की सारी संस्थाएं संविधान से निकली हैं, लेकिन अब मोदी और आरएसएस चाहते हैं कि लोकतंत्र और संविधान खत्म किया जाए और अपने लोगों को देश का राजा बनाया जाए। आज देश के शिक्षण संस्थानों में आरएसएस के लोग बैठे हुए हैं जिनका शिक्षा से कोई लेना-देना नहीं है।

## बस-ट्रक की टक्कर, 7 की मौत

### सिर कटकर अलग हुए; बस की एक साइड को चीरते निकला ट्रक; 20 घायल



उन्नाव। 27 सवारियों से भरी बस को सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। बस की एक साइड को चीरते हुए ट्रक निकल गया। यह हादसा उन्नाव के सफीपुर में रविवार दोपहर हुआ।

इसमें 7 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 गंभीर रूप से घायल हैं। इनमें 3 की हालत नाजुक है। मृतकों में 5 पुरुष और 2 महिलाएं हैं।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने सभी को प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। बस बांगरमऊ से उन्नाव आ रही थी।

#### सड़क पर उछल कर गिरा यात्री, सिर फटा

हादसा इतना भयानक था कि एक यात्री सड़क पर उछल कर जा गिरा, जिससे उसका सिर फट गया। यही नहीं, बस की खिड़की वाली साइड बैठे 2 यात्रियों के सिर कटकर अलग हो गए।

हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने डायल-112 और जिला कंट्रोल रूम को फोन कर जानकारी दी।

शुरुआत में पुलिस को हादसे में 12 से अधिक लोगों के मरने की खबर मिली। पुलिस महकमा तुरंत अलर्ट हो गया। सफीपुर कोतवाली प्रभारी की VIP कार्यक्रम में ड्यूटी लगी थी। उन्हें वहां से हटाकर मौके पर भेजा गया।

#### सीओ ने कहा- ड्राइवर को ट्रक समेत पकड़ा गया

सीओ सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला ने बताया- बस को ट्रक ने टक्कर मारी है। हादसे के बाद ट्रक लेकर भागे ड्राइवर को पुलिस ने नाकाबंदी कर पकड़ लिया है। मृतकों में आसाराम निवासी सिखरावा थाना टांडियावां हरदोई, सुशीला निवासी मंगल बाजार, इरतजा उर्फ लाडले निवासी सैयद बड़ा थाना सफीपुर उन्नाव, रुकैया बेगम निवासी मछारिया कानपुर, हरिनारायण निवासी आदर्शनगर उन्नाव, लालजी निवासी दारापुर, उन्नाव के रूप में हुई है। जबकि एक मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

#### जिला अस्पताल की इमरजेंसी में खाली कराए गए बेड

सीओ ने बताया- हादसे के बाद जिला अस्पताल की इमरजेंसी में कुछ बेड खाली कराकर रिजर्व कर दिए गए हैं। जिससे घायलों का तत्काल बेहतर उपचार मिल सके। हादसे पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। साथ ही घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अफसरों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए हैं।

थोड़ी देर में वह फोर्स और एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंचे। राहगीरों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया। हरदोई-उन्नाव मार्ग पर दोनों तरफ के वाहनों को रोक दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर जाम लग गया। वाहन सवार घंटों तक जाम में फंसे रहे।

#### घायल यात्री बोला- ट्रक की रफ्तार तेज थी

हादसे में घायल हुए हरदोई के रहने वाले एक यात्री ने बताया कि हमारी बस की रफ्तार भी तेज थी। अचानक झटका लगा और बस में चीख-पुकार मच गई।

देखा तो 4 से 5 लोगों की मौत हो चुकी थी। ट्रक टक्कर मारकर भाग गया था। मेरे साथ ही कई यात्री घायल हो गए।

हादसे में गलती किसकी है, ये नहीं कह सकता। लेकिन बस की हालत देखकर लग रहा है कि ट्रक की रफ्तार भी तेज रही होगी, तभी तो वो बस को चीरते हुए निकल गया।

## पूर्वी भारत के 80 मार्गों पर रोज़ चलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें

### इससे अल्प आय वर्ग के यात्रियों को तेजगति से आरामदेह यात्रा की सुविधा मिलेगी

नयी दिल्ली । भारतीय रेलवे अगले तीन साल के भीतर राजधानी दिल्ली से बिहार समेत पूर्वी भारत के करीब 80 मार्गों पर प्रतिदिन कम से कम एक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन करने लगेगी जिससे अल्प आय वर्ग के यात्रियों को तेजगति से आरामदेह यात्रा की सुविधा मिलेगी और अन्य गाड़ियों पर उनकी निर्भरता भी घटेगी।

रेलवे बोर्ड के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार रेल मंत्रालय ने अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के प्रयोग की सफलता



को देखते हुए करीब साढ़े चार सौ अमृत भारत गाड़ियों के निर्माण का ऑर्डर दे दिया है और तीन से चार साल में ये गाड़ियां पटरियों पर दौड़ती नज़र आएंगीं। सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा मौजूदा एलएचबी रैक वाली गाड़ियों को भी धीरे धीरे अमृत भारत ट्रेन सेट की डिज़ायन में ढाला जाएगा। सेमी परमानेंट कपलर और दोनों ओर इंजन लगा कर इसकी दक्षता को बढ़ाया जाएगा। बजट में 3000 ट्रेनों को अमृत भारत तकनीक से आधुनिकीकृत करने की बात कही गयी है।

अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन 22 गैर वातानुकूलित डिब्बों (11 सामान्य अनारक्षित तथा 11 स्लीपर श्रेणी कोचों वाला एक एलएचबी पुश पुल ट्रेन सेट है। बेहतर त्वरण के लिए इस ट्रेन के दोनों छोर पर 6000 अश्वशक्ति वाले दो लोको लगाये गये हैं। यह रेल यात्रियों के लिए सुंदर और आकर्षक डिजाइन वाली सीटें, बेहतर सामान रैक, उपयुक्त मोबाइल होल्डर के साथ मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, एलईडी लाइट, सीसीटीवी, सार्वजनिक सूचना प्रणाली जैसी बेहतर सुविधाएं प्रदान करता है।

## गुजरात के पोरबंदर से 80 किलो ड्रग्स जब्त

### इसकी कीमत 600 करोड़ रुपए से ज्यादा; 14 पाकिस्तानी भी गिरफ्तार

पोरबंदर। इंडियन कोस्ट गॉर्ड और गुजरात एटीएस ने रविवार को अरब सागर में भारतीय सीमा में 600 किलो ड्रग्स जब्त की है। इसकी कीमत 600 करोड़ रुपए से ज्यादा होने का अनुमान है। टीम ने ड्रग्स पैडलिंग करने वाले 14 पाकिस्तानी पैडलर्स को भी गिरफ्तार किया है।

कुछ दिनों पहले गिर सोमनाथ पुलिस ने वेरावल शहर के घाट पर बहकर आई 350 करोड़ रुपए की



नशीली दवाएं जब्त की थीं। उसके बाद से ही दिल्ली नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो , गुजरात एटीएस और अन्य केंद्रीय एजेंसियां पैडलर्स को पकड़ने के लिए ऑपरेशन चला रही थीं। इंडियन कोस्ट गॉर्ड ने बताया कि सूचना मिलने के बाद इस नाव की तलाश में रात भर ऑपरेशन चलाया गया था। गया।

**श्रद्धांजलि**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कटक जिले के सत्यभामापुर में समाज सुधारक और उत्कल सम्मिलानी के संस्थापक मधुसूदन दास को श्रद्धांजलि दी।

## गठबंधन पर दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा

### पूर्व विधायक बोले- भाजपा उन्हें टिकट देगी; लवली बोले- मैं कहीं नहीं जा रहा

नई दिल्ली। दिल्ली में लोकसभा चुनाव से ठीक 28 दिन पहले रविवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी लिखी।

4 पेज की चिट्ठी में उन्होंने लिखा- दिल्ली कांग्रेस इकाई उस पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ है, जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के आधार पर बनी थी। इसके बावजूद पार्टी ने दिल्ली में आप के साथ गठबंधन करने का फैसला किया।

सूत्रों के मुताबिक, लवली का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। जल्द ही नए अध्यक्ष की घोषणा होगी। कांग्रेस ने 31 अगस्त 2023 को लवली को अध्यक्ष बनाया था।

लवली के इस्तीफे के बाद अब पार्टी नेताओं के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। ओखला से कांग्रेस के दो बार के विधायक रह चुके आसिफ मोहम्मद खान ने कहा- पार्टी में मतभेद हो सकते हैं। अगर लवली निराश थे, इस्तीफा देना चाहते थे तो वे चुपचाप मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना इस्तीफा सौंप देते।

जिस तरह के कारणों का जिक्र उन्होंने खड़गे को भेजी चिट्ठी में किया है, अगर उनकी मंशा खराब नहीं होती तो वे चुपचाप अपना इस्तीफा दे देते। एक तरह से उन्होंने जो पत्र खुले तौर पर मीडिया को जारी किया है, वह सीधे तौर पर बीजेपी को फायदा पहुंचा रहा



है। मैं इतना कह सकता हूं कि भाजपा एक-दो दिन में हर्ष मल्होत्रा की जगह लवली को पूर्वी दिल्ली से अपना उम्मीदवार घोषित कर देगी। आसिफ मोहम्मद के इस बयान के बाद लवली समर्थकों ने मीडिया के सामने उनके साथ धक्का-मुक्की की। वहीं लवली ने कहा कि वे कांग्रेस में ही हैं, किसी और पार्टी में नहीं जा रहे।

#### संदीप दीक्षित बोले- लवली की यह एक व्यक्तिगत पीड़ा है

कांग्रेस नेता और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शिला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित ने कहा- अरविंदर सिंह लवली की यह एक व्यक्तिगत पीड़ा है। उनकी पीड़ा है कि दिल्ली में हम अपनी पुरानी साख को लाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

कांग्रेस का अध्यक्ष बनना कांटों का ताज है। इसके बावजूद पिछले 6-8 महीने में उन्होंने मेहनत करके पार्टी खड़ी की।

#### भाजपा नेता बोले- कांग्रेस में एक ही परिवार सबकुछ चलाना चाहता है

लवली के इस्तीफे पर भाजपा नेता आरपी सिंह ने कहा- कांग्रेस में सब ठीक-ठाक नहीं है।

कांग्रेस में एक परिवार ही सब कुछ चलाना चाहता है, जिससे जमीनी नेता परेशान हैं। कल तक कांग्रेस जिन लोगों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाती थी आज वे उन्हीं लोगों के साथ समझौता करके चुनाव लड़ रहे हैं। ये कैसे संभव है? लोगों को घुटन हो रही है इसलिए वे इस्तीफा दे रहे हैं।

#### आप नेता सौरभ भारद्वाज बोले- ये कांग्रेस का आंतरिक मामला

दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे पर आप नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा- कांग्रेस पार्टी हमारी गठबंधन सहयोगी है और उनकी पार्टी का यह आंतरिक मामला है।

## देवगौड़ा के बेटे-पोते के खिलाफ यौन शोषण का केस

### घर में खाना बनाने वाली महिला ने एचडी रेवन्ना और प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ शिकायत की



बेंगलुरु । देश के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना और पोते प्रज्वल रेवन्ना पर रविवार को सेक्शुअल हैरेसमेंट का केस दर्ज हुआ है। एचडी रेवन्ना कर्नाटक सरकार में पूर्व मंत्री रह चुके हैं, जबकि प्रज्वल रेवन्ना हासन लोकसभा सीट से सांसद हैं और जेडीएस उम्मीदवार भी हैं।

ये केस उनकी महिला बावर्ची की शिकायत पर होलेनरसीपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि वह एचडी रेवन्ना की पत्नी भवानी की रिश्तेदार है। जब उसने रेवन्ना परिवार में खाना बनाने का काम शुरू किया, तो उसके चार महीने बाद रेवन्ना ने उसका शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया था। वहीं, प्रज्वल उसकी बेटी को कॉल करके गंदी बातें करता था।

महिला ने अपनी शिकायत में ये भी कहा है कि उसके और उसके परिवार की जिंदगी को खतरा है। इधर, प्रज्वल रेवन्ना शनिवार सुबह जर्मनी के लिए रवाना हो गए।

#### प्रज्वल रेवन्ना का नाम सेक्स स्कैंडल में भी आया, एसआईटी जांच होगी

प्रज्वल रेवन्ना का नाम एक सेक्स स्कैंडल में भी आया है। कर्नाटक में लोकसभा चुनाव से ठीक दो दिन पहले सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो वायरल हुए। शनिवार (27 अप्रैल) को राज्य के सीएम सिद्धारमैया ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल के गठन का आदेश दिया।

सीएम ने एक्स पर लिखा, सरकार ने प्रज्वल रेवन्ना अश्लील वीडियो मामले के संबंध में एक विशेष जांच दल बनाने का फैसला किया है। हासन जिले में अश्लील वीडियो क्लिप प्रसारित हो रहे हैं, जहां ऐसा प्रतीत होता है कि महिलाएं यौन शोषित हैं। कर्नाटक राज्य महिला आयोग ने 26 अप्रैल को सीएम से मामले की जांच के लिए विशेष दल बनाने की मांग की थी।

#### मामले में एफआईआर की गई दर्ज

जेडीएस और भाजपा दोनों के चुनाव एजेंट पूर्णचंद्र तेजस्वी एमजी ने अश्लील वीडियो-फोटो के इस मामले में पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा है कि नवीन गौड़ा और कई अन्य लोगों ने प्रज्वल रेवन्ना को बदनाम करने के लिए ये अश्लील वीडियो शेयर किए हैं।

एफआईआर में कहा गया है, नवीन गौड़ा और अन्य ने वीडियो और छवियों में छेड़छाड़ की और प्रज्वल रेवन्ना को बदनाम करने के लिए हासन लोकसभा क्षेत्र में पेन ड्राइव, सीडी और वॉट्सऐप के माध्यम से अश्लील वीडियो और फोटो मतदाताओं के बीच शेयर किया। वे लोगों से प्रज्वल को वोट न देने के लिए कह रहे।

## 1 मई तक पुलिस रिमांड पर एक्टर साहिल खान

### महादेव ऐप केस में मुंबई एसआईटी ने बताया आरोपी; जगदलपुर से हुई थी गिरफ्तारी

रायपुर। महादेव ऐप केस में छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से गिरफ्तार एक्टर साहिल खान को मुंबई की कोर्ट ने 1 मई तक पुलिस रिमांड पर भेजा है। साहिल 4 दिन पुलिस कस्टडी में रहेंगे। मुंबई साइबर सेल की एसआईटी ने महादेव सट्टा ऐप मामले में साहिल को हिरासत में लिया था।

मुंबई में मेडिकल के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में पुलिस ने साहिल खान को महादेव बेटिंग ऐप में आरोपी बताया है। पुलिस ने मुताबिक साहिल ने इस ऐप को सोशल मीडिया और दूसरे प्लेटफॉर्म्स पर प्रमोट किया। साहिल के वकील के मुताबिक साहिल एक सेलिब्रिटी है, उनका रोल इसमें बिलकुल लिमिटेड है। जैसा की पुलिस ने कहा की दो हजार सिम कार्ड



और बैंक अकाउंट मिले, लेकिन एक भी अकाउंट साहिल के नाम पर नहीं है। साहिल को कोई पैसा नहीं मिला।

इन्फ्लुएंसर एग्रीमेंट के मुताबिक साहिल को 3 लाख रुपए हर महीने मिलने थे, लेकिन नही मिले। साहिल ने अपना पासपोर्ट भी जमा कर दिया है।

साहिल खान पर बेटिंग साइट चलाने और बेटिंग ऐप प्रमोट करने का आरोप है। मुंबई की माटुंगा पुलिस की महादेव बेटिंग ऐप केस की जांच में साहिल खान का नाम आया था। जिसके बाद एसआईटी ने हाल ही में साहिल से पूछताछ की थी।

मुंबई साइबर सेल ने शनिवार को साहिल खान को जगदलपुर से गिरफ्तार किया। यहां से उन्हें मुंबई ले जाया जाया गया है।

**सड़क हादसा**

### गोपालगंज में ट्रक की टक्कर से दो बसों के बीच फंसा जवान, 32 घायल

## चुनाव कराने जा रहे जवानों की बस टकराई, 3 की मौत

गोपालगंज। गोपालगंज के पुलिस लाइन से चुनाव कराने सुपौल जाने की तैयारी कर रहे जवानों के साथ बड़ा हादसा हो गया। सड़क पर खड़ी जवानों की तीन बसों को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें मौके पर पुलिस के दो जवानों की मौत हो गई। तीसरे जवान की मौत इलाज के दौरान हुई है।

हादसे में 32 जवान गंभीर रूप से घायल हैं। एक जवान दो बसों के बीच फंस गया था। साथी सिपाही ने बताया कि बस के ड्राइवर खाना खाने गए थे, इसलिए तीनों बसें खड़ी थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मारी और बाकी बसें भी आपस



में टकरा गईं। जिससे हादसा हुआ।

एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा कि घटना में हमारे 3 जवान की मौत हुई है। करीब 15 जवान घायल हुए हैं। दो लोगों को रेफर किया गया है। फिलहाल हालत सामान्य है। सभी लोग चुनाव कराने सुपौल जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार जवानों की बस सिधवलिया थाना क्षेत्र के एनएच-27 पर खड़ी थी। फिलहाल घायलों का इलाज सदर हॉस्पिटल में जारी है। मृतक जवानों के नाम पवन महतो, अशोक उरांव और दिग्विजय की मौत हो गई।

#### हमारी बस को टक्कर मारी, फिर वो दो बस से टकराई- घायल सिपाही

घायल सिपाही शंकर कुमार ने बताया कि मैं बस में ही बैठा था। नाश्ता करने रुका था तभी हादसा हो गया। तीनों बस में कंटेनर ने पीछे से टक्कर मारी है। मेरी बस में पीछे से टक्कर मारी जिसके बाद आगे की दो बस में टक्कर लग गई। दो लोग बस के बीच में फंस गए थे। अचानक लगा कि पीछे से धक्का लगा बस के शीशे टूटने लगे। हमें भागने का मौका नहीं मिला। मैं बेहोश हो रहा था, कुछ पता नहीं चला।

#### इकलौते बेटे थे डवान पवन महतो

जवान पवन महतो बेतिया जिले के बिंनवलिया गांव के निवासी थे और मां बाप के इकलौते बेटे थे। उनकी एक बेटी है। वहीं पूर्णिया के अशोक ने 28 जनवरी 2011 में बिहार पुलिस जॉइन किया था। अपने पीछे वो दो बच्चों को रोता छोड़ गए। तीन बस में कुल 108 जवान थे, जिनमें से 32 घायल हुए हैं।

## शार्ट न्यूज

### राहुल गांधी ने ओडिशा में फूंका चुनावी बिगुल

भुवनेश्वर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने रविवार को ओडिशा के सालेपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य की नवीन पटनायक सरकार पर जोरदार हमले के साथ कांग्रेस पार्टी के चुनावी अभियान का बिगुल फूंका। गांधी ने भीषण गर्मी का सामना करते हुए जाजपुर, केंद्रपाड़ा कटक और आसपास के अन्य स्थानों से एक चुनावी सभा में पहुंचे लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने श्री पटनायक पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नौकरशाह से नेता बने पांडियन (वी के पांडियन) ओडिशा में सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी और श्री पटनायक दोनों कुछ चुनिंदा लोगों के लिए क्रमशः केंद्र और ओडिशा में सरकार चला रहे हैं। जहां श्री मोदी दिल्ली से करोड़पतियों के लिए सरकार चलाते हैं, वहीं पटनायक सरकार ओडिशा के चुनिंदा लोगों के लिए काम करती है। गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बीजू जनता दल (बीजद) आपस में साझेदारी कर सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने ओडिशा के लोगों को 'पान' (इसे पांडियन, अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नवीन पटनायक के रूप में समझाते हुए) दिया।

### उत्तराखंड में पांच ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार, दो करोड़ से अधिक का ड्रग्स बरामद

देहरादून। उत्तराखंड पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की नशा उन्मूलन छापेमारी दल (एएनटीएफ) और देहरादून पुलिस ने रविवार को दो अलग-अलग स्थानों से कई करोड़ रुपए कीमत के एलएसडी ड्रग्स, हेरोइन और चरस बरामद की है। साथ ही, एक अंतरराष्ट्रीय तस्कर सहित कुल पांच नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। 'ड्रग्स फ्री देवभूमि' अभियान के अंतर्गत, एसटीएफ और पुलिस की टीमों को रविवार बड़ी सफलता मिली। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने आज बताया कि थाना प्रेमनगर को शनिवार को कुख्यात कोबरा गैंग के सदस्यों द्वारा देहरादून में हाई प्रोफाइल ड्रग एलएसडी (लिजरजिक एसिड डाइथिलएमाइड) सप्लाई किये जाने की सूचना मिली। जिस पर थानाध्यक्ष ने अपने स्तर पर तत्काल अलग-अलग टीमें गठित की। जिसने मुखबिर की सूचना पर, चैकिंग के दौरान, नंदा की चौकी, बिधोली रोड से तीन अभियुक्तों को एलएसडी के 2058 ब्लॉटस, 6 ग्राम अवैध हेरोइन तथा इलेक्ट्रॉनिक मिनी तराजू, के साथ गिरफ्तार किया गया।

### गौंडर ग्रुप का सदस्य हथियारों व हेरोइन संग गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने संगठित अपराध पर अपनी कार्रवाई तेज करते हुए रविवार को गौंडर ग्रुप के एक खूंखार गैंगस्टर को हथियारों और हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। विवरण देते हुए, पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा कि गैंगस्टर के खिलाफ पहले से ही 14 मामले लंबित थे और वह हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली और अन्य जैसे संगठित अपराध में शामिल था। उन्होंने कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि विक्की गौंडर गिरोह से जुड़ा एक गैंगस्टर शहर में सक्रिय है और जालंधर और अन्य शहरों में अवैध हथियारों की आपूर्ति सहित कई अपराधों में शामिल है। उन्होने कहा कि मुखबिर द्वारा दी गई जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, स्पेशल सेल टीम ने सुरिंदर कुमार पुत्र सोम नाथ निवासी जालंधर को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। उन्होने कहा कि सुरिंदर कुमार एक घोषित अपराधी था और इन अवैध हथियारों का उपयोग करके आगे अपराध करने की प्रतीक्षा कर रहा था।

### मानसिक स्वास्थ्य पर अंकुश लगाने को एआई प्रभावी उपकरण : विशेषज्ञ

जालंधर। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के सलाहकार डॉ. नरेश पुरोहित ने रविवार को कहा कि भारत में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बढ़ते बोझ को रोकने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक प्रभावी उपकरण हो सकता है। एसोसिएशन ऑफ स्टडीज फॉर मेंटल केयर के कार्यकारी सदस्य डॉ. पुरोहित ने 'यूनीवार्ता' से बात करते हुए कहा कि एआई न केवल लागत प्रभावी देखभाल को बढ़ावा दे सकता है बल्कि जनता तक भी पहुंच सकता है, क्योंकि इस क्षेत्र में विशिष्ट विशेषज्ञ कम हैं। उन्होंने कहा, मानसिक बीमारियों और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का प्रसार बहुत अधिक है। लेकिन इस क्षेत्र में विशेषज्ञों की संख्या बहुत कम है। और ये विशेषज्ञ भी असमान रूप से वितरित हैं। फरीदकोट स्थित बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के विजिटिंग प्रोफेसर ने बताया कि मेट्रो शहरों से परे, टियर – थ्री और फोर में, और इससे भी आगे जिला और ग्रामीण स्तरों की ओर बढ़ते हुए विशेषज्ञों की संख्या कम हो जाती है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के हालिया आंकड़ों के अनुसार, भारत में लगभग छह से सात करोड़ लोग सामान्य और गंभीर मानसिक विकारों से पीड़ित बताए गए हैं।

### खाई में गिरी कार, दो की मौत,दो घायल

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के तहत आने वाले उपमंडल ठियोग के क्यारटू में एक सड़क हादसे में एक कार खाई में जा गिरी जिससे उसमें सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हैं। यह यह कार क्यारटू के पास 150 फीट गहरी खाई में जा गिरी। कार में चार युवक सवार थे। धर्मपुर क्षेत्र की प्रधान वनिता वर्मा से बातचीत में उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात क्यारटू के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त हुई। उन्होंने बताया कि इस कार में चार युवक सवार थे जिसमें से दो युवक की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने मृतक युवक अभिषेक (23) पुत्र राजू गांव कंडी पोस्ट ऑफिस दूसरा मृतक युवक अंकुश (25) पुत्र योगेंद्र गांव शोशना पोस्ट ऑफिस धर्मपुर का रहने वाला था। दो घायल युवक दिलीप वर्मा (25) पुत्र हीरा गांव पनियाली दूसरा युवक ललित पुत्र मनोहर लाल गांव मनोग को आईजीएमसी लाया गया है। जिनका इलाज चल रहा है मृतक युवकों के शव भी आईजीएमसी ले गए हैं। पोस्टमार्टम के बाद यह सब परिवारजनों को सौंप दिए जाएंगे पुत्र हीरा गांव पनियाली दूसरा युवक ललित (24) पुत्र मनोहर लाल गांव मनोग को आईजीएमसी लाया गया है।

### चौथे चरण के चुनाव के लिए झारखंड में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू

रांची। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि चौथे चरण के चुनाव के लिए लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम लोक सभा क्षेत्र में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू हो चुका है। बीएलओ घर-घर जाकर यह कार्य कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी चाहें, तो वह बीएलओ के साथ वोटर स्लिप वितरण देखने के लिए साथ जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने शनिवार को निर्वाचन सदन, रांची, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बताया कि वोटर इनफार्मेशन स्लिप में मतदाता का नाम, बूथ संख्या और स्थान, मतदाता को मतदान के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना है तथा गूगल मैप के साथ बूथ का लोकेशन भी रहेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण के दौरान यह भी सर्वे करेगा कि कितने लोगों के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है। मतदाता को मतदान के लिए इस स्लिप के साथ वोटर आइडी कार्ड ले जाना होगा। मतदाता पहचान पत्र नहीं रहने की स्थिति में आयोग द्वारा मान्य 12 तरह के पहचान पत्र मतदान के लिए ले जाना होगा।

### सोने की तस्करी में लिप्त युवक के अपहरण के इरादे से आए छह बदमाश गिरफ्तार

चूरू। राजस्थान में चूरू जिले में बीदासर कस्बे में सोने की तस्करी में लिप्त एक युवक के अपहरण के इरादे से घूम रहे छह बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने आज बताया कि आरोपी विकास जाट (28) निवासी जुवाहरपुरा थाना रतन नगर जिला चूरु, धमेन्द्र सिंह (28) निवासी खटिकान प्याउ थाना लक्ष्मणगढ़ जिला सीकर, विकास गुर्जर (24) निवासी बसावा थाना गोठड़ा जिला झूंझूंनूं, विकास जाट (28) निवासी ढ़ाणी खिरोड़ थाना गोठड़ा जिला झूंझूंनूं, मख्खन लाल गुर्जर (30) निवासी झाझड़ थाना नवलगढ़ जिला झूंझूंनूं एवं अंकित (30) निवासी धोद थाना धोद जिला सीकर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शनिवार को गश्त के दौरान एसएचओ कैलाश चन्द यादव को सूचना मिली कि दो फॉर्च्यूनर, दो कैंपर एवं एक ब्लैक स्कॉर्पियो गाड़ी में बाहर के दिखने वाले 15-20 युवक बैठे हैं।

# स्क्रैप माफिया रवि काना ने उगले कई अधिकारियों और नेताओं के नाम

## पुलिस पूछताछ में लिए नाम, बड़े नाम सामने आने के बाद अधिकारियों ने साधी चुप्पी



ग्रेटर नोएडा। पुलिस पूछताछ में स्क्रैप माफिया रवि काना और काजल कई अहम खुलासे किए हैं। रवि ने संरक्षण देने वालों जिन लोगों के नाम बताए हैं उनमें 30 से ज्यादा अधिकारी और 40 से ज्यादा नेता और मीडियाकर्मी शामिल हैं। पुलिस ने पूछताछ का तस्करा थाने के रोजनामचे में भी डाला है। हालांकि बड़े लोगों के नाम सामने आने के बाद अधिकारियों ने इस मामले में चुप्पी साध ली है। फिलहाल अधिकारी जांच जारी होने और कानून अपना काम करेगा जैसी बातें कह रहे हैं।

रवि काना पर 30 दिसंबर 2023 को सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके एक दिन बाद ही गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। रवि की पहुंच इतनी थी कि मददगारों ने उसे पहले ही आगाह कर दिया था। यही वजह रही कि वह इन मुकदमों के दर्ज होने से पहले ही विदेश भाग गया। मुकदमे दर्ज होने के बाद पुलिस ने स्थानीय स्तर पर माफिया के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू किया। इसी क्रम में पुलिस रवि के गांव दादूपुर पहुंची। वहां पर एक बड़े नेता का छह फीट लंबा फोटो और उसमें रवि की नजदीकी देख पुलिस हैरान रह गई। अहम है कि इससे पहले रवि वर्ष 2018 में गिरफ्तार हुआ था। इसके बाद पांच साल तक वह अपराध में लिप्त रहा। इस दौरान उसे नेताओं और अधिकारियों का संरक्षण मिला। बताया जाता है कि यही वजह रही कि उसका काला कारोबार बढ़ता चला गया। यह सभी अब जांच के दायरे में है। गिरफ्तार किए जाने के बाद रवि काना को अपनी सुरक्षा का डर सता रहा है। थाना नॉलेज पार्क में पुलिस हिरासत में उसे जिस कमरे में रखा गया उसमें खिड़की भी थी। बताया जाता है कि उसने पुलिस से खिड़की के पास नहीं रखने की गुहार लगाई। उसने हमला होने की आशंका जताई। पूछताछ के दौरान रवि ने पुलिस अधिकारियों के सामने भी यही बात दोहराई।

### अदालत पहुंची मां और बहन

रवि काना और काजल झा को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया गया तो वहां पर रवि की मां और बहन के अलावा परिवार के लोग पहुंचे। हालांकि रवि परिजनों से मुलाकात नहीं कर सका।

# नोएडा एक्सप्रेसवे के किनारे बनाए जाएंगे आठ नए स्टेशन

## मेट्रो से दिल्ली जाना होगा आसान

नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की तरफ से मेट्रो नेटवर्क के विस्तार पर काम तेजी से किया जा रहा है। प्रस्तावित योजना के तहत सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक एक्वा लाइन का विस्तार होगा। एनएमआरसी ने इस विस्तार परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करके उत्तर प्रदेश सरकार से मंजूरी लेने के लिए भेज दी है। उत्तर प्रदेश सरकार से आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद इस डीपीआर को केंद्र सरकार के पास भी भेजा जाएगा।

### नई मेट्रो लाइन की कनेक्टिविटी

हालांकि, लोकसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता लागू रहने के कारण इस विस्तार परियोजना को अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। 4 जून के बाद जब आचार संहिता समाप्त हो जाएगी, तब एनएमआरसी उत्तर प्रदेश सरकार से समन्वय कर इस परियोजना को जल्द से जल्द मंजूरी दिलाने की प्रक्रिया शुरू करेगी। इस विस्तार परियोजना से नोएडा के बड़े हिस्से में रहने वाले लोगों को मेट्रो सुविधा मिलेगी। सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक इस नई मेट्रो लाइन से कनेक्टिविटी बढ़ेगी और लोगों की आवाजाही भी आसान होगी।

### 2254 करोड़ रुपया का खर्चा

NMRC के अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर 142 से बॉटनिकल गार्डन तक मेट्रो लिंक बनाने पर 2254.35 करोड़ रुपया का खर्च किए जाएंगे। इस दूरी के बीच आठ नए मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे इस मेट्रो लिंक की अनुमानित लंबाई 11.56 किलोमीटर है। इस रूट के जरिए रोजाना करीब 80 हजार मुसाफिर को फायदा होगा। इस पूरे कॉरिडोर में 8 स्टेशन होंगे। उन्होंने बताया कि ग्रेटर नोएडा से दिल्ली जाने वालों को अभी मौजूदा मेट्रो रूट पूरी तरह लाभान्वित नहीं कर पा रहा है।

# संदिग्ध हालात में पीजी निवासी बीटेक छात्र की मौत

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर अल्फा-1 के पीजी में रहने वाले बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र आशीष शर्मा (21) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। छात्र के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। हालांकि पुलिस आत्महत्या की आशंका जता रही है। जांच में पता चला है कि छात्र मोबाइल गेम पबजी खेलने का आदी था। पुलिस उसके दोस्तों और पीजी में रहने वालों से छात्रों से पूछताछ कर रही है। साथ ही उसके मोबाइल में मिले नंबरों की जांच की जा रही है।

मूल रूप से बरेली के कस्बा कंधार के निवासी आशीष शर्मा के पिता धीरपाल शर्मा सेना से सेवानिवृत्त हैं। उनके तीन बेटों में मंझला बेटा आशीष ग्रेनो के एनआईटी कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने बताया कि रविवार दोपहर को अल्फा-1 के पॉकेट डी-1 स्थित पीजी के एक कमरे का दरवाजा बंद होने की सूचना मिली। कमरे में दो अन्य छात्र भी रहते हैं, जो घटना के समय वहां नहीं थे। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर आशीष का शव पड़ा था। ऐसा लग रहा था कि जैसे उसने किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन किया था।

थाना बीटा-2 प्रभारी के मुताबिक शुक्रवार 26 अप्रैल को ही आशीष बरेली से यहां आया था। शनिवार रात करीब 1ः30 बजे उसकी घर पर भी बात हुई थी। पीजी में रह रहे अन्य छात्रों ने पुलिस को बताया कि आशीष मोबाइल गेम पबजी खेलने का आदी था। उसके शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन

## मेंटेनेंस शुल्क पर लेट पेमेंट फीस लगने का लगाया आरोप




गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रेजिडेंट्स ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। पंचशील ग्रीन्स 2 के परेशान रेजिडेंट ने बिल्डर द्वारा अनावश्यक रूप से मेंटेनेंस शुल्क पर लेट पेमेंट फी लगाए जाने का विरोध करते हुए मेंटेनेंस ऑफिस का घेराव किया और बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

रविवार को पंचशील ग्रीन्स 2 सोसाइटी में रेजिडेंट्स ने जमकर प्रदर्शन किया। सोसाइटी के लोगों ने आरोप लगाया कि मेंटेनेंस शुल्क पर लेट पेमेंट चार्ज लगाया गया है, उसको लेकर इन्होंने कई बार शिकायत की लेकिन कोई भी ठोस जवाब नहीं मिला।इसी को लेकर ये लोग इकठा होकर मेंटेनेंस ऑफिस के मैनेजर से मिले लेकिन कोई ठोस आश्वासन न मिलने के बाद नाराज लोग सोसाइटी के अंदर ही नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। लोगों की नाराजगी इस बात कर लेकर है कि मेंटेनेंस के एवज में जो पैसा जमा कर रहे हैं, उसको बिल्डर लेट पेमेंट फी में एडजस्ट कर दे रहा है एवं आए दिन लोगों के बिजली कनेक्शन बिना किसी सूचना के चुपचाप काट दे रहा है, क्योंकि निवासियों के अनाप-शनाप बैलेंस को उनके लेजर में दिखाया हुआ है, जिससे निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### तानाशाही फैसलों से निवासियों को परेशान करता रहता है

लोगों ने कहा कि बिल्डर को लोगों के घरों में लगे हुए बिजली कनेक्शन काटने का अधिकार नहीं है तथा बिजली एवं पानी को मूलभूत अधिकार देश की सर्वोच्च अदालत ने भी माना है, उसके बाद भी इस बिल्डर के ऊपर किसी का कोई खौफ नहीं है।आए दिन अपनी मनमानी एवं तानाशाही फैसलों से निवासियों को परेशान करता रहता है।

### अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन बनाने की पहल बिल्डर कर रहा

उन्होंने कहा कि लगभग 6 वर्ष बीत जाने के बाद भी ना सोसाइटी में अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन बनाने की पहल बिल्डर कर रहा है ,ना सोसाइटी मेनटेन कर रहा, उल्टा लोगों को तंग करता रहता है। बिल्डर बार-बार यह कहता है कि सोसाइटी मेंटेनेंस में उसे घाटा लग रहा है, जिसपर निवासियो का कहना है कि यदि बिल्डर को घाटा लग रहा है तो वह मेंटेनेंस छोड़कर क्यों नहीं चला जाता है? आखिर 6 साल के मेंटेनेंस की ऑडिट रिपोर्ट बिल्डर क्यों नहीं निवासियों के साथ साझा करता है?

# नेफोवा के दो सदस्यों ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

## पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए मैराथन दौड़ का प्रोकैम स्लैम हासिल किया



गौतम बुद्ध नगर। नेफोवा सदस्यों ने एक बार फिर संस्था और शहर का सिर गर्व से ऊंचा करने का मौका दिया है। नेफोवा के दो सदस्य अध्यक्ष अभिषेक कुमार और दीपक गुप्ता ने प्रोकैम स्लैम सफलतापूर्वक कंप्लीट कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। प्रोकैम स्लैम उपलब्धि के लिए किसी भी व्यक्ति को एक वर्ष के भीतर दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और बेंगलुरु में आयोजित सभी चार प्रमुख मैराथन प्रतियोगिता में भाग लेना शामिल है। जो ये चारों प्रतियोगिता को पूरा कर लेता है उसे प्रोकैम स्लैम चैंपियन का खिताब दिया जाता हैद्य नेफोवा के अभिषेक कुमार और दीपक गुप्ता बैंगलोर में दौड़ पूरा कर ये खिताब हासिल कर लिया।

अभिषेक कुमार और दीपक गुप्ता का स्वस्थ जीवन शैली और पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देने के लिए समर्पण और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ लोगों को जागरूक करने के प्रति प्रतिबद्धता एक उदाहरण बनेगी। लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति सजग होने के लिए। उनका यह कारनामा, विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के बाद, व्यक्तिगत स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए स्वच्छ परिवेश की वकालत करने वाला एक बहुत ही स्पष्ट और महत्वपूर्ण संदेश देता है स्वास्थ्य है तो सब है, पर्यावरण स्वच्छ है तो स्वास्थ्य है।

नेफोवा सदस्यों ने दौड़ और साइकिल चलाने वाले समूहों सहित विभिन्न फिटनेस गतिविधियों में सदस्यों की भागीदारी में वृद्धि के लिए कई प्रयास किए हैं। ये पहल न केवल संगठित स्वस्थ समाज के निर्माण को बढ़ावा देती हैं बल्कि व्यक्तियों के लिए अपनी भलाई को प्राथमिकता देते हुए अपने स्वास्थ्य और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान करने के लिए मंच के रूप में भी काम करती हैं।

प्रोकैम स्लैम जीतने की यात्रा कठिन थी, दोनों सदस्यों ने एक वर्ष से अधिक समय तक लगन से तैयारी की। हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने का नेफोवा का लोकाचार सालाना हजारों पेड़ लगाने की उसकी चल रही प्रतिबद्धता से प्रमाणित होता है। जिससे स्थिरता और पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की कोशिश की जाती है।

दीपांकर कुमार ने कहा कि प्रोकैम स्लैम को पूरा करने में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हमें अभिषेक कुमार और दीपक गुप्ता पर बेहद गर्व है। उनका समर्पण न केवल हमारे सदस्यों को प्रेरित करता है बल्कि सभी के लिए एक स्वस्थ और अधिक उत्कृष्ट जीवन शैली को बढ़ावा देने के नेफोवा के मिशन को भी रेखांकित करता है।

नेफोवा अपने सदस्यों और समुदाय को भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित वातावरण का पोषण करते हुए स्वस्थ जीवन से जुड़ी आदतों को अपनी जीवन शैली में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उदाहरण पेश करना जारी रखेगा।

# नोएडा में लेदर गारमेंट्स बनाने वाली कंपनी में लगी आग

एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा में रविवार तड़के आग का तांडव देखने को मिला। सेक्टर 65 के डी ब्लॉक में स्थित एक लेदर गारमेंट्स बनाने वाली कंपनी में सड़क लग गई। यह आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में इसमें पूरी कंपनी को अपनी आगोश में ले लिया। दमकल विभाग की एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

नोएडा के सेक्टर 65 के बी ब्लॉक में स्थित एक लेदर गारमेंट्स की कंपनी में सुबह-सुबह आग लग गई। यह कंपनी लेदर गारमेंट्स बनती है। रविवार सुबह इस कंपनी में आग लगी। कंपनी के दूसरे तल पर आग लगी और आग लगातार बढ़ती हुई चली गई ,कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और धु धु करके पूरी कंपनी जलनी शुरू हो गई। लेदर होने की वजह से आग ने और



ज्यादा तेजी पकड़ ली। कंपनी में मौजूद गार्ड्स ने इसकी सूचना दमकल विभाग और पुलिस को दी ।

### 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

सूचना के बाद दमकल विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची और करीब एक दर्जन गाड़ियों को आग बुझाने में लगाया गया। करीब ढाई से 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद इस आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि जिस समय कंपनी में आग लगी उस समय कंपनी बंद थी और उसमें कोई भी मौजूद नहीं था।

# आतंकवादी हमले में घायल वीडीजी सदस्य की मौत

जम्मू । जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में रविवार को एक आतंकवादी हमले में घायल विलेज डिफेंस ग्रुप (वीडीजी) सदस्य ने एक अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि वीडीजी सदस्य की पहचान लोअर पोनार बसंतगढ़ निवासी मोहम्मद शरीफ (48) के रूप में हुई है, जो उधमपुर के सांग इलाके में गोलीबारी की घटना में घायल हो गए और बाद में दम तोड़ दिया।

आतंकवादियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

पुलिस सूत्रों ने कहा,इलाके को सील कर दिया गया है और इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले पुलिस प्रवक्ता ने कहा था कि उधमपुर में आतंकवादी हमले में वीडीजी का एक सदस्य घायल हो गया।

बसंतगढ़ थाना क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर पुलिस ने उधमपुर जिले की सीमा में सुरक्षा ग्रिड सक्रिय कर दिया।

प्रवक्ता ने कहा,रविवार की सुबह, पुलिस पिकेट सांग की एक पार्टी अपने साथ वीडीजी सदस्यों को लेकर चोचरू गाला हाइट की ओर बढ़ी, जहां सुबह करीब 7ः45 बजे पुलिस पार्टी और छिपे हुए आतंकवादियों के एक समूह के बीच आमना-सामना हुआ। उन्होंने कहा कि शुरुआती गोलीबारी में जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) सदस्य घायल हो गया।

# कर्नाटक सूखा राहत को लेकर फिर जाएगा सुप्रीम कोर्ट

बेलगावी (कर्नाटक)। कर्नाटक के कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा है कि राज्य सरकार केंद्र सरकार के 3 हजार 452 करोड़ रुपये के सूखा राहत आवंटन को लेकर एक बार फिर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने कहा कि यह रकम राज्य द्वारा शुरू में अनुरोध की 18,172 करोड़ रुपये से काफी कम है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने 2023 के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हार के बाद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर कन्नडिगाओं और कर्नाटक के किसानों के हितों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों ने राज्य को 14,718 करोड़ रुपये से वंचित कर दिया है।

# हमने सभी वादे पूरे किए, डीबीटी के तहत 2.70 लाख करोड़ रुपये वितरित किए : रेड्डी

अनंतपुर (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने कहा है कि वाईएसआरसीपी सरकार ने अपने 2019 के घोषणापत्र को एक पवित्र पुस्तक मानते हुए इसके सभी वादों को पूरा किया है।

रेड्डी ने रविवार को अनंतपुर जिले के ताड़ीपत्री में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोगों से चुनाव के बाद ताड़ीपत्री निर्वाचन क्षेत्र में एक कृषि महाविद्यालय स्थापित करने का वादा किया। उन्होंने कहा, यह चुनाव सांसद और विधायक चुनने के लिए नहीं है, बल्कि उन कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने के लिए है, जो अगले पांच वर्षों में गरीबों का जीवन बदल देंगी। यदि आप



वाईएसआरसीपी को वोट देते हैं, तो सभी योजनाएं जारी रहेंगी, लेकिन यदि आप तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) को वोट देते हैं, तो बंद कर दी जाएंगी।

उन्होंने उन योजनाओं का बार-बार वादा करने के लिए तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की आलोचना की, जिन्हें लागू करना असंभव है। उन्होंने कहा कि चंद्रबाबू नायडू अपने झूठ और फर्जी वादों के साथ वापस आ रहे हैं। यह इतिहास में दर्ज किया जाएगा कि आपके बच्चे (श्री जगन मोहन रेड्डी) ने 130 बार डीबीटी बटन दबाया है और 2.70 लाख रुपये से अधिक का भुगतान सीधे लाभार्थियों के खाते में किया है। वाईएसआरसीपी सरकार द्वारा प्रदान की गई नौकरियों के बारे में बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति, पिछड़ा वर्गा (एससी/एसटी/बीसी) और अल्पसंख्यक समुदायों को लाभ पहुंचाते हुए 2.31 लाख से अधिक नौकरियां प्रदान की गई हैं।

उन्होंने कहा कि हर गांव/कस्बे में सरकार ने सचिवालय प्रणाली और स्वयंसेवी प्रणाली की मदद से घर-घर सेवाएं प्रदान कीं।

## शार्ट न्यूज

### विभाजन की सोच अब कांग्रेस को विभाजित करने लगी है : भाजपा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे को उनकी अंतरात्मा की आवाज बताते हुए आज कहा कि देश को विभाजित करने वाली सोच कांग्रेस पार्टी को ही विभाजित करने लगी है। भाजपा के भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, कांग्रेस के पास देश के लिए कोई मिशन नहीं है। उनके पास पार्टी के भीतर केवल भ्रम, विरोधाभास और विभाजन है जो अब कांग्रेस को ही विभाजित करने लगा है। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, उनका इस्तीफा उनकी आत्मा की आवाज से प्रेरित है। कारण सर्वविदित है। इसकी शुरुआत उम्मीदवारों की घोषणा के साथ हुई। वे उस व्यक्ति के साथ खड़े नहीं हो सकते जो देश को विभाजित करने की बात करता है, और दुश्मनों के साथ खड़ा है। कई लोग विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस में अब कोई राय नहीं सुनी जाती है। इसीलिए अब श्री अरविंदर सिंह लवली की अंदरूनी आवाज के कारण उनका इस्तीफा आया है।

### सुनीता केजरीवाल ने निकाला दूसरा रोड शो

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आप के पश्चिमी दिल्ली लोकसभा उम्मीदवार महाबल मिश्रा के समर्थन में पश्चिमी दिल्ली में रोड शो किया।दिल्ली लोकसभा की जनता ने जनता को संबोधित करते हुए सुनीता केजरीवाल ने कहा, आपके मुख्यमंत्री शेर हैं और वह किसी से डरने वाले नहीं। इससे पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली के कोंडली में एक रोड शो किया था। उन्होंने दिल्ली के लोगों से तानाशाही के खिलाफ वोट करने की अपील की थी। बता दें कि लोकसभा चुनाव को लेकर राजनेता प्रचार के लिए मैदान में उतरे हुए हैं। दिल्ली में भी प्रचार जोरों पर हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पश्चिमी दिल्ली में रोड शो किया। इसके बाद उनकी राजनीति में एंट्री हो गई है। यह उनका दूसरा रोड शो है। रोड शो से पहले आई लव केजरीवाल और जेल का जवाब वोट से के पोस्टर लगाए गए हैं।

### कन्हैया ने शुरू किया चुनाव अभियान

नई दिल्ली। उत्तर पूर्व दिल्ली क्षेत्र से रविवार को कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने चुनाव अभियान की शुरुआत की। उन्होंने मौजपुर में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा आप के भी कई नेता पहुंचे। इस मौके पर कन्हैया ने कहा कि छात्र जीवनकाल में पूर्वी दिल्ली में उनका निवास रहा है और कांग्रेस ने उन्हें इस क्षेत्र की जनता की सेवा करने का मौका दिया है। सभी कार्यकर्ता इकट्ठा होकर पार्टी संगठन की मजबूती के आधार स्तंभ बनकर मौजूदा केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए आवाज बुलंद करें। इधर, उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान इलाके के कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उम्मीदवारी का विरोध किया। उन्होंने स्थानीय नेता को उम्मीदवार बनाने की मांग के संबंध हाथों में तख्तियां ले रखी थीं। इसके अलावा बड़े-बड़े बैनर भी लिए हुए थे। इससे पहले भी कुछ कार्यकर्ता प्रदेश कार्यालय में उनका विरोध करने पहुंचे थे।

### गठबंधन के सिर्फ दल मिले, दिल नही

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा ने रविवार को आप-कांग्रेस गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रेसवार्ता में कहा कि इंडिया गठबंधन में सिर्फ दल मिले हैं, दिल नहीं। इस बात को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने इस्तीफा देकर साबित किया है। धीरे-धीरे ही सही, लेकिन 25 मई से पहले इंडिया गठबंधन पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। सचदेवा ने कहा कि गठबंधन को लेकर भाजपा हमेशा से एक ही बात कहती आई है कि यह सिर्फ नाम का है। गठबंधन के खत्म करने का कारण भी कांग्रेस ही है। उसने कन्हैया कुमार व उदित राज जैसे लोगों को टिकट दिया है। हर वह व्यक्ति जो देश को विकसित देखना चाहता है, वह कभी ऐसे गठबंधन के साथ नहीं होगा। लवली के इस्तीफे का संकेत तो उसी दिन मिल गया था, जब राजकुमार चौहान ने पत्र लिखा था। शीला दीक्षित इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन आप विधायकों के ट्वीट देखिए जो उन्होंने उस वक्त शीला दीक्षित के बारे में किए थे और उसी दिन साबित हो गया था कि यह सिर्फ अपनी-अपनी कुर्सी बचाने का गठबंधन है और कुछ नहीं।

### धौला कुआं में जगुआर कार ने कैब को मारी टक्कर, तीन लोग घायल

पश्चिमी दिल्ली। दिल्ली कैंट थाना इलाके में रविवार तड़के जैगुआर एक्सएफ कार चालक ने कैब को टक्कर मार दी। जिससे कैब चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज एम्स अस्पताल में चल रहा है। दिल्ली कैंट थाना पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर कार चालक को पकड़ने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली कैंट थाना पुलिस को रविवार तड़के चार बजकर 55 मिनट पर जानकारी मिली थी कि तीन वाहनों की टक्कर हो गई है और तीन लोग घायल हो गए हैं। पुलिस कर्मी जब तक मौके पर पहुंचे तब तक घायलों को अस्पताल ले जाया जा चुका था। पुलिस कर्मी अस्पताल पहुंचे तो वहां पर कैब चालक शकरपुर के हरजीत सिंह समेत तीन लोगों का इलाज चल रहा था। यह कैब उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के इंद्रापुरम के सतीश शर्मा की है। जैगुआर कार कोहाट एनक्लेव के सुशील पाहवा की है।आरोपितों को पकड़ने के लिए कई टीमें भेजी गईं हैं। उधर, द्वारका नार्थ थाना इलाके में ट्रक चालक ने ऑटो को टक्कर मार दी और फरार हो गया। इससे ऑटो चालक समेत दो लोग घायल हो गए।

### उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के नरेला में दिल्ली पुलिस का नया प्रशिक्षण केंद्र बनेगा

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के नरेला में दिल्ली पुलिस का नया प्रशिक्षण केंद्र बनेगा। साथ ही, जिला पुलिस मुख्यालय भी बनाया जाएगा। डीडीए ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को इन परियोजनाओं के निर्माण के संबंध में पत्र लिखा है। इनको लेकर जमीन भी आवंटित कर दी गई है। इसके अलावा कई अन्य कार्यालय, पुलिस प्रशिक्षण संस्थान बनाने की भी तैयारी है।दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों ने कहा कि इन सभी प्रोजेक्ट को लेकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें भी होंगी। इसमें परियोजनाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा। साथ ही सभी के निर्माण की डेडलाइन भी तय की जाएगी। नरेला में दिल्ली पुलिस के केंद्र, कार्यालय स्थापित होने से डीडीए को काफी सहयोग मिलेगा। इससे रियल एस्टेट के प्रोजेक्ट को भी लाभ मिलेगा। इसके अलावा दिल्ली पुलिस के कई अन्य कार्यालय, पुलिस प्रशिक्षण संस्थान भी नरेला में बनेगा। डीडीए के फ्लैटों के पास पुलिस पिकेट भी बनेंगी। इस जगह पर 60 से अधिक पुलिस पिकेट बनाने के लिए पुलिस को पत्र लिखा गया है।

### एटीएम में कार्ड रीडर लगाकर ठगी करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस ने एटीएम में कार्ड रीडर लगाकर ठगी करने वाले तीन बदमाशों को 26 अप्रैल को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान विशाल नेगी, अमित मेहरा और विजय कुमार के रूप में हुई है। इनके पास से पिस्तौल, तीन कारतूस, क्रेटा कार, एटीएम मशीन तोड़ने वाला उपकरण और तीन मोबाइल बरामद किए गए हैं।पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि 19 अप्रैल की शाम 7 बजे हौज खास के गौतम नगर में एक एटीएम मशीन को तोड़ने की कोशिश के दौरान पकड़े जाने पर फायरिंग करने की सूचना मिली। मौके पर मिले लोगों ने बताया कि दो बदमाश एटीएम तोड़ रहे थे उन्हें लोगों ने रंगहाथ पकड़ लिया, जिसके बाद दोनों बदमाशों ने लोगों पर फायरिंग कर दी और वहां से फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। इंस्पेक्टर उमेश यादव की टीम को भी जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की जिससे पुलिस को तीन संदिग्ध लोगों की फोटो मिले। फुटेज में एक फर्जी नम्बर की कार भी दिखाई दी।

# 'आप' ने चुनाव आयोग को भाजपा का राजनीतिक हथियार करार दिया

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने भाजपा का राजनीतिक हथियार बनकर पार्टी के कैंपेन गीत पर रोक लगा दी है।

'आप' की वरिष्ठ नेता आतिशी ने आज कहा, भाजपा का राजनीतिक हथियार बन चुकी चुनाव आयोग आप के कैंपेन गीत जेल का जबाव, वोट से देंगे पर रोक लगाई है। ऐसा सिर्फ़ तानाशाह सरकारों में ही विपक्षी पार्टियों को प्रचार करने से रोका जाता है। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अरविंद केजरीवाल और आम आदमी



पार्टी से डर लगता है इसका सबूत उन्होंने देश के सामने रख दिया है।

आतिशी ने कहा कि यह सब सिर्फ़ तानाशाही सरकार में होता है जहां विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल दिया जाता है, विपक्षी पार्टियों को प्रचार करने से रोक दिया जाता है। और आज भाजपा के एक और राजनीतिक हथियार, चुनाव आयोग ने इसे साबित कर दिया है। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने एक पत्र के माध्यम से आम आदमी पार्टी के कैंपेन गीत पर रोक लगा दी है। यह भारत के इतिहास में पहली बार होगा जब किसी पार्टी के कैंपेन गीत पर चुनाव आयोग ने रोक लगा दी होगी। जब भाजपा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का प्रयोग करके आचार संहिता के दौरान विपक्ष के नेताओं को जेल में डालती है तो चुनाव आयोग को कोई आपत्ति नहीं होती है लेकिन आम आदमी पार्टी इसे गाने का रूप दे देती है तो चुनाव आयोग को बहुत आपत्ति हो जाती है। 'आप' नेता ने कहा कि भाजपा तानाशाही करें वह सही है लेकिन उस तानाशाही के बारे में कोई प्रचार करे तो वह ग़लत है। 'आप' कैंपेन गीत में कहीं पर भी भाजपा का नाम नहीं है लेकिन चुनाव आयोग को लगता है कि अगर आप तानाशाही की बात करते हैं तो यह सत्ता में बैठी पार्टी की आलोचना है।

## कार डीलर के शोरूम पर बदमाशों ने चलाई गोली

नई दिल्ली। मौर्या एंक्लेव इलाके में शनिवार शाम स्कूटी सवार बदमाशों ने कार डीलर के शोरूम पर ताबड़तोड़ गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली किसी को लगी नहीं। शोरूम मालिक के बयान पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लेकर बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार शाम करीब साढ़े पांच बजे रोहिणी अदालत के पास बने एक कार शोरूम पर गोली चलने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। साथ ही क्राइम और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुला लिया गया। शोरूम के बोर्ड पर गोली के निशान थे। पुलिस को मौके से तीन खोखे मिले हैं। पुलिस ने शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, जिसमें स्कूटी सवार दो बदमाश शोरूम पर गोली चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। नकाबपोश बदमाशों ने तीन गोली चलाई थी। स्कूटी चालक ने हेलमेट पहन रखा था जबकि गोली चलाने वाला बदमाश अपने चेहरे को कपड़े से ढक रखा था। पुलिस को आशंका है कि रंगदारी मांगने के लिए ही बदमाशों ने शोरूम पर गोली चलाई है।

## कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी मिली नवविवाहिता

नई दिल्ली। अमन विहार इलाके में शनिवार को एक नवविवाहिता की ससुराल में संदिग्ध हालत में मौत हो गई। वह अपने कमरे में फंदे से लटकी हुई मिली। मृतका की शिनाख्त विपाशा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने ससुराल वालों पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए रविवार को संजय गांधी अस्पताल के पास सड़क जाम कर जमकर हंगामा कर दिया। जिन्हें पुलिस ने समझा बुझाकर शांत करवाया।

मामले की जांच एसडीएम कर रहे हैं। एसडीएम ने पीड़ित परिजनों का बयान दर्ज किया है।

विपाशा अपने परिवार के साथ अमन विहार इलाके में रहती थी। अमन विहार निवासी उसके पिता राजेंद्र ने बताया कि चार माह पहले उन्होंने अपनी बेटी की शादी इसी इलाके में रहने वाले हरिकृष्ण से की थी। राजेंद्र का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसकी बेटी को परेशान करने लगे। उन लोगों ने पति और ससुराल वालों को समझाने की कोशिश की।

राजेंद्र का आरोप है कि 26 अप्रैल को ससुराल वालों ने उनकी बेटी के साथ मारपीट की। इस बात की जानकारी मिलने के बाद वह बेटी के ससुराल पहुंचे, लेकिन ससुराल वालों ने बेटी को उनके साथ आने नहीं दिया। उन लोगों ने बेटी को ले जाने पर रिश्ता खत्म करने की धमकी दी।

मृतका की मां ने बताया कि शनिवार को ससुराल वालों ने बताया कि विपाशा घर छोड़कर चली गई है। आधे धंटे बाद हरिकृष्ण के पिता ने फोन कर विपाशा के पिता को फोन कर घर आने के लिए कहा।

वहां पहुंचने पर पता चला कि विपाशा ने खुदकुशी कर ली है। उसने पंखे से फंदा लगा रखा था। पुलिस ने मामले की छानबीन करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### गाड़ी चलाते हुए मोबाइल चलाने के मामले बढ़ रहे हैं दिल्ली में

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि इस महानगर की सड़कों पर वाहन चलाते हुए मोबाइल पर बात करने के मामले जिस तेजी से बढ़ रहे हैं वह परेशानी का मामला है।पुलिस ने इस साल इस तरह के उल्लंघनों के मामले में ढाई गुना चालान किए हैं। दिल्ली पुलिस ने रविवार को बताया कि उसने इस वर्ष जनवरी से 15 अप्रैल के बीच यातायात नियमों के इस तरह के मामलों में 15846 चालान काटे।पिछले वर्ष इसी अवधि में वाहन चलाते हुए मोबाइल चलाने के मामलों में 6369 चालान किए गए थे। पुलिस के आंकड़ों के अनुसार राजधानी में वाहन चलाते हुए मोबाइल पर बात करने के मामले में वर्ष 2024 के पहले साढ़े तीन महीना में 149 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि वाहन चलाते हुए फोन चलाना सड़क सुरक्षा के लिए घातक है। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि राजधानी में इस तरह के मामलों की वृद्धि परेशान करने वाली है और इसीलिए उसने इसके खिलाफ अभियान चला रखा है।

## दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने लाल किला पर 'दिल्ली फतह दिवस' मनाया

नयी दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने रविवार को सिख सेनापति बाबा बघेल सिंह, बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया और बाबा जस्सा सिंह अहलूवालिया की दिल्ली पर वर्ष 1783 में हुई जीत के उपलक्ष्य में लाल किला पर 'दिल्ली फतह दिवस' मनाया।



इस समारोह में समिति के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह असंध, धर्म प्रचार समिति के अध्यक्ष बाबा बलजीत सिंह दादूवाल, सिंह साहिब पंथ रतन बाबा बलबीर सिंह प्रमुख पंथ अकाली दल बुड्ढा दल 96 करोड़ी, बाबा कश्मीर सिंह भूरी वाले, बाबा मनमोहन सिंह बारन वाले, बाबा मेजर सिंह सोढ़ी शिरोमणि दशमेश तरना दल, बाबा बलदेव सिंह वल्लाह वाले, रिकी सिंह हजूर साहिब वाले, बाबा सुरिंदर सिंह और बाबा सतनाम सिंह, बाबा सुखदेव सिंह मुख्य वक्ता दमदमी टकसाल, बाबा गुरप्रीत सिंह खडूर साहिब वाले, बाबा सेवा सिंह कार सेवा वाले, बाबा लक्खा सिंह नानकसर वाले, बाबा सुखजीत सिंह फिरोजपुर वाले सहित कई संत महापुरुष और गणमान्य शख्सियत उपस्थित रहें।

कार्यक्रम में रागी सिंहों के विभिन्न जत्थों ने कीर्तन किया ।

इस अवसर पर श्री कालका और श्री काहलों ने कहा कि सन् 1783 में बाबा बघेल सिंह, बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया और बाबा जस्सा सिंह अहलूवालिया के नेतृत्व में शाह आलम द्वितीय को दिल्ली में पराजित किया गया और दिल्ली में गुरु साहिबान की शहादत और अन्य स्थलों को चिह्नित कर उनकी कार सेवा प्रारंभ की गई।

इन सेनापतियों के नेतृत्व में सिख सेना 10 महीने तक दिल्ली में रही, जिसकी बदौलत दिल्ली में गुरुद्वारा शीशगंज साहिब, गुरुद्वारा बंगला साहिब और ?अन्य गुरुधाम हैं।

## केजरीवाल को गिरफ्तारी कर विपक्ष की आवाज दबाई जा रही : आप

**नई दिल्ली।** आप ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर विपक्ष की आवाज को दबाने का आरोप लगाया है। रविवार को आप मुख्यालय में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल द्वारा गिरफ्तारी को दी गई चुनौती वाली याचिका पर सुनवाई होनी है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक हलफनामे के जरिये अपना पक्ष रखा है। हलफनामे में कहा गया है कि देश के सबसे बड़े चुनाव के दौरान राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष को झूठे मुकदमे में गिरफ्तार किया गया है।

जांच एजेंसियों का काम होता है सच्चाई को कोर्ट के सामने रखना,



लेकिन सीबीआई और ईडी ने जो साक्ष्य रखे हैं, उसमें अगर एक लाख पन्नों के दस्तावेज सीबीआई और ईडी को मिले, तो इसमें से 80 हजार पन्नों के दस्तावेज को कोर्ट के सामने नहीं रखा गया।

इसमें मुख्यमंत्री के पक्ष की बात थी। मुख्यमंत्री के खिलाफ गलत तरीके से गवाहियां ली गई हैं। इन तथ्यों को कोर्ट में रखा गया है। हमें यकीन है कि देश में प्रजातंत्र को बचाने के लिए और चुनाव प्रणाली की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट केजरीवाल को चुनाव प्रचार करने की अनुमति जरूर देगा। भारद्वाज ने कहा कि लगभग 2 साल से ईडी और सीबीआई इस मामले में जांच कर रही हैं। दर्जनों नोटिस ईडी और सीबीआई द्वारा जारी किए जा चुके हैं, लेकिन केजरीवाल के खिलाफ एक भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। केजरीवाल विपक्ष की मुखर आवाज है। यदि वह जेल के बाहर होते तो इंडिया गठबंधन के सभी पार्टियों के लिए प्रचार के लिए जाते।

### राजनगर एक्सटेंशन में बंगाली नववर्ष मनाया गया

गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन बंगाली एसोसिएशन ने आशियाना क्लब हाउस में बंगाली नव वर्ष 1431 हर्षोल्लास के साथ मनाया। समारोह में राज नगर एक्सटेंशन में रहने वाले बच्चों ने बंगाली सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों और युवाओं द्वारा समूह नृत्य व गीच के साथ हुई। महिलाओं और बच्चों द्वारा रवींद्रनाथ टैगोर की कविताओं का पाठ किया गया। आरएनईबीए के अध्यक्ष अनुपम मुंशी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से उनके सभी कार्यक्रम बच्चों और युवाओं द्वारा संभाले जाते हैं ताकि हम अपनी संस्कृति को आने वाले लोगों तक पहुंचा सकें।

### बड़ी मात्रा में मांगने के आधार पर सूचना देने से नहीं कर सकते इनकार : दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने माना है कि कोई प्राधिकारी सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई अधिनियम) के तहत इस आधार पर जानकारी देने से इनकार नहीं कर सकता कि बड़ी मात्रा में जानकारी मांगी गई है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि यदि न्यायालय इस तर्क को स्वीकार करता है, तो यह आरटीआई अधिनियम की धारा-आठ के तहत कोई और छूट जोड़ने के समान होगा। अदालत ने कहा कि प्रतिवादी आरटीआइ आवेदनकर्ता द्वारा मांगी गई जानकारी अधिनियम की धारा-आठ में निहित किसी भी छूट के अंतर्गत नहीं आती है। अदालत ने नोट किया कि याचिका में प्रतिवादी द्वारा मांगी गई जानकारी उपलब्ध न कराने का एकमात्र कारण ज्यादा जानकारी मांगना बताया गया। यह भी कहा गया है कि अधिकारियों के लिए प्रतिवादी द्वारा मांगी गई जानकारी प्रदान करना संभव नहीं है। अदालत ने उक्त टिप्पणी करते हुए भारतीय विदेश व्यापार संस्थान द्वारा केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। इसमें कमल जीत छिब्बर द्वारा मांगी गई पूरी और स्पष्ट जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया गया था। सीआईसी ने 25 दिसंबर 2015 और 25 जनवरी 2016 को दो आदेश पारित किए गए थे। पहले आदेश में आयोग ने आइआइएफटी को छिब्बर को रिकॉर्ड का निरीक्षण करने की अनुमति देने का आदेश दिया। हालांकि, जनवरी 2016 के आदेश में आयोग ने संस्थान को उनके द्वारा उठाए गए सभी 27 बिंदुओं पर स्पष्ट जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया।

## गाजियाबाद में बिजली का खंबा तोड़कर डिवाइडर पर चढ़ी कार

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना कविनगर इलाके में आरडीसी फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार कार बिजली का खंबा तोड़ते हुए डिवाइडर पर चढ़ गई। डिवाइडर तोड़कर कार दूसरी तरफ सड़क पर पहुंच गई। बताया जा रहा है इस कार को पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मारी थी। हादसा इतना भीषण था की डिवाइडर का मलबा सड़क पर फैल गया। ग़नीमत यह रही के कार फ्लाईओवर से नीचे नहीं गिरी।

गाजियाबाद में एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया शनिवार रात करीब 11: 00 बजे आरडीसी फ्लाईओवर पर आरडीसी गाजियाबाद की तरफ उतर रही एक स्विफ्ट कार को पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्विफ्ट कार बिजली के खंभे को तोड़ते हुए डिवाइडर पर चढ़ गई।

कार को आनंद सिंह नाम का व्यक्ति चला रहा था। जिसको हलकी-फुलकी चोट आई है। जिस वाहन ने कार में टक्कर मारी उसकी शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। वहीं कार सड़क के दूसरी तरफ पहुंच गई। साथ ही डिवाइडर का मलबा भी फैल गया।

## व्यापारी को बंधक बनाकर करोड़ों वसूलने वाला आरोपी गिरफ्तार

### गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने की गिरफ्तारी, 6 महीने के बाद दबोचा गया

गाजियाबाद। गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने 50 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। इस बदमाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर अक्टूबर 2023 में दिल्ली के एक व्यापारी को राजनगर एक्सटेंशन में बंधक बनाकर करोड़ों रुपए वसूले थे। इतना ही नहीं व्यापारी को छोड़ते समय एडवांस चेक भी लिए थे और जान से मारने की धमकी दी थी।

गाजियाबाद क्राइम ब्रांच में 50000 के इनामी बिजेंद्र त्यागी जो कि सहारनपुर का रहने वाला है उसको गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक 14



अक्टूबर 2023 को बिजेंदर त्यागी ने अपने साथियों के साथ मिलकर जनकपुरी दिल्ली निवासी शशांक शर्मा को राजनगर एक्सटेंशन के सुपर विलेज में एक फ्लैट में बुलाया था। यहां शशांक शर्मा को असलहे के बल पर बंधक बनाकर मारपीट की थी। शशांक शर्मा और उसके परिवार को जान से करने की धमकी देकर 6 करोड़ की फिरौती मांगी गई थी। जिस पर शशांक शर्मा ने दिल्ली के रहने वाले अपने दो दोस्तों से दो करोड़ 75 लख रुपए इस गैंग को दिए थे।

गैंग ने शशांक शर्मा से हर महीने 10 लाख रुपए महीने देने की बात की थी। साथ ही मारपीट करके शशांक शर्मा से लिखवाया था कि उसने 3 करोड रुपए दे दिए हैं और बाकी के चेक दे दूंगा। इस गैंग ने धमकी दी थी कि अगर पुलिस या किसी को बताया तो व्यापारी और उसके परिजनों को मार देंगे। इसी क्रम में पुलिस ने इस गैंग के बिजेंद्र त्यागी को मेरठ मोड थाना नंदग्राम से गिरफ्तार किया है।

## तीन चुनाव में साढ़े पांच लाख मतदाता बढ़े फिर भी मत प्रतिशत घट रहा

गाजियाबाद। गाजियाबाद लोकसभा सीट पर पिछले तीन चुनाव में साढ़े पांच लाख से ज्यादा मतदाता बढ़े हैं। इसके बावजूद मतदान प्रतिशत बढ़ने की बजाय घट गया। इस लोकसभा सीट पर वर्ष 2019 में 55.83 फीसदी मतदान रहा। जबकि वर्ष 2014 में यह आकंड़ा 56.96 फीसदी का था। इस बार सबसे कम 49.87 फीसदी मतदान रहा। प्रशासन के लिए घटता मतदान प्रतिशत चिंता का विषय बनता जा रहा है।गाजियाबाद लोकसभा सीट लोनी, साहिबाबाद, गाजियाबाद, मुरादनगर और धौलाना विधानसभा मिलकर बनी है। इन पांचों विधानसभा में कुल 29,45,487 मतदाता हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में 27,15,871 वोटर थे। 2014 में मतदाताओं की संख्या 23,57,546 थी। पिछले तीन लोकसभा चुनाव में 5,87, 941 मतदाता बढ़ गए। प्रशासन को वर्ष 2014 के चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद थी, लेकिन 56.96 फीसदी से ज्यादा मतदान नहीं हो सका। इसी तरह वर्ष 2019 के चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ने के बजाय घटकर 55.83 फीसदी रह गया।इस बार प्रशासन ने मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए काफी प्रयास किए। इसके लिए जगह-जगह जागरूक कार्यक्रम कराए गए। कॉलेजों में कार्यक्रम कर युवाओं को वोट डालने के अधिकार के बारे में समझाया गया। प्रशासन को उम्मीद थी इस चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। लेकिन इस बार सबसे कम 49.86 फीसदी मतदान रहा। यानी की प्रशासन की अपील का कोई असर दिखाई नहीं दिया। ऐसे में लोग सवाल उठा रहे हैं कि 29 लाख से ज्यादा वाली सीट पर आधे मतदाता भी वोट नहीं डाल रहे हैं। इस पर प्रशासन द्वारा कराए जा रहे जागरूक कार्यक्रम पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में दस लाख से ज्यादा वोटर हैं। इसके बावजूद मत प्रतिशत सबसे कम है। हर चुनाव में मतदान प्रतिशत कम हो रहा है। हालांकि इस बार प्रशासन ने क्षेत्र में कई जगह जागरूक कार्यक्रम चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया।

### राजीव कॉलोनी में जलभराव होने से दिक्कत

ट्रांस हिंडन। साहिबाबाद की राजीव कॉलोनी में नालियों का गंदगी से बुरा हाल हैं। नियमित सफाई नहीं होने से कॉलोनी में गंदगी फैल रही है। नालियों में सिल्ट जमने के कारण पानी आगे नहीं जा पा रहा है। आरोप है कि 10 दिन से नालियों की सफाई न किए जाने से समस्या बढ़ रही है। इससे कॉलोनी में दुर्गंध फैल रही है। गंदगी के कारण खुली हवा में सांस लेना मुश्किल हो गया है। निगम को शिकायत के बाद भी नहीं की कोई कार्रवाई नहीं हुई है।राजीव कॉलोनी निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि गंली नंबर एक में लगभग पांच सौ लोग रहते हैं। गली छोटी होने के कारण कूड़ा लेने वाली गाड़ी अंदर नहीं जा पाती है। इस कारण लोग रास्ते में ही कूड़ा फेंक देते हैं। सफाई कर्मी भी नियमित रूप से नहीं आते, जिस कारण कूड़ा उड़कर नालियों में चला जाता है। नालियां चोक होने पर गंदा पानी गली में बहने लगता है। स्थानीय निवासी नंदलाल ने बताया कि कॉलोनी में पिछले दस दिन से सफाई नहीं हुई है। नालियों में सिल्ट जमने के कारण पानी आगे नहीं जा पा रहा हैं।

## संपादकीय

# गर्मी के मौसम में बिजली की बढती मांग

गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ने के कारण विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की चुनौती उत्पन्न हो सकती है। गर्मियों में तापमान बढ़ने से एयर कंडीशनर, कूलर, पंखों, और अन्य बिजली उपकरणों के उपयोग में वृद्धि होती है। यह बिजली की अधिक मांग को जन्म देता है।

### गर्मियों में बिजली की मांग के कारण

**तापमान वृद्धि :** गर्मियों में तापमान बढ़ने से लोगों को ठंडक की आवश्यकता होती है। इसलिए एयर कंडीशनर, कूलर, और पंखों का उपयोग बढ़ जाता है।

**पानी की कमी :** गर्मियों में पानी की कमी के कारण पानी के पंपों का उपयोग अधिक होता है, जिससे बिजली की मांग बढ़ती है।

व्यावसायिक और औद्योगिक गतिविधियाँ- गर्मियों में पर्यटन, मनोरंजन, और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में वृद्धि होती है, जिससे बिजली की मांग बढ़ती है।

**कृषि गतिविधियाँ :** गर्मियों में खेती और सिंचाई के लिए बिजली की आवश्यकता होती है, जिससे मांग बढ़ती है।

### गर्मियों में बिजली की मांग का प्रभाव

**बिजली की आपूर्ति में कमी :** मांग बढ़ने से बिजली की आपूर्ति में कमी हो सकती है, जिससे बिजली की कटौती हो सकती है।

**बिजली के दामों में वृद्धि :** मांग बढ़ने से बिजली के दाम बढ़ सकते हैं, जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ पड़ सकता है।

**पर्यावरण पर प्रभाव :** बिजली उत्पादन के लिए जीवाश्म ईंधन का अधिक उपयोग होता है, जिससे प्रदूषण बढ़ता है।

**ऊर्जा संरक्षण :** लोगों को ऊर्जा संरक्षण के उपायों को अपनाना चाहिए, जैसे कि ऊर्जा बचाने वाले उपकरणों का उपयोग।

**सौर ऊर्जा का उपयोग :** सौर ऊर्जा जैसे वैकल्पिक स्त्रोतों का उपयोग बढ़ाने से बिजली की मांग को नियंत्रित किया जा सकता है।

**ग्रिड प्रबंधन :** बिजली वितरण ग्रिड के प्रभावी प्रबंधन से बिजली की आपूर्ति को संतुलित किया जा सकता है।

**उपभोक्ता जागरूकता :** उपभोक्ताओं को बिजली की बचत और सही उपयोग के बारे में जागरूक करना महत्वपूर्ण है।

**बिजली भंडारण :** बिजली भंडारण तकनीकों का उपयोग कर बिजली की मांग के समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है।

गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ने के कारण विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

इसके प्रभाव को कम करने के लिए ऊर्जा संरक्षण, वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग, और उपभोक्ता जागरूकता महत्वपूर्ण हैं। बिजली की मांग को नियंत्रित करने के लिए इन उपायों को अपनाना चाहिए, ताकि भविष्य में भी बिजली की स्थिरता सुनिश्चित की जा सके।

# कचरे की रीसाइक्लिंग

रीसाइक्लिंग न केवल पर्यावरण के लिए, बल्कि अर्थव्यवस्था के लिए भी अच्छा है। भारत में सामग्री रिकवरी का बाजार प्रति वर्ष 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और 2024 तक इसके 537.2 लाख डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

देश में कचरा या अपशिष्ट प्रबंधन एक बहुत बड़ी समस्या है। दिल्ली और मुंबई जैसे महानगर भी इस समस्या से ग्रस्त हैं। दिल्ली के बाहरी इलाके में कई जगह कूड़े-कचरे के पहाड़ देखे जा सकते हैं। लेकिन यह ऐसी समस्या नहीं है कि इसे हल नहीं किया जा सकता है। अब कचरा प्रबंधन एक बहुत बड़ा व्यवसाय बन गया है। सिंगापुर और इंदौर जैसे कुछ शहरों में सुनियोजित तरीके से कचरे का प्रबंधन किया जाता है। दिल्ली सरकार चाहे तो सिंगापुर से कचरा प्रबंधन की सीख ले सकती है।

सिंगापुर जैसे देश में भी कचरा प्रबंधन की चुनौती थी। देश की बढ़ती आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने इस दिशा में मुश्किल खड़ी कर दी थी। वर्ष 2016 में एक दिन में रिकॉर्ड 8,559 टन कचरा इकट्ठा किया गया था। वहीं 2019 में 72 लाख टन से अधिक ठोस कचरा पैदा हुआ। इसमें से 29.5 लाख टन कचरे को रीसाइकल नहीं किया जा सका। यह कचरे की एक बड़ी मात्रा थी, जिसे सावधानीपूर्वक और कुशलता से प्रबंधित करने की जरूरत थी। पर अब सिंगापुर ने इस समस्या को हल करने का एक आसान तरीका खोज लिया है।

सिंगापुर में राष्ट्रीय पर्यावरण एजेंसी (एनईए) सभी सामान्य और खतरनाक कचरे की देखरेख करती है। कचरा इकट्ठा करने के बाद उसे एक भस्मीकरण संयंत्र में एक हजार डिग्री सेल्सियस तापमान पर जलाया जाता है। जलने के बाद जो राख बचती है, उसे ऐसे पानी में बहाया जाता है, जो समुद्र में न मिलता हो। इसके अलावा रीसाइक्लिंग का भी विकल्प है, लेकिन सभी सामग्रियों को रीसाइकल नहीं किया जा सकता है, जैसे पॉलीस्टाइनिन। यही बात खाद बनाने पर भी लागू होती है, क्योंकि केवल जैविक सामग्री, जैसे भोजन और पेड़ के स्क्रैप से ही खाद बनाई जा सकती है। इसलिए भस्मीकरण को सबसे अच्छा उपाय माना जाता है। कचरों को जलाने के क्रम में निकलने वाली जहरीली गैस को वैज्ञानिक तरीके से छान लिया जाता है, जिससे वायु प्रदूषण भी नहीं होता। कचरे के दहन से उत्पन्न गर्मी का उपयोग बिजली उत्पादन में किया जाता है। यहां के लोग खुद ही कागज, प्लास्टिक और कांच के कचरे को रीसाइकल करते हैं।

भारत में 75 प्रतिशत पुनर्नवीकृत करने योग्य कचरे के केवल 30 प्रतिशत का ही पुनर्नवीनीकरण हो पाता है। इसलिए अपशिष्ट प्रबंधन व्यवसाय में विकास की काफी संभावना है। कई उद्यमी कचरे के प्रबंधन और इसे महत्वपूर्ण संसाधनों में बदलने के नए तरीकों के बारे में सोच रहे हैं। बढ़ते घनत्व और तेजी से औद्योगिकीकरण के कारण बड़ी मात्रा में जहरीले और गैर-खतरनाक कचरा उत्पन्न होते हैं। कचरे में कई तरह की वस्तुएं होती हैं। इनमें प्लास्टिक से बनी बोतलें, प्लास्टिक से बनी फिल्में, फोम और कठोर प्लास्टिक रेशे तथा अन्य चीजें शामिल हैं। कुछ नगर पालिकाएं और निगम सामान्य उपयोग के लिए लेबल वाले कंटेनरों को खुले में रखकर आवासीय और वाणिज्यिक ग्राहकों के लिए रीसाइक्लिंग डिब्बे उपलब्ध कराकर रीसाइक्लिंग को सरल बनाते हैं। पुनर्चक्रण के अनगिनत फायदे हैं और अधिक से अधिक चीजों को पुन: उपयोग लायक बनाकर हम अपने ग्रह को साफ करने में मदद कर सकते हैं।

रीसाइक्लिंग न केवल पर्यावरण के लिए, बल्कि अर्थव्यवस्था के लिए भी अच्छा है। भारत में सामग्री रिकवरी का बाजार प्रति वर्ष 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और 2024 तक इसके 537.2 लाख डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय रीसाइक्लिंग निर्माता उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। देश में इस समय कचरे की रीसाइक्लिंग प्रबंधन की दस कंपनियां हैं। इनकी प्रमुख सेवाओं में अपशिष्ट संग्रह, पुनर्चक्रण, निष्कासन और खतरनाक रसायनों का संग्रह, ढुलाई, प्रसंस्करण, प्लास्टिक पुनर्चक्रण और विनाश, कंटेनर किराये पर लेना और सुरक्षा एजेसिंया शामिल हैं। अपशिष्ट संग्रह, छंटाई, निपटान और पुनर्चक्रण को संभालने वाली फर्मों के पास यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपकरण हैं कि कचरे का ठीक से निपटान किया जाए। संग्रहीत कचरे को या तो रीसाइकल किया जाता है या खाद बनाई जाती है। यह कार्बन उत्सर्जन को कम करके पृथ्वी एवं पर्यावरण को बचाता है।

# सियासत के संग्राम में नारों का जोर-शोर

**अजय कुमार**




1977 में जननायक जयप्रकाश नारायण ने कांग्रेस के ख़िलाफ़ चुनाव में इंदिरा हटाओ, देश बचाओ का नारा दिया था। उस साल जनता पार्टी ने कांग्रेस को हराकर जीत हासिल की और इसमें इस नारे का बहुत बड़ा हाथ था।

चुनाव के बनते-बिगड़ते समीकरणों के बीच चुनावी नारे खूब रंग जमाते रहे हैं। शुरुआती चुनाव से मौजूदा दौर तक चुनावी नारे सियासी दलों की विचारधारा की तस्वीर को जनता के बीच साफ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। इन्हीं नारों की पतवार के सहारे कई पार्टियों की नैया भी पार लगी है तो कई बार कुछ नारे जमीदोज भी हो गये। अब तो चुनावी नारों के साथ-साथ राजनीतिक विरोधियों पर हमला करने से लेकर मतदाताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने तक, लोकप्रिय बॉलीवुड फिल्मों के कई हास्य तत्वों सहित रंगीन मीम्स की सोशल मीडिया पर बाढ़ भी देखने को मिलती है, इंस्टाग्राम से लेकर एक्स तक, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चुनावों से पहले राजनीतिक बढ़त के लिए कड़वे पोस्टर युद्ध और यहां तक कि कड़वे मीम की लड़ाई भी देखी जा सकती है। मतदाताओं, विशेषकर युवा और पहली बार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए मीम्स का इस्तेमाल किया है, जो कई बार विचित्र होते हैं।

लोकसभा चुनाव में सबसे पहला लोकप्रिय नारा सन 1971 के आम चुनाव में गरीबी हटाओ रहा। इस नारे की गूंज गली-गली तक रही और इंदिरा गांधी को लोगों ने हाथों हाथ लिया था। असल में 1967 में जब इंदिरा गांधी चुनाव मैदान में उतरीं तो उस दौरान कांग्रेस का नारा सरकार बनाना खेल नहीं, इस दीपक में तेल नहीं सियासी फिजाओं में खूब गूंजा था, लेकिन 1971 में गरीबी हटाओ नारे के साथ इंदिरा गांधी ने लोगों से भावनात्मक रिश्ता कायम करने में सफलता हासिल की। आम लोगों के दिल को छूने वाला यही नारा एक बड़ा मुद्दा बन गया। चुनाव प्रचार के दौरान इंदिरा गांधी लोगों से कहती थीं कि वह कहते हैं कि इंदिरा हटाओ, हम कहते हैं गरीबी हटाओ। इसी पर इंदिरा के समर्थन में एक और नारा लोकप्रिय हुआ...जात पर न पात पर, इंदिरा जी की बात पर, मुहर लगेगी हाथ पर।

1977 में जननायक जयप्रकाश नारायण ने कांग्रेस के ख़िलाफ़ चुनाव में इंदिरा हटाओ, देश बचाओ का नारा दिया था। उस साल जनता पार्टी ने कांग्रेस को हराकर जीत हासिल की और इसमें इस नारे का बहुत बड़ा हाथ था। 1996 और 1998 के चुनावी मैदान में राजतिलक की करो तैयारी आ रहे अटल बिहारी को खूब लोकप्रियता मिली, लेकिन इसके बाद हुए आम चुनाव में बीजेपी का इंडिया शाइनिंग नारा पूरी तरह से धाराशायी हो गया था। इसी चुनाव में समाजवादी पार्टी का मुलायम तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं भी खूब गूंजा था। 2014 से 2019 लोकसभा चुनाव में हर-हर मोदी और मोदी है तो मुमकिन है का नारा भी चुनावी रणक्षेत्र में खूब गूंजा। भाजपा की हर रैली में इस नारे का शोर रहा। इसका असर यह रहा कि 2014 में भाजपा का वोट प्रतिशत तेजी से बढ़ा।

आज की तारीख में लोकसभा चुनाव के लिए नारों का शोर गली-मोहल्लों में भले ही न सुनाई दे रहा हो, लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंच बना रहे हैं। इनका असर पहले से अधिक प्रभावी है। आजादी के बाद हुए आम चुनाव से अभी तक नारों के तेवर ने बनते बिगड़ते समीकरणों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। कब जनता के बीच कौन सा नारा सिर चढ़ कर बोला इसकी बात की जाये तो वर्ष 1952 में खरा रुपैया चांदी का, राज महात्मा गांधी का और देश की जनता भूखी है, यह आजादी झूठी है खूब हवा में उछला था। इसी तरह वर्ष 1957 में जली झोपड़ी भागे बैल, यह देखा दीपक का खेल, जिस दीपक में तेल नहीं, सरकार बनाना खेल नहीं। वर्ष 1962 में, जाटव-मुस्लिम भाई-भाई, बाकी कौम कहां से आई। सिंहासन खाली करो जनता आती है। वर्ष 1967 में जय जवान जय किसान। वर्ष 1977 में बेटा कार बनाएगा, मां सरकार बनाएगी ।यह नारा संजय गांधी और इंदिरा गांधी पर कटाक्ष करते हुए गढ़ा गया था। इसी के साथ जमीन गर्क चकबंदी में, मकान ढह गया हटबंदी में। दरवाजे पर खड़ी औरतें चिल्लाएं, मेरा मर्द गया नसबंदी में भी काफी प्रभावी रहा था।

वर्ष 1980 में इंदिरा जी की बात पर मुहर लगेगी हाथ पर, का नारा लगा। वर्ष 1984 में जब तक सूरज चांद रहेगा, इंदिरा तेरा नाम रहेगा। उठे करोड़ों हाथ हैं, राजीव जी के साथ हैं। वर्ष 1996 में 'सबको देखा बारी-बारी, अबकी बारी अटल बिहारी।' महंगाई जो रोक न पाई वो सरकार निकम्मी है जो सरकार निकम्मी है वो सरकार बदलनी है। वर्ष 2004 में शाइनिंग इंडिया, कांग्रेस का हाथ, आम आदमी के साथ नारे की धूम रही थी। वर्ष 2014 में 'अबकी बार मोदी सरकार, अच्छे दिन आने वाले हैं और हर हर मोदी, घर घर मोदी। वर्ष 2019 में 'सबका साथ सबका विकास', 'मोदी है तो मुमकिन है। मोदी हटाओ, देश बचाओ, अब होगा न्याय। इस बार वर्ष 2024 में मोदी की गांरटी, अबकी पार 400 पार। कांग्रेस का हाथ बदलेगा हालात सपा का 'घर घर बेरोजगार मांगे रोजगार नारा चर्चा है।

अब तो चुनावी नारों के साथ-साथ राजनीतिक विरोधियों पर हमला करने से लेकर मतदाताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने तक, लोकप्रिय बॉलीवुड फिल्मों के कई हास्य तत्वों सहित रंगीन मीम्स की सोशल मीडिया पर बाढ़ भी देखने को मिलती है, इंस्टाग्राम से लेकर एक्स तक, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चुनावों से पहले राजनीतिक बढ़त के लिए कड़वे पोस्टर युद्ध और यहां तक कि कड़वे मीम की लड़ाई भी देखी जा सकती है। मतदाताओं, विशेषकर युवा और पहली बार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए मीम्स का इस्तेमाल किया है, जो कई बार विचित्र होते हैं। राजनीतिक पार्टियां प्रचार के साथ ही एक दूसरे पर हमला बोलने जबकि चुनाव आयोग वोटरों को मतदान केंद्र तक लाने के लिए इनका प्रयोग कर रहा है। मीम के साथ ही स्लोगन पोस्टर फिल्मी डायलाग का जमकर इस्तेमाल हो रहा है। चुनाव आयोग ने एक्स पर पोस्ट किया है कि हम मतदान को लेकर उत्साहित हैं क्या आप भी तैयार हैं। वहीं, राजनीतिक पार्टियों ने एक दूसरे पर हमले और प्रचार के लिए इसका प्रयोग किया है। भाजपा के सोशल मीडिया फीड पर मुख्य रूप से तस्वीरें और नारे हावी रहे हैं। जैसे मोदी की गारंटी और विकास भी, विरासत भी। वहीं, कांग्रेस ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें भाजपा पर व्यंग्यात्मक टैगलाइन, बेरोजगारी बहुत है, बाकी सब ठीक है, के साथ कटाक्ष किया गया।

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले राजनीतिक दलों के एक-दूसरे पर हमले जारी हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक फोटो शेयर करते हुए उन्हें मीम मटीरियल ऑफ दि ईयर बताया।

जिसके कैप्शन में लिखा, ये अवॉर्ड तो बनता है। दरअसल, बीते 09 मार्च को दिल्ली के भारत मंडपम में पीएम मोदी ने क्रिएटर्स अवॉर्ड दिए। इसी दौरान की एक फोटो एडिट करके बीजेपी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर शेयर की जिसमें पीएम मोदी राहुल गांधी को एक अवॉर्ड देते हुए दिख रहे हैं। इस अवॉर्ड पर 'जोकर' लिखा हुआ है। साथ ही अंग्रेजी में लाइन लिखी गई कि मीम मटीरियल ऑफ दि ईयर-राहुल गांधी। जिसका बीजेपी वालों ने कैप्शन लिखा, ये अवॉर्ड तो बनता है।

# अध्यात्म, संयम, शांति और समृद्धि भारतीय संस्कारों के प्रतीक

भारतीय संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है ,हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैंद्य विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलत: हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा।

भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में अतिथि देवो भव और वसुधैव कुटुंबकम वाली संस्कृति रही है।

भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या ?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है।

## सच है वह ईमानदार है

हां सचमुच यह सच है,
कि वह इमानदार है
यह भी सच है
वह गरीब और फटे हाल है,
आपदाओं से घिरा हुआ,
आफतों का साथी,
परेशानियां उसे छोड़ती नहीं,
पर वह परेशान नहीं,
मायूस भी नहीं, थका हुआ है,
पर हारा हुआ कतई नहीं,
हां यह सच है वह ईमानदार है,
आज के मायनों में नहीं
सत्य के मायनों में,
यह भी सच है कि
उसके तीन बच्चे हैं
एक बेरोजगार, एक अविवाहित
एक पालिका स्कूल का विद्यार्थी
सब ईमानदारी के सताए हुए हैं,
पत्नी इलाज के अभाव में
संसार से चल बसी,
लौट कर ना आने के लिए,
यह सच है कि वह इमानदार है,
परेशान भी है फटे हाल भी है,
थका है हारा हुआ नहीं,
ईमानदारी का मारा हुआ है,
अकेला नहीं है वह,
बरगद की तरह अपने में
सभी को समेटे हुए।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# वाह रे प्याज़ ! निर्यात बंदिश के बावजूद 6 देशों का पहनोगे ताज़



गोंदिया - भारत में लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 के 19 व 26 अप्रैल 2024 के दो चरणोंका चुनाव समाप्त होने के बाद अब 95 लोकसभा सीटों पर 7 मई 2024 को चुनाव होना है,जिसकी सरगर्मी तेजी से शुरू हो गई है परंतु इस बीच आज दिनांक 27 अप्रैल 2024 शाम को एक बड़ी खबर, खाद्य उपभोक्ता मामले मंत्रालय से आई कि भारत से प्याज निर्यात पर रोक होने के बावजूद सरकार ने 6 देश को सीमित निर्यात यानें 99150 टन का निर्यात करने की अनुमति दी है,जबकि एक दिन पूर्व ही दिनांक 26 अप्रैल 2024 को सरकार ने 2000 मेट्रिक टन सफेद प्याज के निर्यात की अनुमति दी थी,जो आम नागरिकों की आंख से आंसू निकलने की आहट जान पड़ती है,क्योंकि स्वाभाविक है प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, इसमें भी शासन की दाद देनी पड़ेगी क्यों कि चुनावों के बीच इस तरह के फैसले लेना कितना मुश्किल काम होता है, जिसका प्रभाव आम जनता की रसोई तक पड़ जाए परंतु इस बीच एक अच्छी खबर भी आई है कि सरकार का रबी-2024 मेंप्याज़ बंपर खरीदी का लक्ष्य बनाया गया है, भंडारण फैसला 12सव से 5 हज़ार मेट्रिक टन से अधिक करने का फैसला भी सराहनीय कदम है। फिर भी 6 देशों को ब्याज का निर्यात से आम जनता की जेब पर असर पड़ सकता है। क्योंकि, भारत में टमाटर और प्याज को स्वाद याने टेस्ट की चाबी माना जाता है जो भोजन रूपी दरवाजे और उसके स्वाद को प्याज टमाटर रूपी चाबी से खोला जाता है। यानें यह दोनों नहीं रहे तो मेरा मानना है कि अमीर से गरीब व्यक्ति तक को भोजन के स्वाद में कुछ ना कुछ कमीं महसूस करने को मिल जाएगी, इसका अनुभव घर के होम मिनिस्टर यानें महिलाओं को अधिक अनुभव होना लाजमी है, क्योंकि बिना प्याज टमाटर के सब्जी बनाना कितना मुश्किल होता है इनसे अधिक कोई नहीं जान सकता। क्योंकि यदि सब्जी में प्याज किसी को वर्जित है तो उसका अल्टरनेट टमाटर है और टमाटर का अल्टरनेट प्याज है, यदि दोनों ही नहीं हो तो स्वाद की चाबी गुम समझो ! चूंकि भारत से प्याज निर्यात पर रोक होने के बावजूद सरकार ने 6 देशों को सीमित निर्यात की इजाजत दी है,इसलिए आज हम मीडिया व पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे वाह रे प्याज़ ! निर्यात बंदिश के बावजूद 6 देशों का पहनोगे ताज़ !

साथियों बात अगर हम दिनांक 27अप्रैल 2024 को 6 देशों को प्याज़ निर्यात की इजाजत की करें तो, केंद्र सरकार ने पिछले कई महीनों से प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा रखा था। लेकिन इसमें थोड़ी ढील दी गई है। सरकार ने 6 पड़ोसी देशों को प्याज निर्यात करने की अनुमति दे दी है। इससे पहले सरकार ने मध्य-पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों को 2 हज़ार टन सफेद प्याज के निर्यात की भी इजाजत दी थी ।उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में पीआईबी के हस्ते बताया कि सरकार ने छह पड़ोसी देशों- बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 टन प्याज के निर्यात की इजाजत दी है। इससे पहले केंद्र सरकार ने विशेष रूप से मध्य पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों को 2, हज़ार टन सफेद प्याज के निर्यात की भी अनुमति दी थी ।दरअसल, 2023-24 में पिछले साल के मुकाबले खरीफ और रबी फसलों की पैदावार घटने का अनुमान था ।इसलिए सरकार ने पिछले साल दिसंबर में प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया दिया, ताकि घरेलू बाजार में इसकी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। इससे कीमतों को कम रखने में भी मदद मिली ।सरकार ने उस वक्त बताया था कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्याज की डिमांड बढ़ गई है, जिसके चलते यह प्रतिबंध लगाया गया है ।कृषि मंत्रालय ने पिछले महीने प्याज उत्पादन के आंकड़े जारी किए थे। इसके मुताबिक, 2023-24 में प्याज की पैदावार करीब 254.73 लाख टन होने की उम्मीद है, जो पिछले साल 302.08 लाख टन थी। मंत्रालय ने बताया कि महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और राजस्थान में प्याज का उत्पादन कम हुआ है, जो पैदावार में गिरावट की बड़ी वजह है ।हालांकि, सरकार ने प्याज भंडारण तकनीक को बेहतर किया है। यही वजह है कि इस भंडारण क्षमता को 1, 2 सव टन से बढ़ाकर 5, हज़ार एम टन करने का फैसला किया है। सरकार ने दावा किया कि कोल्ड स्टोरेज के पायलट से प्याज के भंडारण में होने वाला नुकसान 10 प्रतिशत तक कम हुआ है। इन देशों को प्याज निर्यात करने वाली एजेंसी राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) ने ई-प्लेटफॉर्म के जरिये निर्यात के लिए घरेलू प्याज मंगाया है। उपभोक्ता मामले विभाग के प्राइस स ?टैबलाइजेशन फंड (पीएसएफ) के तहत रबी-2024 में से प्याज की बफर खरीद का लक्ष्य इस साल 5 लाख टन तय किया गया है। इनकी खरीद केंद्रीय एजेंसियां एनसीसीएफ और एनएएफईडी करती हैं। ये किसी भी स्टोर होने लायक प्याज की खरीद शुरू करने के लिए खरीद, भंडारण और किसानों के पंजीकरण का समर्थन करने को एफपीओ/एफपीसी/पीएसी जैसी स्थानीय एजेंसियों को जोड़ रही हैं। डीओसीए, एनसीसीएफ और नेफेड की एक हाई लेवल टीम ने पीएसएफ बफर के लिए 5 एलएमटी प्याज की खरीद के बारे में किसानों, एफपीओ/एफपीसी और पीएसी के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए 11-13 अप्रैल के दौरान महाराष्ट्र के नासिक और अहमदनगर जिलों का दौरा किया था।

केंद्र ने पश्चिम एशिया और कुछ यूरोपीय देशों के निर्यात बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2, हज़ार टन सफेद प्याज के निर्यात की भी मंजूरी दी है। बता दें कि सरकार ने 8 दिसंबर, 2023 को प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

साथियों बात अगर हम दिनांक 26 अप्रैल 2024 को सफेद प्याज़ निर्यात की इजाजत की करें तो, एक्सपोर्ट बैन के बावजूद केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए 2 हज़ार एम टन सफेद प्याज के निर्यात की अनुमति दे दी है। इसका फायदा मुख्य तौर पर गुजरात के किसानों को मिलेगा, क्योंकि वहीं पर सफेद प्याज की खेती सबसे ज्यादा होती है। लोकसभा चुनाव के बीच हुए इस फैसले पर कुछ लोग यह कहते हुए सवाल उठा रहे हैं कि यह गुजरात के किसानों को खुश करने की कोशिश है। विदेश व्यापारमहानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा जारी एक नोटिफिकेशन में कहा गया है कि सफेद प्याज के निर्यात की अनुमति केवल तभी दी जाएगी जब गुजरात के बागवानी आयुक्त निर्यात की जाने वाली वस्तु और मात्रा को प्रमाणित करेंगे, इसीलिए महाराष्ट्र के किसान नेता कह रहे हैं कि सिर्फ गुजरात के किसानों को फायदा दिलाने की कोशिश क्यों हो रही है सफेद प्याज को एक्सपोर्ट करने के नोटिफिकेशन में ऐसी कोई शर्त नहीं रखी गई है कि इसका एक्सपोर्ट नेशनल को ऑपरेटिवएक्सपोर्ट्स लिमिटेड ही करेगा, बलकि इसमें केवल इतना प्रावधान है कि निर्यात मुंद्रा और पिपावाव के गुजराती बंदरगाहों या मुंबई में न्हावा शेवा बंदरगाह के माध्यम से किया जाना चाहिए।

# शार्ट न्यूज

## बस की चपेट में आने से पत्नी की मौत, पति घायल

जौनपुर। उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के पंचहटीया के पास रविवार को बालिका को बचाने में बाइक सवार महिला नीचे गिर गई जिसे प्राइवेट बस में कुचल दिया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई जबकि बाइक सवार घायल हो गया। पुलिस के अनुसार जिले में सिकरारा थाना क्षेत्र के डमरूआ ग्राम निवासी जानकी प्रसाद (50) अपनी पत्नी हीरावती देवी उम्र (46) को लेकर बाइक द्वारा केराकत शादी में जा रहे थे । जैसे ही वे लाइन बाजार थाना क्षेत्र के पचहतिया के पास आये सामने एक बालिका आ गई उसी को बचाने में महिला हीरावती देवी बाइक से नीचे गिर गई। उसके गिरते ही पीछे से आ रही प्राइवेट बस का चक्का महिला के ऊपर चढ़ गया जिससे घटना स्थल पर उसकी मौत हो गई। इस दुर्घटना में महिला के पति को मामूली चोट आई है। सूचना पर पहुंचे परिजन जिला अस्पताल कोहराम मच गया। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अनियंत्रित ट्रक ने कुचले कई वाहन

सहारनपुर। सहारनपुर में एक अनियंत्रित ट्रक ने कई वाहनों को रौंद दिया है। ट्रक हाईवे पर लगी रेलिंग को तोड़ते हुए सर्विस रोड के पास बने एक घर में जा घुसा। लोगों में चीख-पुकार मच गई। ट्रक को देखकर लोग इधर-उधर भागने लगे। हादसा 27 अप्रैल की सुबह 6: 48 बजे का है। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मामला थाना देवबंद के तल्हेड़ी बुजुर्ग का है। गांव अफजलगढ़ के रहने वाला चालक हारुन अपने क्लीनर के साथ ट्रक लेकर बिजनौर की ओर जा रहा था। ट्रक में राशन भरा था। जैसे ही वह तल्हेड़ी बस स्टैंड पर पहुंचा। तेज रफ्तार ट्रक का अगला टायर फट गया। जिससे ट्रक बेकाबू हो गया। ट्रक चालक हाईवे पर लगी रेलिंग को तोड़ता हुआ एक घर में जा घुसा। सर्विस रोड पर कार, बाइक, जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी थी। ट्रक ने सभी वाहनों को कुचल दिया। सर्विस रोड पर डसमान की सेनेट्री की दुकान है। अनियंत्रित ट्रक ने दुकान का शटर और एक पिलर तोड़ा। फिर भी स्पीड कम नहीं हुई। ट्रक एक मकान में जा घुसा। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

## मेरठ में डांस करते-करते लड़की की मौत

मेरठ। मेरठ में बहन के हल्दी प्रोग्राम में छोटी बहन की मौत हो गई। डांस करते-करते अचानक गिर गई। घर की महिलाओं ने उसे उठाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी जान चली गई। मामला लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के अहमदनगर की गली नंबर- 2 का है। घटना के बाद वहां चीख-पुकार मच गई। घरवालों ने लड़की को उठाने की कोशिश की, लेकिन उसके शरीर में कोई हरकत नहीं हुई। उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना शनिवार देर रात की है। वीडियो रविवार दोपहर सामने आया। अहमदनगर गली नंबर-2 के रहने वाले महताब के छोटे भाई आफताब की बेटी की रविवार को शादी थी। शनिवार को घर में हल्दी का प्रोग्राम चल रहा था। दुल्हन की चचेरी बहन और महताब की बेटी रिमशा मोहल्ले की कुछ अन्य लड़कियों के साथ डांस कर रही थीं। केजीएफ-1 फिल्म का मैंने तेरे लिए छोड़ा है जमाना, तेरा इरादा तो बता गाना बज रहा था। तभी अचानक रिमशा गिरी और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार के लोगों ने शादी रोक दी है। रिमशा के घरवालों का कहना है कि उनकी बेटी को चक्कर आने की बीमारी थी।

## नाबालिग से रेप का आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ पुलिस ने नाबालिग से रेप के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़िता के परिजनों ने 25 अप्रैल को पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि अभियुक्त गामा निषाद जो कि बद्दोपुर के कालीघाट का रहने वाला है। आरोपी ने नाबालिग पीड़िता के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। इसके साथ ही इस बात को किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी। इस दौरान पीड़िता का मेडिकल कराया गया। मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि होते ही रेप और पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी की पुलिस ने तलाश शुरू कर दी। इसी क्रम में आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। मामले की विवेचना कर रहे इंस्पेक्टर रफी आलम ने बताया कि आरोपी राम रतन उर्फ गामा की तलाश की जा रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली की आरोपी बस पकड़कर कहीं भागने वाला है। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है जहां से जेल रवाना किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## झांसी मेडिकल कालेज में युवक की मौत

झांसी। जालौन में सड़क हादसे में घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह दो बेटों के साथ बाइक से भांजे की शादी में जा रहे थे। रास्ते में बेकाबू ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी थी। तब से युवक का झांसी मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था। शनिवार रात को युवक की मौत हो गई। मेडिकल चौकी पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुटी है। मृतक का नाम मुन्नालाल (38) पुत्र चेतराम था। वह उरई के शांतिनगर का रहने वाला था। मृतक के पिता ने बताया कि बेटा मुन्नालाल महिला थाने के पास नाई की दुकान चलाता था। पिछले दिनों भांजे की शादी थी। ऐसे में 16 अप्रैल की शाम को मुन्नालाल अपने दो बेटे 17 साल का रामिलन और 14 साल के हरिमिलन को लेकर शादी में शामिल होने के लिए कनेछा गांव जा रहा था। जब कि वे पिरौना नहर के पास पहुंचे तो बिना लाइट जलाए गलत दिशा में आ रहे एक ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पिता और दोनों बेटे घायल हो गए थे। पिता ने आगे बताया कि हादसे के बाद तीनों घायलों को झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया था।

## फांसी के फंदे पर लटका मिला ग्रामीण

संभल। संभल में एक ग्रामीण के फांसी के फंदे पर लटके मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी दो साल से अपने मायके में रह रही है। मृतक के परिजनों ने सुसरालियों पर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीण के फांसी पर लटककर मौत होने की पूरी घटना संभल के थाना बहजोई क्षेत्र के गांव बेहटा जयसिंह की है। रविवार की सुबह 11 बजे गांव के बाहर संभल-बहजोई रोड स्थित जंगले में गांव निवासी कमल मीणा (29 वर्षीय) पुत्र छद्दमी मीणा फांसी पर लटका मिला। जिसकी मौत हो चुकी थी। घटना की खबर मिलने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। घटना स्थल पर परिजन और ग्रामीण एकत्र हो गए। कमल का शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। उधर घटना की जानकारी मिलने पर थाना पुलिस पहुंच गई। मृतक ग्रामीण के शव को कब्जे में कर लिया। मृतक के परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। आपको बता दें कि मृतक की पत्नी हरमुखी 2 साल से अपने मायके में रह रही है। पत्नी का गांव राजपुर है। कमल और हरमुख की शादी 7 साल पहले हुई थी।

## खदान में नहा रहे भाई-बहन की डूबने से-मौत

ललितपुर। मध्य प्रदेश के सागर जिले कि दुधावनी में रविवार की सुबह खदान में नहाते समय चचेरे भाई-बहन पानी में डूब गए। परिजन दोनों को इलाज के लिए ललितपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। चचेरे भाई-बहन अपनी दादी के साथ खदान में नहाने के लिए रविवार की सुबह गए हुए थे। जहां वे डूब गए। थाना भानगढ़ के दुधावनी निवासी जगदीश पुत्र शेर सिंह (8) अपनी चचेरी बहन दिव्या पुत्री सुखसिंह (5) व दादी के साथ रविवार की सुबह 9 बजे गांव के बाहर खदान में नहाने के लिए गए हुए थे। दादी कपड़े ढोने लगी, उसी समय जगदीश अपनी चचेरी बहन दिव्या के साथ खदान में किनारे पर नहा रहे थे। दादी का ध्यान कपड़े धोने में लग गया और दोनों भाई-बहन गहरे पानी में नहाते हुए डूब गए। दादी ने दोनों को बाहर नहीं देखा तो तत्काल खेत पर काम कर रहे लोगों व परिजनों को सूचना दी। परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और पानी मे कूद कर दोनों बच्चों को बाहर निकाला और उपचार के लिए ललितपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया ।

# तीसरे चरण में भी नहीं खुलेगा विरोधियों का खाता : अमित शाह

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है कि 2029 तक नि: शुल्क अनाज उपलब्ध कराने की योजना जारी रहेगी**



मैनपुरी । उत्तर प्रदेश के गृहमंत्री अमित शाह ने मैनपुरी में रविवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि तीसरे चरण के चुनाव में विरोधियों का खाता भी नहीं खुल पायेगा।

यहां किशनी के डीपीएस स्कूल के खेल मैदान में बीजेपी प्रत्याशी जयवीर सिंह ठाकुर के समर्थन में आयोजित एक चुनावी सभा में गृहमंत्री ने कहा कि भाजपा के उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीटें जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मैनपुरी से जयवीर सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है कि 2029 तक निःशुल्क अनाज उपलब्ध कराने की योजना जारी रहेगी। मोदी सरकार में सड़कों,हवाई अड्ढ़ों, मेडीकल कालेजों के निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून का राज स्थापित हुआ है,पहले प्रदेश से जनता पलायन करती थी,अब गुंडे प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं।

शाह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया ने अपने परिवार के पांच सदस्यों को लोकसभा चुनाव में उतार कर सिद्ध कर दिया है कि सपा पार्टी परिवारवादी पार्टी है। समाजवादी पार्टी खुद को यादवों का हमदर्द बताती है, लेकिन चुनाव के समय कोई और यादव नहीं मिलता, तब कुनवा नजर आता है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है परिवार वादी पार्टी को खत्म कर कमल खिलाने का। अखिलेश यादव खुद कन्नौज से लड़ रहे हैं और मैनपुरी से उनकी पत्नी ,फिरोजाबाद,आजमगढ़ व बदायूँ से उनके चाचा, ताऊ के लड़के चुनाव लड़ रहे हैं। मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। पहले और दूसरे चरण में बीजेपी के पक्ष में लहर चली और 100 सीटों पर पार्टी के प्रत्याशी विजयी हो रहे हैं। विरोधियों का तीसरे चरण में भी खाता नहीं खुलेगा।

अखिलेश और डिम्पल पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जब उनको राममंदिर के उद्घाटन समारोह का आमंत्रण दिया गया तो वह किसके डर से नहीं गए।

## बलिया : हेट स्पीच को लेकर सपा प्रत्याशी सनातन पाण्डेय पर मुकदमा

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया लोकसभा के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सनातन पाण्डेय के हेट स्पीच का एक कथित वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल होने के बाद रविवार को पुलिस ने आरोपी प्रत्याशी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लोकसभा बलिया के समाजवादी पार्टी समर्थित इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी सनातन पाण्डेय का वर्तमान सरकार के कार्यकाल व कार्यों को लेकर टिप्पणी करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों के मध्य शत्रुता, घृणा व वैमनस्यता फैलाने , आगामी लोकसभा समान्य निर्वाचन प्रक्रिया में असम्यक असर डालने व जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्य निर्वाहन में बाधा एवं क्षति कारित करने से संबंधित एक कथित वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा था। जिस संबंध में पुलिस ने रविवार को बलिया सदर कोतवाली में आरोपी प्रत्याशी के विरुद्ध भारतीय डंड संहिता की धारा 171एफ, 189, 186, 505(2) व ? लोक प्रतिनिधित्व अधि0 1950 की धारा 125,136 के तहत नामजद मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उल्लेखनीय है कि शनिवार की शाम बलिया लोकसभा से सपा समर्थित इण्डिया गठबंधन के ने संवाददाताओं से बातचीत में पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में हुई अपनी हार को लेकर जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए थे।

पाण्डेय ने कहा हम लोकातांत्रिक व्यवस्था में विश्वास रखते हैं। ऐसा नहीं कि पिछली बार हम अपनी हत्या के डर से प्रांगड़ से बाहर आ गए थे । जो हुआ वो आपने भी देखा बलिया के लोगों ने भी देखा हिंदुस्तान के लोगों ने भी देखा।

# मेरठ में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

मेरठ। मेरठ के लिसाड़ी गेट में लोहे की पुरानी जंजीर को लेकर दो परिवार भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों में लाठी डंडे चलने लगे। इसके बाद बीच बचाव में आई महिला को भी दबंगों ने जमकर पीट दिया। मारपीट की घटना सीसीटीवी मे कैद हो गई। वहीं घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने एक पक्ष के एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है और दूसरे पक्ष की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है।

मजीदनगर के रहने वाले दिलशाद ने अपने भाई शाह आलम से कुछ दिन पूर्व एक लोहे की पुरानी जंजीर ली थी। रविवार को शाह आलम अपनी जंजीर मांगने पहुंचा तो जंजीर न मिलने के चलते दिलशाद ने बाद में जंजीर देने की बात कही और अपने काम पर चला गया। तभी शाह आलम भी वापस चला गया। आरोप है कि कुछ देर बाद शाह आलम अपने छोटे भाई बिलाल और कुछ अन्य लोगों के साथ बड़े भाई दिलशाद के घर पर पहुंचा और घर में घुसकर दिलशाद की पत्नी के साथ अभद्रता कर दी।

मामले की जानकारी मिलने पर दिलशाद के दो बेटे मौके पर पहुंच गए और शाह आलम व बिलाल का विरोध करने लगे। इसी दौरान दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चल गए। बीच बचाव में आई शाह आलम और दिलशाद की पत्नी को भी आरोपियों ने पीट दिया। मारपीट की घटना निकट ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

# उन्नाव में शादी के 7 दिन बाद दुल्हन की हत्या


**पति ने पीटा, गला दबाया; भाई से फोन कर बोला- आकर लाश ले जाओ**

उन्नाव। उन्नाव में शादी के 7 दिन बाद दुल्हन की हत्या कर दी गई। शनिवार रात पति ने पहले उसे पीटा, फिर गला दबा दिया। भाई को फोन कर कहा- तुम्हारी बहन की लाश पड़ी है, आकर ले जाओ।

भाई का आरोप है कि बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। वो बाइक और नगदी की डिमांड कर रहे थे। जब बहन ने इसका विरोध किया, तो उसे मार डाला।

पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी पति को हिरासत में लिया है। सास-ससुर, ननद और देवर फरार हैं। मामला गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के अख़लाक़ नगर का है।

मृतका चांदनी (21) जाजमऊ अंबेडकरनगर के नई बस्ती नूरी रोड की रहने वाली थी। उसकी शादी 7 दिन




पहले यानी 21 अप्रैल को अखलाक नगर के रहने वाले रफीक के साथ हुई थी। चांदनी के भाई मंसूर ने बताया- हम लोगों ने अपनी हैसियत के अनुसार शादी में दान दहेज दिया था। लेकिन बहन के ससुराल पहुंचते ही ससुराल वाले दहेज को लेकर उसे ताना मारने लगे।

बहन ने मुझे फोन कर इस बारे में बताया। कहा- ससुराल वाले बाइक और नगदी की मांग कर रहे हैं, लेकिन मैंने मना कर दिया, तभी से मुझे प्रताड़ित कर रहे हैं। शनिवार रात जीजा नदीम ने घरवालों के साथ बहन को पीटा और उसकी हत्या कर दी।

### भाई बोला- चांदनी के नाक-मुंह से खून निकल रहा था

भाई मंसूर ने बताया- रविवार सुबह नदीम ने मुझे फोन किया। कहा कि चांदनी की मौत हो गई है। यहां आकर उसकी लाश ले जाओ। हम लोग परिवार के साथ मौके पर पहुंचे। जहां चांदनी के नाक और मुंह से खून निकल रहा था।

चांदनी की लाश देखकर घरवालों ने हंगामा कर दिया। इसकी सूचना गंगा घाट कोतवाली पुलिस को दी गई। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। मायके पक्ष के लोगों को कार्रवाई की भरोसा देकर शांत कराया।

महिला की मौत की जानकारी पर मजिस्ट्रेट यशवंत सिंह मौके पर पहुंचे। मायके वालों से जानकारी ली। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। भाई मंसूर ने चांदनी के पति नदीम, ससुर रफीक, सास आमना, ननद उजाला और देवर नईम के खिलाफ शिकायत दी।

सीओ सिटी सोनम सिंह ने बताया- हत्या की सूचना पर गंगाघाट इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे। मृतका की नाक से खून निकल रहा था।

हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सास-ससुर, ननद और देवर की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# झांसी में ड्रम में मिली दुल्हन की लाश

**5 दिन पहले शादी हुई थी, ससुराल में रोती थी, भाई एक दिन पीहले ही मायके लेकर आया था**

झांसी। झांसी में रविवार सुबह दुल्हन की लाश पानी के ड्रम में मिली है। उसकी 5 दिन पहले ही शादी हुई थी। ससुराल में वह दिनभर रोती थी। खाना भी कम ही खाती थी। इसलिए मां ने शनिवार शाम को उसे मायके बुला लिया था। करीब 10 घंटे बाद बाथरूम में रखे ड्रम में उसकी लाश मिली है।

ड्रम लगभग 4 फीट ऊंचा था और उसमें करीब 3.5 फीट पानी भरा था। ऐसे में दुल्हन की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला बरुआसागर के घसरपुरा मोहल्ले का है।

### 23 अप्रैल 2024 को हुई थी शादी

ममता कुशवाहा (23) बरुआसागर के घसरपुरा मोहल्ले की रहने वाली थी। उसके चचेरे भाई शेखर और महेंद्र ने बताया कि ममता की शादी 23 अप्रैल 2024 को जिखन गांव के रहने वाले सुरेंद्र कुशवाहा के साथ धूमधाम से हुई थी। 24 अप्रैल को विदाई हुई और ममता अपने ससुराल पहुंच गई। शनिवार शाम को भाई ससुराल गया और ममता को वापस मायके ले आया था। रात में सभी ने खाना खाया और ममता अपनी मां



कलावती के साथ कमरे में सो गई। सुबह करीब 5 बजे मां जगी तो बेटी ममता नजर नहीं आई। आसपास देखा तो भी नहीं मिली। मां बाथरूम में गई तो पानी के ड्रम में ममता की लाश पड़ी थी।

### भाई ने ससुराल में कराई थी झाड़-फूंक

ममता के जेठ राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि शादी के बाद ममता ससुराल पहुंची तो गुमसुम रहती थी।

वह दिनभर रोती रहती थी और खाना भी कम खाया करती थी। पूछने पर भी वह कुछ नहीं बोलती थी। तब हम लोगों ने ममता के माता-पिता को फोन कर जानकारी दी। 2 दिन पहले भाई तांत्रिक को लेकर आया और ममता की झाड़-फूंक भी कराई थी।

इसके बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। तब फोन करने पर मां ने कहा कि ममता को मायके भेज दो। यहां अच्छे से दिखाएंगे। शनिवार शाम को ममता का भाई आया और अपनी बहन को राजी-खुशी ससुराल से मायके ले गया था। आज सुबह से फोन आया कि ममता की मौत हो गई।

### 3 भाई-बहनों में सबसे छोटी थी

ममता की मौत के बाद घर में मातम का माहौल बना हुआ है। ममता 3 भाई-बहनों में सबसे छोटी थी। उससे बड़ी बहन द्रोपदी और बड़े भाई सुभाष की शादी हो चुकी है। पिता खेती किसानी करते हैं। वहीं, ममता की मौत के बाद पति सुरेंद्र भी सदमे में है। सुरेंद्र अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है। वह पिता के साथ खेती किसानी करता है।

### पोस्टमॉर्टम से पता चलेगा मौत का कारण

बरुआसागर थाना प्रभारी का कहना है कि पानी के ड्रम से निकलकर ममता को परिजन अस्पताल ले गए थे। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

तब परिजन शव को घर पर ले आए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौत का कारण अज्ञात है। पोस्टमॉर्टम में ही मौत के असल कारणों का पता चलेगा। पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है।

## कानपुर देहात में मिला महिला का शव

कानपुर देहात। कानपुर देहात के थाना अमराहट थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बाग में बोरी में बंद अज्ञात महिला का शव पड़ा मिला। वहीं ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने हत्या कर शव फेंके जाने की संभावना जताई है। बताते चलें कि अमराहट के डेरा गांव में एक यूकेलिप्टस का एक बड़ा बाग है। जिसमें रविवार को एक अज्ञात महिला का बोरी में बंद शव पड़ा मिला। बैग में महिला के शव होने की जानकारी होते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। वहीं ग्रामीणों ने तत्काल सूचना पुलिस को दी। ग्रामीणों से सूचना मिलते ही मौके पर एएसपी राजेश पांडेय, सीओ संजय वर्मा, एसओ अमराहट जीतमल व फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की। मृतका के शरीर पर बादामी पैजामी व काले रंग का कुर्ता बरामद हुआ। छानबीन में मृतका के पास से पहचान का कोई सामान नहीं मिला। मृतका के दाहिने हाथ में राहुल का नाम गुदा पाया गया।

# बदायूं में ट्रक से टकराई डबल डेकर बस..दो की मौत

**बरेली के थे मरने वाले दोनों युवक, जयपुर जाते समय हुआ हादसा**



बदायूं। बदायूं में प्राइवेट बस और ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत में शनिवार आधी रात को बस सवार दो मुसाफिरों की मौत हो गई। जबकि 25 लोग घायल हो गए। मरने वाले दोनों लोग बरेली के रहने वाले थे। हादसे के बाद बस में चीख पुकार मच गई। आनन-फानन में पहुंची पुलिस सभी को राजकीय मेडिकल कालेज लेकर पहुंची। यहां पांच गंभीर घायलों को भर्ती कर लिया गया है। जबकि शवों का पोस्टमार्टम कराकर उसे पुलिस ने परिवार वालों को सौंप दिया है।

### पांच घायलों को भर्ती किया गया

हादसा बरेली-मथुरा हाइवे पर उझानी कोतवाली क्षेत्र में जिरौलिया गांव के पास हुआ। बदायूं से आगरा की ओर जा रही डबल डेकर निजी बस विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से जा टकराई। हादसे में बस में सवार राहिद खां (25) पुत्र अख्तर खां निवासी रामलीला गौटिया थाना प्रेमनगर व मोहम्मद आसिफ (40) निवासी नियाजी नगर गौटिया थाना शेरगढ़, बरेली की मौत हो गई। जबकि 25 लोग घायल हो गए। पुलिस सभी को मेडिकल कालेज लेकर पहुंची। इनमें अधिकांश को हल्की चोट होने के कारण उनका प्राथमिक इलाज किया गया। बाद में ये लोग गंतव्य को रवाना हो गए। जबकि पांच घायलों को भर्ती किया गया है। हालांकि इनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

इनकी पहचान करने में मेडिकल कालेज प्रशासन व पुलिस लगी हुई है। शवों की शिनाख्त के बाद पुलिस ने दोनों के परिवार वालों को हादसे की जानकारी दी तो दिन निकलने के साथ ही परिवार वाले भी रोते-बिलखते यहां आ पहुंचे। यहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार वालों को पुलिस ने सौंप दिए।

# बलरामपुर में आग लगने से फूस के 50 घर जले

**38 बकरियों की झुलसने से मौत**

बलरामपुर। बलरामपुर में रविवार को भीषण आग लग गई। जिससे फूस के 50 घर जलकर राख हो गए। आगजनी में 38 बकरियां भी झुलसकर मर गई। जिससे लाखों का नुकसान हुआ है। घटना विकासखंड हरैया सतघरवा के पंचायत लंबीकोहल की है।

यहां दोपहर 12 बजे हिदायतुल्लाह के घर में आग लग गई। देखते ही देखते नईम, मोहर्रम, मुबारक, कामरू निशा, रुस्तम, हमीद, वाहिद, हकीम सहित 50 लोगों का घर जलकर राख हो गया। जिसमें मोहर्रम अली की 11 बकरियां ,मुबारक की 2 और कामरू निशा की 25 बकरियां झुलसकर मर गई है। अकरम की 1 भैंस झुलस गई है।

### लेखपाल ने किया आकलन

सूचना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हल्का लेखपाल महावीर नाथ ने बताया कि नुकसान का आकलन कर लिया गया है। जल्द ही शासन की तरफ से सहायता दी जाएगी।

## फर्रुखाबाद में गंगा में डूबकर बच्चे की मौत

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद के कमालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार को गंगा में नहाने के दौरान एक 7 वर्षीय बालक डूब गया। गोताखोरों ने उसे बाहर निकला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव बकरा याकूतगंज निवासी रामबाबू का 7 वर्षीय बालक राज गांव के ही अन्य बालकों के साथ रविवार को गंगा स्नान करने चला गया। गंगा में नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ स्नान कर रहे बालकों ने चीख पुकार शुरू कर दी। इस पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

# मुजफ्फरनगर में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में छह महीने पहले पुलिस हिरासत से भागे बदमाश को सिविल लाइंस पुलिस और एसओजी ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित शनिवार देर शाम अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए हरिद्वार से आया था। बदमाश की फरारी के मामले में एसएसपी ने एक सिपाही को निलंबित कर दिया था।

सिविल लाइंस थाना प्रभारी ओम प्रकाश सिंह ने बताया, चरथावल थाना क्षेत्र के रोनी हाजीपुर गांव निवासी सुमित कुमार पुत्र सत्य प्रकाश सिंह ने 28 नवंबर को एडीजे 15 की कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था। न्यायाधीश ने उसे पुलिस कस्टडी में जेल भेजने के आदेश दिए थे।



पुलिस जब उसे लेकर जेल जा रही थी। तभी आरोपित सुमित कुमार पुलिस हिरासत से भाग गया था। इस मामले में एसएसपी ने सिपाही पवन को निलंबित कर दिया था और सुमित पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। थाना प्रभारी ने बताया, तभी से सुमित की तलाश में पुलिस लगी हुई थी। उन्होंने बताया शनिवार शाम को एसओजी प्रभारी सुभाष अत्री को सूचना मिली थी कि 25 हजारी सुमित रामपुर चौराहा निवासी अपनी प्रेमिका से मिलने आ रहा है। सूचना के आधार पर एसओजी और सिविल लाइन पुलिस ने जाल बिछाकर आरोपित सुमित को गिरफ्तार कर लिया। सिविल लाइंस थाना प्रभारी ओम प्रकाश सिंह ने बताया, 2012 में सुमित ने चोरी की बाइक खरीदी थी।

सुमित के खिलाफ भोपा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में वह जेल गया था। जमानत पर बाहर आने के बाद भी सुमित कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था।

## शार्ट न्यूज

### वर्ल्डमार्क एयरोसिटी ने क्यूरेटेड कार्निवल के साथ कोरियाई संस्कृति का जश्न मनाया

नयी दिल्ली। ब्रुकफील्ड प्रॉपर्टीज के वर्ल्डमार्क एयरोसिटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय कोरियाई कार्निवल आज संपन्न हो गया जिसमें लोगों को खाने पीने की वस्तुओं, आकर्षक प्रदर्शन और इंटरैक्टिव अनुभवों की एक मनोरम श्रृंखला के माध्यम से कोरियाई संस्कृति को करीब से देखने का मौका मिला। कंपनी ने आज यहां कहा कि 27 और 28 अप्रैल, 2024 को आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम एक बड़ी सफलता थी।27 अप्रैल को कार्यक्रम की शुरुआत दिल्ली के संगीतकार और गायक वैंकूर के प्रदर्शन के साथ हुई, जिसमें डांस क्रू गर्ल क्रश, सैमुल नोरी इंस्ट्रुमेंटल ड्रमिंग का एक नृत्य प्रदर्शन शामिल था, जिसमें पारंपरिक कोरियाई ड्रम बजाने वाले कलाकारों का एक समूह भी था और अंत में चार लोगों के पॉप फंक बैंड रिग्मोना द्वारा प्रदर्शन किया। आज के कार्यक्रमों की शुरुआत जेम्बे ड्रम बजाने के साथ हुई, जिसके बाद अरमा का लाइव गायन प्रदर्शन हुआ। इसके बाद ईज़ क्रू के नृत्य प्रदर्शन, चिज़ाई, एक पॉप, रॉक और इलेक्ट्रो-ध्वनिक संगीत बैंड के प्रदर्शन द्वारा जारी रखा गया और अंत में आदित्य और अनिर्बान के संगीत प्रदर्शन के साथ समाप्त हुआ।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर घटकर 640.3 अरब डॉलर पर

मुंबई । विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 640.3 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.8 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 560.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार एक अरब डॉलर बढ़कर 56.81 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 4.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.03 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर कम होकर 4.6 अरब डॉलर रह गया।

### रेटिंग एजेंसी एसएंडपी का दावा, चालू वित्त वर्ष में बैंकों को ऋण वृद्धि करनी पड़ सकती है धीमी

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में भारतीय बैंकों की ऋण वृद्धि, लाभप्रदता और संपत्ति की गुणवत्ता मजबूत रहेगी, जो मजबूत आर्थिक वृद्धि को दर्शाती है। हालांकि, रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा है कि वे अपनी ऋण वृद्धि को धीमा करने के लिए मजबूर हो सकते हैं क्योंकि जमा राशि समान गति से नहीं बढ़ रही है। एशिया-प्रशांत में बीते वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के बैंकिंग अपडेट में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की निदेशक एसएसईए निकिता आनंद ने कहा कि एजेंसी को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में यदि जमा वृद्धि, विशेष रूप से खुदरा जमा, धीमी रहती है, तो क्षेत्र की मजबूत ऋण वृद्धि 16 प्रतिशत से घटकर 14 प्रतिशत हो जाएगी। आनंद ने कहा कि प्रत्येक बैंक में ऋण-से-जमा अनुपात में गिरावट आई है, ऋण वृद्धि जमा वृद्धि की तुलना में दो-तीन प्रतिशत अधिक है। निकिता आनंद ने एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के हाल ही में हुए एक सेमिनार में कहा, हमें उम्मीद है कि बैंक चालू वित्त वर्ष में अपनी ऋण वृद्धि में कमी लाएंगे और इसे जमा वृद्धि के अनुरूप लाएंगे। यदि बैंक ऐसा नहीं करते हैं, तो उन्हें थोक धन प्राप्त करने के लिए अधिक भुगतान करना होगा, जिससे लाभप्रदता प्रभावित होगी। आम तौर पर, ऋण वृद्धि सबसे ज्यादा निजी क्षेत्र के बैंकों में हुई है। इनमें लगभग 17-18 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

### भारत की यात्रा टालने के बाद एलन मस्क अचानक चीन के लिए हुए रवाना

बीजिंग। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने हाल ही में भारत की यात्रा को टाल दिया था। लेकिन अब वो अचानक से भारत के दुश्मन देश चीन की यात्रा के लिए रवाना हुए हैं। चीन को इलेक्ट्रिक वाहन दिग्गज का दूसरा सबसे बड़ा बाजार भी माना जाता है। सूत्रों के हवाले से एक समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। मस्क ने एक सप्ताह पहले ही भारत की यात्रा टाल दी थी। कहा जा रहा था कि वह भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले थे और भारतीय बाजार में प्रवेश करने की योजना का एलान करने वाले थे। अब बताया जा रहा है कि टेस्ला के सीईओ चीन के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने की कोशिश करेंगे, जिससे वह फुल-सेल्फ ड्राइविंग (एफएसडी) सॉफ्टवेयर पर चर्चा कर सकें। साथ ही वह कोशिश करेंगे की चीन फुल-सेल्फ ड्राइविंग से संबंधित जुटाए डाटा को अमेरिका ट्रांसफर करने के लिए तैयार हो जाए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक प्रश्न के जवाब में मस्क ने कहा कि टेस्ला चीन में ग्राहकों के लिए बहुत जल्द एफएसडी उपलब्ध करा सकती है। एक समाचार एजेंसी के अनुसार, टेस्ला ने 2021 के बाद से चीनी नियामकों द्वारा शंघाई में अपने चीनी बेड़े द्वारा एकत्र किए गए सभी डाटा को संग्रहीत किया है और किसी को भी अमेरिका में वापस ट्रांसफर नहीं किया है।

### ई-कॉमर्स का तीसरा सबसे बड़ा बाजार होगा भारत

नई दिल्ली। 2030 तक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ई-कॉमर्स बाजार बन जाएगा और डिजिटल अर्थव्यवस्था का आकार बढ़कर 8,000 करोड़ डॉलर हो जाएगा। वहीं, इसी साल तक भारत का ई-कॉमर्स बाजार बढ़कर करीब 3,250 करोड़ डॉलर होने की उम्मीद है। एक अनुमान के मुताबिक, 2030 तक भारत में 50 करोड़ से ज्यादा लोग ऑनलाइन खरीदारी कर रहे होंगे। फिलहाल, भारत का ई-कॉमर्स बाजार करीब 1,130 करोड़ डॉलर का है, जो करीब 21त्न सालाना की दर से बढ़ रहा है। इसके बढ़ने का सबसे बड़ा कारक 13.5 रुपये प्रति जीबी की दर से किफायती इंटरनेट है। मोबाइल से इंटरनेट तक पहुंच में 2019 की तुलना में 2023-24 में 21 फीसदी की वृद्धि हुई है।2025 तक 87 प्रतिशत घरों में इंटरनेट कनेक्शन होगा। इंटरनेट उपभोक्ताओं के साथ ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों की संख्या में वृद्धि का अनुमान है।2019 से 2026 के बीच ग्रामीण भारत में 22 फीसदी की वार्षिक दर से सक्रिय इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 88 करोड़ से ज्यादा हो जाएगी। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था व ई-कॉमर्स बाजार में वृद्धि के कारणों में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) सबसे अहम है।2022 में इसके जरिये 1.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का लेन-देन किया गया। 2026 तक जब भारत की 81 फीसदी आबादी के पास स्मार्टफोन होगा, तो यह आबादी भी यूपीआई जैसे माध्यमों का उपयोग कर रही होगी।

### कॉरपोरेट आय, अमेरिका में ब्याज दर पर फैसले से तय होगी इस सप्ताह बाजार की चाल

कंपनियों की तिमाही आय के नतीजे, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले और अन्य वैश्विक रुझानों से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल निर्धारित होगी। विशेषज्ञों ने बताया कि इसके अलावा, विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियों, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की दिशा और रुपया-डॉलर विनिमय दर जैसे कारक भी व्यापार को प्रभावित करेंगे। महाराष्ट्र दिवस के कारण बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीना ने कहा कि घरेलू स्तर पर, चौथी तिमाही के नतीजे कुछ विशेष शेयरों को दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि मासिक ऑटो बिक्री के आंकड़े मई की शुरुआत में घोषित किए जाएंगे और मतदान का अगला चरण महत्वपूर्ण होगा। मीना ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर, एक मई को होने वाली अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का नतीजा महत्वपूर्ण होगा। इसके अलावा चीन और अमेरिका से जारी होने वाले आर्थिक आंकड़ों के साथ ही वैश्विक मुद्रा बाजार में होने वाली हलचल भी बाजार को प्रभावित करेगी। इस सप्ताह टाटा केमिकल्स, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आईओसी, अदाणी पावर, अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी ग्रीन एनर्जी, एमआरएफ और टाइटन के नजीते आने हैं।

# फेड के निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई। भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित निवेशकों की दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत तक की बढ़त पर रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों को लेकर होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 641.83 अंक अर्थात 0.9 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 73730.16 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 272.95 अंक यानी 1.23 प्रतिशत मजबूत होकर 22419.95 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह दिग्गज कंपनियों के मुकाबले बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक लिवाली हुई। इससे मिडकैप 1583.26 अंक अर्थात 3.95 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 41587.77 अंक हो गया। इसी तरह स्मॉलकैप 1805.5 अंक यानी 3.97 प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ 47239.29 अंक पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार, इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव घटने, तेल की कीमतों में गिरावट और स्थानीय स्तर पर विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में बढ़त से पीएमआई के बेहतर प्रदर्शन से प्रेरित देश के मजबूत आर्थिक आंकड़ों ने बीते सप्ताह बाजार में तेजी को बढ़ावा दिया। हालांकि अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अप्रत्याशित गिरावट और अमेरिकी कोर पीसीई मूल्य सूचकांक में उछाल के कारण पिछले कारोबारी दिन वैश्विक शेयर बाजार में गिरावट आई। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में आईटी क्षेत्र की कंपनियों के कमजोर परिणाम के कारण घरेलू बाजार का प्रदर्शन एशियाई बाजारों के मुकाबले कमजोर रहा। वहीं, परिसंपत्ति की गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद और निजी बैंकों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के



नियामक ईकोसिस्टम ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

अगले सप्ताह बाजार में सुदृढ़ीकरण की उम्मीद की जा सकती है। इसके अलावा अगले सप्ताह फेड रिजर्व की ओपन मार्केट कमेटी की होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में लिये जाने वाले निर्णय और अमेरिका में गैर-कृषि क्षेत्र के रोजगार आंकड़ों पर बाजार की नजर रहेगी। साथ ही अगले सप्ताह यूको बैंक, अल्ट्रासिमको, आईओसी, अडाणी पावर, अडाणी पोर्ट्स और कोल इंडिया जैसी दिग्गज कंपनियों की 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की अंतिम तमाही के परिणाम की बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

बीते सप्ताह बाजार में चार दिन तेजी जबकि सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस गिरावट रही। निवेशकों का फोकस इजराइल-ईरान तनाव से हटकर इस सप्ताह कंपनियों के जारी होने वाले परिणाम पर शिफ्ट होने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 560.29 अंक की छलांग लगाकर 73,648.62 अंक और निफ्टी 189.40 अंक उछलकर 22,336.40 अंक पर बंद हुआ।

विदेशी बाजार के सकारात्मक रुझान की बदौलत स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, रियल्टी, टेक और यूटिलिटीज समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से मंगलवार को शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी रही। सेंसेक्स 89.83 अंक चढ़कर 73,738.45 अंक और निफ्टी 31.60 अंक मजबूत होकर 22,368.00 अंक पर रहा।

इजराइल-ईरान तनाव को लेकर जारी चिंता कम होने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर धातु, कमोडिटीज, हेल्थकेयर और इंडस्ट्रियल्स समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली से बुधवार को सेंसेक्स 114.49 अंक मजबूत होकर 73,852.94 अंक और निफ्टी 34.40 अंक चढ़कर 22,402.40 अंक हो गया।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एक्सिस बैंक और एसबीआई समेत 22 दिग्गज कंपनियों की करीब छह प्रतिशत तक की तेजी से गुरुवार को सेंसेक्स 486.50 अंक की छलांग लगाकर 74,339.44 अंक पर पहुंच गया। साथ ही निफ्टी 167.95 अंक की उड़ान भरकर 22,570.35 अंक हो गया।


वहीं, विदेशी बाजारों के सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, मारुति, एसबीआई और रिलायंस समेत 24 दिग्गज कंपनियों के करीब आठ प्रतिशत तक लुढ़कने से शुक्रवार को शेयर बाजार की पिछले लगातार पांच दिन की तेजी पर ब्रेक लग गया। सेंसेक्स 609.28 अंक की भारी गिरावट लेकर 73,730.16 अंक और निफ्टी 150.40 अंक का गोता लगाकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ।

# अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी; दालें महंगी

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में उबाल रहा तथा दालें भी महंगी हो गईं जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 99 रिंगिट गिरकर 3956 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.53 सेंट उबलकर 45.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही। इस दौरान सरसों तेल 513 रुपये, सोया रिफाइंड 659 रुपये और वनस्पति तेल 400 रुपये प्रति क्विंटल उबल गया जबकि मूंगफली तेल 293 रुपये और सूरजमुखी तेल 294 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। वहीं, पाम



ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12967 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19780 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12160 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11721 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8400 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना 100 रुपये, दाल चना 100 रुपये, मूंग दाल 350 रुपये, उड़द दाल 800 रुपये और अरहर दाल 300 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मसूर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 10200-10300, उड़द दाल 11400-11500, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रही।

अनाज : अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चीनी और गुड़ की कीमत पुराने स्तर पर टिकी रही।

साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 4000-4100, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## अडानी कनेक्स ने 1.44 अरब डॉलर जुटाने को बनाई सस्टेनेबिलिटी लिंक्ड फाइनेंसिंग

अहमदाबाद। अडानी एंटरप्राइजेज और एज कनेक्स के संयुक्त उपक्रम अडानी कनेक्स ने 1.44 अरब डॉलर तक जुटाने के लिए भारत की सबसे बड़ी सस्टेनेबिलिटी लिंक्ड फाइनेंसिंग स्थापित की है। कपनी ने रविवार को यहां जारी बयान में बताया कि यह लेनदेन अडानीकनेक्स के निर्माण कारोबार में वित्तपोषण पूल को 1.65 अरब डॉलर तक बढ़ा देगा। डेटा सेंटर सुविधाएं परिचालन दक्षता की बदौलत ईकोलॉजिकल फुटप्रिंट को कम करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों का इस्तेमाल करेगी। लिक्विडिटी के विस्तृत पूल तक पहुंच बढ़ती मांग के साथ पोर्टफोलियो परिसंपत्तियों के कार्यान्वयन को तेजी से ट्रैक करने की कंपनी की रणनीति को मजबूत करती है। फाइनेंसिंग के प्रति यह परिवर्तनकारी दृष्टिकोण टिकाऊ डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देगा और भारत के डिजिटल विकास को गति देगा। अडानी कनेक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जयकुमार जनकराज ने कहा, यह मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना की चुनौतियों का सामना करने के लिए हितधारकों के सामूहिक संकल्प का प्रमाण है, जिससे मानदंडों को आगे बढ़ाया जा सके और नए उद्योग मानक स्थापित किए जा सकें। निर्माण वित्तपोषण अडानी कनेक्स पूंजी प्रबंधन योजना का एक बुनियादी तत्व है, जो हमें स्थिरता और पर्यावरणीय प्रबंधन में मजबूती से निहित डेटा सेंटर समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाता है। हमें अपने सम्मानित अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग भागीदारों के साथ इस यात्रा को शुरू करने में खुशी हो रही है।

## भारतीय युवाओं में बेरोजगारी सबसे ज्यादा मगर यह अस्थाई

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि युवा आयु वर्ग में बेरोजगारी सबसे ज्यादा है, लेकिन यह अस्थाई है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय युवा कौशल हासिल करने और उद्यम शुरू करने में अधिक समय लगाते हैं।

गोयल ने कहा कि मजबूत वृद्धि के साथ देश में रोजगार सृजन में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, अधिक योग्य लोगों में युवा बेरोजगारी अधिक है, लेकिन वे अधिक वेतन भी कमाते हैं।

उन्होंने कहा, इसलिए, युवा कौशल हासिल करने और नौकरी की तलाश में अधिक समय बिता रहे हैं।

गोयल अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट पर एक सवाल का जवाब दे रही थीं।

इस रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में, भारत की कुल बेरोजगार आबादी में बेरोजगार युवाओं की हिस्सेदारी लगभग 83 प्रतिशत थी।

## जॉइंट वेंचर के लिए 8 ग्लोबल बैंकों से जुटाए 144 करोड़ डॉलर

एशिया के दूसरे सबसे अमीर उद्योगपति गौतम अदाणी की कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज और प्राइवेट डेटा सेंटर ऑपरेटर एजकॉनेक्स के जॉइंट वेंचर अदाणीकॉनेक्स ने 8 ग्लोबल बैंकों से फंडिंग के जरिये 144 करोड़ डॉलर (करीब 11,520 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। एक्सचेंजों को दी गई जानकारी में कंपनी ने बताया कि यह देश में सबसे बड़ी पर्यावरण अनुकूल फाइनैंसिंग है। कंपनी ने बयान में बताया कि 'फंडिंग की प्रारंभिक प्रतिबद्धता 87.5 करोड़ डॉलर है।

## आईसीएआई ने ईवाय इंडिया की दो कंपनियों को लगाई फटकार, तीन संस्थाओं को माना दोषी

नई दिल्ली। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की सर्वोच्च संस्था इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने ईवाय इंडिया से जुड़ी तीन संस्थाओं को पेशेवर कदाचार का दोषी माना है। आईसीएआई ने चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम के उल्लंघन के लिए दो संस्थानों को फटकार लगाई है। आईसीएआई ने सीए राज कुमार अग्रवाल को पेशेवर कदाचार का दोषी पाया है। बाजार नियामक सेबी ने फार्म टेक साइलो एलएलपी को धन संग्रह मामले की जांच रिपोर्ट सामने आने तक प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित कर दिया है।

साइलो एलएलपी को ग्रोपिटल के नाम से भी जाना जाता है। कंपनी पर अनधिकृत निवेश योजनाओं के माध्यम से धन संग्रह करने का आरोप है।

वहीं, सेबी ने अपने पहले आदेश को संशोधित किया और ग्रोपिटल के निदेशकों ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों को खोल दिया है। अपीलीय ट्रिब्यूनल एनसीएलएटी ने कर्ज में डूबी कंपनी के प्रमुख बैंकर पीएनबी द्वारा प्रदान किए गए आईटीपीसीएल के परिसमापन मूल्य का विरोध करने वाली एसबीआई की याचिका खारिज कर दिया है।

ट्रिब्यूनल ने कहा कि देश का सबसे बड़ा ऋणदाता आईएल एंड एफएस समूह की थर्मल पावर कंपनी की ऋण पुनर्गठन प्रक्रिया को टाल नहीं सकता।

## नेट मुनाफे में बैंक-बीमा फर्मों का दबदबा, कंपनियों की आय में भी जबरदस्त इजाफा

अभी तक वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे जारी करने वाली कंपनियों की आय बीती चार तिमाही में सबसे ज्यादा बढ़ी है। बीते शनिवार तक 178 कंपनियों (सहायक इकाइयों को छोड़कर) ने अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा की हैं और इनकी बिक्री वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही की तुलना में 13.2 फीसदी बढ़ी है जिससे उनकी कुल आय 9.1 लाख करोड़ रुपये रही। इन कंपनियों की अन्य आय को भी शामिल कर लें तो कुल आय में 16 फीसदी का इजाफा हुआ है जो पिछली चार तिमाहियों में सर्वाधिक है।

इसी तरह वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में इन कंपनियों की कमाई 12.7 फीसदी बढ़ी है। ?वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही की तुलना में वित्त वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनियों का मुनाफा 310 आधार अंक बढ़ा जबकि दिसंबर 2024 तीसरी तिमाही के मुकाबले इसमें 110 आधार अंक का इजाफा हुआ है। मुनाफा वृद्धि में करीब 70 फीसदी हिस्सेदारी बीएफएसआई क्षेत्रों के दम पर हुई है। अभी तक जिन कंपनियों ने अपने नतीजे जारी किए हैं उनमें करीब एक-तिहाई हिस्सेदारी सॉफ्टवेयर तथा बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र की फर्मों का है। दिसंबर तिमाही की तरह ही आय और शुद्ध मुनाफे के मामले में वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में भी बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र की कंपनियों का दबदबा रहा।

बीएफएसआई क्षेत्र की सकल ब्याज आय सालाना आधार पर 30.3 फीसदी बढ़कर 2.36 लाख करोड़ रुपये रही जबकि इस क्षेत्र की कंपनियों का मुनाफा भी 22.4 फीसदी बढ़ा है जो चार तिमाही में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी है। बीएफएसआई क्षेत्र के मुनाफा वृद्धि में सबसे ज्यादा योगदान ऐ?क्सिस बैंक का रहा।

बीएफएसआई क्षेत्र का दमदार प्रदर्शन मुख्य रूप से बैंकिंग क्षेत्र में मजबूत उधारी वृद्धि, उच्च शुल्क आय और बेहतर परिसंप?त्ति गुणवत्ता के कारण दिखा है। मगर ऊंची जमा दरों के कारण मार्जिन पर दबाव बना हुआ है। अगर इस नमूने से बीएफएसआई क्षेत्र की फर्मों को निकाल दें तो बाकी कंपनियों की कुल आय वृद्धि घटकर 8.2 फीसदी रह गई है और मुनाफे में भी केवल 6.4 फीसदी इजाफा हुआ है, जो तीन तिमाही में सबसे कम है।

तेल एवं गैस क्षेत्र की आय में 10.1 फीसदी का इजाफा हुआ है जो 178 कंपनियों की कुल आय वृद्धि से कम है। इसी तरह इन क्षेत्र की कंपनियों का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 3.1 फीसदी घटा है। ऊंचे कर देनदारी की वजह से रिलायंस इंडस्ट्रीज के संचयी शुद्ध मुनाफे में 1.8 फीसदी की कमी आने के कारण तेल-गैस क्षेत्र का मुनाफा घटा है।

आईटी, गैर-बीएफएसआई, गैर-तेल एवं गैस क्षेत्र की कंपनियों के कमजोर प्रदर्शन से भी नमूने में शामिल कंपनियों की कुल आय वृद्धि में कमी आई है। 14 आईटी कंपनियों ने अभी तक नतीजे जारी किए हैं और उनकी आय तकरीबन सपाट रही है।

चुनिंदा क्षेत्रों को छोड़ दिया जाए तो विनिर्माण क्षेत्र की कंपनियों ने भी संघर्ष किया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के प्रमुख (खुदरा अनुसंधान) दीपक जसानी ने गैर-बीएफएसआई और आईटी क्षेत्र की कंपनियों के प्रदर्शन के बारे में कहा कि रियल एस्टेट एवं होटल क्षेत्र की कंपनियों ने दमदार बिक्री और मुनाफा वृद्धि दर्ज की हैं।

## भारत के औद्योगिक सामान आयात में चीन की हिस्सेदारी बढ़कर 30 प्रतिशत हुईं

भारत के औद्योगिक सामान आयात में चीन की हिस्सेदारी पिछले 15 वर्षों में 21 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत हो गई है। आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की रिपोर्ट के अनुसार दूरसंचार, मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे चीन के औद्योगिक सामानों पर भारत की बढ़ती निर्भरता के साथ यह आंकड़ा बढ़ा। जीटीआरआई ने कहा कि चीन के साथ बढ़ता व्यापार घाटा चिंता का विषय है, और इस निर्भरता के रणनीतिक निहितार्थ गहरे हैं, जो न केवल आर्थिक बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा आयामों को भी प्रभावित करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 से 2024 तक, चीन को भारत का निर्यात सालाना लगभग 16 अरब अमेरिकी डॉलर पर स्थिर रहा है। दूसरी ओर, चीन से आयात 2018-19 में 70.3 अरब डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 101 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत सरकार और उद्योगों को अपनी आयात रणनीतियों का मूल्यांकन करना चाहिए, और अधिक विविध तथा लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देना चाहिए।

## भारत-रूस दोबारा आए साथ-साथ, चीन के लोन से बने एयरपोर्ट की अपने हाथों में ले ली कमान

एक समय जिस बंदरगाह को भारत खरीदना चाहता था, जो भारत के लिए राजनीतिक और व्यापारिक तौर पर काफी अहम था, मगर नाकाम रहने के बाद उसी हंबनटोटा में बने दुनिया के सबसे खाली एयरपोर्ट को भारत ने रूस के साथ मिलकर खरीद लिया है। श्रीलंका की कैबिनेट ने चीन के द्वारा बनाए गए मटाला राजपक्षे इंटरनैशनल एयरपोर्ट को रूस और भारत की फर्म को 30 साल के लिए सौंप दिया है।

### दूसरी बार भारत-रूस आए साथ साथ

दिलचस्प बात यह भी है कि भारत और रूस के साथ ऐसा दूसरी बार हो रहा है जब दोनों देशों की फर्मे एक साथ मिलकर किसी तीसरे देश में प्रोजेक्ट का संचालन करें। इसके पहले दोनों देश बांग्लादेश के पहले पावर प्लांट रूपपुर न्यूक्लियर पावर प्लांट को स्थापित करने के लिए साथ आए थे। इसे लेकर भी अभी काम जारी है।

### चीन की बैंक से लोन लेकर बनाया था एयरपोर्ट

श्रीलंका में इस एयरपोर्ट का ऑपरेशन मार्च 2013 में शुरू हुआ था। इसे चीन से हाई इंट्रेस्ट पर 20.9 करोड़ डॉलर का कमर्शियल लोन लेकर तैयार किया था। कुल लिए गए लोन का एक बड़ा हिस्सा (19 करोड़ डॉलर) चीन के एग्जिम बैंक से लिया गया था।

### 2013 से ही विवाद

2013 के बाद से ही इस एयरपोर्ट से उड़ानों की संख्या काफी कम हो गई और पर्यावरण की दृष्टि से भी काफी अहम होने और फाइनैंशियली घाटे में जाने की वजह से यह एयरपोर्ट लगातार विवादों में बना रहा। तत्कालीन राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के नाम से बना मटाला हवाई अड्डा उनके गृह जिले हंबनटोटा में एक चीन समर्थित इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट था। इस एयरपोर्ट को एक समय 'दुनिया का सबसे खाली एयरपोर्ट' कहा जाने लगा।साल 2017 में चीन के कर्ज से निपटने के लिए और मुनाफा कमाने के लिए श्रीलंका की सरकार ने निवेशकों को बुलाया। मगर इस एयरपोर्ट के ऑपरेशन के लिए कोई भी प्रपोजल सामने नहीं आया।

## शार्ट न्यूज

### माहेश्वरी चौहान ने स्कीट निशानेबाजी में भारत के लिए हासिल किया ओलंपिक कोटा

दोहा। भारतीय निशानेबाज माहेश्वरी चौहान ने रविवार को आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक शॉटगन क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में भारत के लिए पेरिस 2024 कोटा हासिल किया। माहेश्वरी चौहान दोहा में महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में चिली की फ्रांसिस्का क्रोवेटो चाडिड के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। दोनों ने 54 का स्कोर किया, लेकिन शूट-ऑफ में भारतीय निशानेबाज को पीछे छोड़ते हुए चिली शीर्ष पर रहा। यह 2024 पेरिस ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के लिए निशानेबाजी में भारत का 21वां कोटा था और शॉटगन स्पर्धाओं में पांचवां कोटा था। माहेश्वरी के कोटे का मतलब यह भी है कि भारत पेरिस में महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में दो निशानेबाजों का पूरा आवंटन कर सकता है। इससे पहले, माहेश्वरी चौहान ने क्वालीफायर में 121 का नेशनल रिकॉर्ड बनाकर चौथा स्थान हासिल किया और छह महिलाओं के फाइनल राउंड के लिए कट हासिल किया। गनेमत सेखों, 115 के साथ 24वें और अरीबा खान, 111 के साथ 47वें, दोनों ही कोटा राउंड के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहे। पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में, तीन भारतीय निशानेबाजों में से कोई भी क्वालीफाइंग दौर से आगे नहीं बढ़ सका।

### आईपीएल मैच की टिकट को लेकर अनिश्चितता

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में पांच मई को पंजाब और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाना है। ऐसे में क्रिकेट मैच को देखने के लिए दर्शकों को टिकट नहीं मिल पा रहे।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में होने जा रहे आईपीएल के दो मैचों को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। हालांकि कुछ लोग निराश भी हो रहे हैं क्योंकि उन्हें टिकट नहीं मिल पा रहे हैं। मांग अत्यधिक होने के चलते लोगों को टिकट मिलना मुश्किल हो रहा है। तो वहीं जिन लोगों को टिकट मिल भी रहा है उन्हें उसके ज्यादा पैसे चुकाने पड़ रहे हैं। गौरतलब है कि धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम मे पांच मई को पंजाब और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाना है। ऐसे में क्रिकेट मैच को देखने के लिए दर्शकों को टिकट नहीं मिल पा रहे। आलम यह है कि टिकट के लिए लोगों में मारामारी चल रही है। आईपीएल मैच की टिकट की बिक्री तो शुरू हुई है लेकिन वेबसाइट पर टिकट बुक करना क्रिकेट प्रेमियों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। मांग ज़्यादा होने से एक तरफ फ्रेंचाइजी ने टिकट के दाम बढ़ा दिए तो वहीं, दूसरी ओर कई लोगों को टिकट ही नहीं मिल पा रहे। सस्ते वाले टिकट 500 रुपये महंगा कर दिया गया है।

### दीपिका कुमारी ने जीता रजत पदक

शंघाई। तरुणदीप राय, प्रवीण जाधव और धीरज बोम्मदेवरा की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप 2024 में स्वर्ण तथा दीपिका कुमारी ने महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक जीता। चीन के शंघाई में आयोजित शिखर मुकाबले में भारतीय तिकड़ी ने दबाव में शांत रहकर कोरियाई तीरंदाजों के खिलाफ 5-1 से शानदार जीत हासिल करते हुए पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। यह 14 वर्षों में पुरुषों की रिकर्व टीम तीरंदाजी में भारत का पहला विश्व कप स्वर्ण पदक था। भारतीय तिकड़ी ने दक्षिण कोरियाई तीरंदाजों पर 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत दर्ज की। दीपिका कुमारी को दक्षिण कोरिया की लिम सिह-योन से हारने के बाद महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक से संतोष किया। लिम ने दीपिका को 6-0 (27-26, 29-27, 28-27) से हराया। भारत ने अंकिता भकत और धीरज की बदौलत मिश्रित टीम रिकर्व में कांस्य पदक जीता। भारत ने इस प्रतियोगिता को पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित कुल आठ पदकों के साथ समाप्त किया। पुरुष टीम के रिकर्व फाइनल में भारत को दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त टीम के खिलाफ एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ा, जिसमें किम वूजिन और किम जे देओक – टोक्यो 2020 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम के दो सदस्य शामिल थे।

### इशांत और वॉर्नर एक और हफ्ते के लिए रहेंगे बाहर

नयी दिल्ली। धाकड़ बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और तेज गेंदबाज इशांत शर्मा प्लेइंग इलेवन से बाहर रहेंगे, वह चोट से अभी उबर नहीं पाये है और उन्हें पूरी तरह फिट होने के लिए अभी एक और सप्ताह का समय लगेगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 10 रन से जीत के बाद दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के असिस्टेंट कोच प्रवीण आमरे कहा, मुझे लगता है कि वॉर्नर को पूरी तरह फिट होने में एक सप्ताह और लगेंगे और इशांत को भी इतना ही समय लगेगा। इशांत की पीठ में जकड़न में है जो दो मैच पहले हुआ था। वॉर्नर को हाथ में चोट लगी है जिससे वह अभी उबर नहीं पाए हैं। उनका एमआरआई कराया गया था जिसमें उनकी चोट के बारे में पता चला है कि उन्हें दो से तीन सप्ताह आराम करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि हम जब दिल्ली वापस आएंगे तो वे सिलेक्शन के लिए तैयार होंगे। पृथ्वी शॉ को लेकर उन्होंने कहा, जब हम मैदान में पहुंचे तो पृथ्वी अच्छा महसूस नहीं कर रहे थे। इसके बाद हमने फैसला लिया कि यदि वह पूरी तरह फिट नहीं हैं तो हम अभिषेक पोरेल के साथ जाएंगे। दिल्ली कैपिटल्स का अगला मैच 29 अप्रैल को कोलकाता में कोलकाता नाइट राइडर्स के ख़िलाफ़ होना है और इसके बाद वे सात मई को वापस आकर दिल्ली में राजस्थान रॉयल्स का सामना करेंगे।

### भारतीय महिला टीम सिंगापुर को हराकर थॉमस कप क्वार्टरफाइनल में पहुंची

चेंगदू । भारतीय महिला बैडमिंटन टीम रविवार को सिंगापुर को 4-1 हराकर थॉमस और उबेर कप टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी है। चीन के चेंगदू में खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम की सिंगापुर के खिलाफ शुरुआत अच्छी नहीं रही। अश्मिता चालिहा शुरुआती एकल मुकाबले में सिंगापुर की येओ जिया मिन से हार गईं और भारत 1-0 से पिछड़ गया। इसके बाद प्रिया कोन्जेंगबाम/श्रुति मिश्रा ने जिओ एन हेंग और जिन यू जिया के खिलाफ अपना युगल मैच 21-15, 21-16 से जीतकर भारतीय अभियान की शुरुआत की। दुनिया की 83वें नंबर की इशरानी बरुआ ने 151वीं रैंकिंग वाली इंसिइरा खान को 21-13, 21-16 से हराकर भारत को बढ़त दिला दी, इससे पहले कनाडा के खिलाफ मैच हारने वाली सिमरन सिंघी/रितिका ठाकर ने टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की। इस वर्ष की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम की स्वर्ण पदक जीत की हीरो और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 17 वर्षीय अनमोल खरब ने ली शिन यी मेगन को 21-15, 21-13 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि युवा भारतीय महिला टीम ने पीवी सिंधु, अश्विनी पोनप्पा-तनिषा क्रैस्टो और गायत्री गोपीचंद-ट्रीसा जॉली जैसे बड़े नामी खिलाड़ियों की कमी के बावजूद शनिवार को ग्रुप ए के ओपनर में कनाडा को 4-1 से हरा दिया ।

### इजरायल ने हमास के 12 ठिकानों पर किए हमले

गाजा। इजरायली वायु सेना (आईडीएफ) ने पिछले दिनों गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी हमास आंदोलन के रॉकेट लॉन्चरों सहित दर्जनों ठिकानों पर हमला किया और फिलिस्तीनी क्षेत्र में अज्ञात संख्या में कट्टरपंथियों को नष्ट कर दिया। आईडीएफ ने रविवार को यह जानकारी दी। बयान में कहा गया,पिछले दिन, आईडीएफ के लड़ाकू विमानों और अतिरिक्त विमानों ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे, प्रक्षेपण स्थलों, सशस्त्र आतंकवादियों तथा अवलोकन चौकियों सहित दर्जनों आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इसके अलावा, इजरायली नौसेना के सैनिकों ने भी हमास के ठिकानों पर हमला किया और मध्य गाजा पट्टी में आईडीएफ जमीनी सैनिकों की सहायता करने का काम किया। आईडीएफ ने कहा कि इजरायली सेना ने फिलिस्तीनी एन्क्लेव के मध्य भाग में कई हमास कट्टरपंथियों की भी पहचान की और उन पर हमला किया। गत वर्ष सात अक्टूबर को, हमास ने गाजा से इज़राइल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया जिसमें 1,200 लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया।

# विल जैक्स का तूफानी शतक, बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को नौ विकेट से हराया

अहमदाबाद। विल जैक्स नाबाद (100) की तूफानी शतकीय और विराट कोहली की (74) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 45वें मैच में गुजरात टाइटंस को नौ विकेट से हरा दिया है।

201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कप्तान फाफ डुप्लेसी और विराट कोहली की जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 40 रन जोड़े। फाफ डुप्लेसी 12 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद आये विल जैक्स ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में पांच चौके और 10 छक्के लगाते हुए नाबाद (100) रनों की पारी खेली। वहीं विराट कोहली 44 गेंदों में छह चौके और तीन छक्कों की मदद से 70 रन बनाकर नाबाद रहे। बेंगलुरु ने 16 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात टाइटंस की ओर एक मात्र विकेट साई किशोर को मिला। बेंगलुरु की 10 मैचों में यह तीसरी जीत है।



इससे पहले साई सुदर्शन नाबाद (84) और शाहरुख खान (58) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स ने बेंगलुरु को जीत के लिए 201 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां नरेंद्र मोदी स ?टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (5) का विकेट गवां दिया।

उसके बाद कप्तान शुभमन गिल (16) बनाकर पवेलियन लौट गये। साई सुदर्शन और शाहरुख खान की जोड़ी ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट लिये (86)रनों की साझेदारी की। शाहरुख खान ने 30 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए (58) रन बनाये।

साई सुदर्शन ने 49 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 84 रनों की पारी खेली। डेविड मिलर 19 गेंदों में 26 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 200 रन का स्कोर खड़ा किया।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से स्वप्निल सिंह, मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने एक-एक विकेट लिया।

## बिश्नोई को लाने में देर कर दी, हमें 20 रन और बनाने चाहिए थे : राहुल

लखनऊ । लखनऊ सुपर जॉयंट्स के कप्तान केएल राहुल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली हार को लेकर कहा कि हमें कम से कम 20 रन और बनाने चाहिए थे तथा हमने रवि बिश्नोई को लाने में देरी कर दी।

मैच के बाद राहुल ने कहा, हमने 20 रन कम बनाए। हमें एक अच्छी शुरुआत नहीं मिली थी लेकिन हूडा और मेरी साझेदारी ने टीम को दोबारा पटरी पर लाने का काम किया था।

राहुल ने कहा, जब हम सेट थे तो वही समय था कि यदि हूडा ने 20 और रन बना दिए होते या फिर मैंने ही 20 और रन बना दिए होते तो शायद हम 220 पर पारी समाप्त करते। हम देख रहे हैं कि जिस तरह के मैच हो रहे हैं उसमें बल्लेबाज़ों को गेंदबाज़ों के लिए अतिरिक्त करने की जरूरत है। अंतिम ओवरों में राजस्थान रॉयल्स ने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन हमें 20-25 रन और बनाने के लिए जोर लगाना चाहिए था। राहुल ने बिश्नोई को इतनी देर में लाने पर कहा, मिश्रा एक अनुभवी खिलाड़ी हैं और हम पहले मैच से ही उन्हें इस्तेमाल करने के बारे में सोच रहे हैं। आज वो दिन था जब हमें लगा कि बीच के ओवरों में वह प्रभावशाली हो सकते हैं क्योंकि बाउंड्री बड़ी है और वह धीमी गेंद डालते हैं। हम बिश्नोई को अंत में इस्तेमाल करने के बारे में सोच रहे थे। हालांकि, जब एक बार रन बनने लगे तो उन्होंने विकेट गंवाने के बाद भी हमारे गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। उन्होंने, तेज गेंदबाजों के खिलाफ उन्होंने गति का अच्छा इस्तेमाल किया और मुझे बिश्नोई को लाने का सही समय ही नहीं मिला। मुझे लगता है कि जब मैं उन्हें लाया तो काफ़ी देर हो चुकी थी। प्लान था कि उन्हें अंत के लिए रोकना है और यदि पॉवेल या हेटमायर आएं तो उनके खिलाफ उनका इस्तेमाल किया जाए।




### कर्स्टन सफेद बॉल के और गिलेस्पी पाकिस्तान की टेस्ट टीम के मुख्य कोच नियुक्त

लाहौर। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी को पाकिस्तान की टेस्ट टीम का तथा दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सीमित ओवर टीमों का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। इसके अलावा न्यूजीलैंड सीरीज के अस्थायी तौर पर नियुक्त किये अजहर महमूद सहायक कोच के रूप में अपनी सेवाओं को जारी रखेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने यह घोषणा करते हुए कहा, हम मेडिकल साइंस में उतने आगे नहीं हैं, इसलिए हमारे देश में फिटनेस के मुद्दे हैं। हम सर्वश्रेष्ठ विकल्पों को चुनना चाहते थे ताकि देश के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम आ सके। हमने जिनको चुना है, उनके रिकॉर्ड शानदार रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व कोच ग्रैंट ब्रैडबर्न इस वर्ष जनवरी में अपने पद से हटा दिया गया था और फिर शेन वॉटसन को मुख्य कोच बनाने के लिए अप्रोच किया गया था। हालांकि बाद में बात नहीं बनी और अब लाल और सफेद गेंद की टीमों के लिए अलग-अलग कोच बनाया गया है।

## भारतीय महिला टीम ने टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को 45 रनों से हराया

सिलहट । यास्तिका भाटिया, शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर की शानदार पारियों और उसके बाद रेणुका सिंह और पूजा वस्त्रकर की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को 45 रनों से हरा दिया है।

भारतीय गेंदबाज रेणुका सिंह ने पहले ही ओवर में दिलारा अख्तर (4) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में शोबना मोस्तारी (6) को बोल्ड कर दिया। अगले ही ओवर में दीप्ति शर्मा ने मुर्शीदा खातून (13) को आउट कर बंगलादेशी बल्लेबाजों पर दबाव बनाये रखा। इसके बाद बंगालादेश के विकेट लगातार गिरते रहे। फाहिमा खातून (1), शोरना अख्तर (11), राबेया खान (2), नाहिदा अख्तर (9) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान निगार सुल्ताना ने टीम के लिए सर्वाधिक (51)रनों की पारी खेली। बंगलादेश की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 101 रन ही बना सकी।




भारत की ओर से रेणुका सिंह ने तीन विकेट लिये। पूजा वस्त्रकर को दो विकेट मिले। श्रेयंका पाटिल, दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले भारत ने बंगलादेश को जीत के लिए 146 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत का प्रयास किया। इसी दौरान तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर स्मृति मंधाना (9) को फरीहा तृस्ना ने उन्हें बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद यास्तिका भाटिया ने शेफाली वर्मा के साथ दूसरे विकेट लिये 43 रन जोड़े। शेफाली ने 22 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (31) रन बनाये। यास्तिका भाटिया ने 29 गेंदों में छह चौकों की मदद से सर्वाधिक (36) रन बनाये।

# हमले वाले जहाज पर पहुंची भारतीय नौसेना

## हेलिकॉप्टर से एरियल रैकी भी की; कहा- 22 भारतीय समेत सभी 30 क्रू मेंबर सेफ

हूतियों के हमले का शिकार हुए जहाज MV अंड्रोमेडा स्टार पर रविवार (28 अप्रैल) को भारतीय नौसेना पहुंची। नौसेना ने जहाज को सुरक्षित करने के लिए एरियल रैकी समेत कई सिक्योरिटी ड्रिल्स किए। नौसेना ने कहा है कि शिप पर मौजूद 22 भारतीयों समेत 30 लोगों का क्रू सेफ है।

दो दिन पहले 26 अप्रैल को भारत आ रहे इस जहाज पर लाल सागर में मिसाइल अटैक हुआ था। इसकी जिम्मेदारी यमन के हूती विद्रोहियों ने ली थी।

नौसेना ने ऑफिशियल स्टेटमेंट में कहा कि नेवल डिस्ट्रॉयर जहाज INS कोच्चि ने MV एंड्रोमेडा स्टार जहाज को लाल सागर में रोका। इसके बाद जहाज पर नेवी की बोर्डिंग EOD टीम ने रिस्क असेसमेंट किया। एक्सप्लोसिव ऑर्डिनेंस डिसपोजल टीम का काम जहाज पर किसी भी तरह के खतरे का आकलन करना होता है। इसके अलावा यह टीम खतरनाक विस्फोटकों की पहचान करती है।

### जहाज पर कई मिसाइलों के साथ 2 बार हमले हुए

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शुक्रवार (26 अप्रैल) भारत आ रहे



MV अंड्रोमेडा स्टार जहाज पर 2 बार हमला हुआ था। इस दौरान हूतियों ने कई मिसाइलें दागीं थी। हालांकि, पहले हमले में दागी गई मिसाइलें जहाज पर न गिरकर उसके नजदीक समुद्र में गिरीं थी। दूसरे हमले में जहाज को नुकसान पहुंचा था।

लाल सागर में जहाज पर हमला कई दिनों की शांति के बाद अचानक हुआ था। इससे पहले इजराइल के साथ तनाव के बीच ईरान ने भारत आ रहे एक जहाज को होर्मुज पास से कब्जे में ले लिया था।

ईरान ने कहा था कि वे बिना मंजूरी उनकी समुद्री सीमा में घुसा था। जहाज के क्रू मेंबर्स में 17 भारतीय और 2 पाकिस्तानी भी थे।

हूतियों ने शुक्रवार( 26 अप्रैल) को अमेरिका के MQ-9 रीपर ड्रोन को भी अपना निशाना बनाया था। हूतियों ने यमन के सादा प्रोविंस में ड्रोन को मिसाइल अटैक से मार गिराया था।

### हूतियों के हमले से भारत को नुकसान

ग्लोबल ट्रेड का करीब 12 प्रतिशत और 30 प्रतिशत कंटेनर ट्रैफिक हर साल लाल सागर के स्वेज कैनाल से होकर गुजरता है। लेकिन हूती विद्रोहियों के हमलों से यूरोप और एशिया के बीच मुख्य मार्ग पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

भारत का 80 प्रतिशत व्यापार समुद्री रास्ते से होता है। वहीं 90 प्रतिशत ईंधन भी समुद्री मार्ग से ही आता है। समुद्री रास्ते में हमले से भारत के कारोबार पर सीधा असर पड़ता है। इससे सप्लाई चेन बिगड़ने का खतरा है। हूतियों से निपटने के लिए अमेरिका ने करीब 10 देशों के साथ मिलकर एक गठबंधन भी बनाया है, जो लाल सागर में हूतियों को रोकने और कार्गो शिप्स को हमले से बचाने का काम कर रहा है।

### यूरोप से सामान लाने के लिए भारत के पास ये दो रास्ते

इजराइल-हमास जंग के बीच फिलिस्तीनियों के समर्थन में हूती विद्रोही लगातार लाल सागर में जहाजों पर हमला कर रहे हैं। इसकी वजह से कई जहाज अपना रास्ता भी बदल रहे हैं। हूतियों के हमलों के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने मिलकर अब तक 4 बार यमन में हूतियों के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की है।

अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, लाल सागर में लगातार हो रहे हूतियों के हमलों के कारण अंतरराष्ट्रीय ट्रेड पर गंभीर असर पड़ रहा है।

भारत से यूरोप के लिए डीजल की सप्लाई पिछले 2 सालों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। इसमें करीब 90 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। एशिया से यूरोपियन यूनियन और ब्रिटेन जाने वाले कार्गो के शिपिंग चार्ज बढ़ गए हैं।

### इराक में समलैंगिक संबंध अपराध घोषित

बगदाद। इराकी संसद ने समलैंगिक संबंधों को अपराध मानने वाला एक विधेयक पारित किया है, जिसमें 15 साल तक की जेल की सजा का प्रावधान है। देश में धार्मिक मूल्यों को बनाए रखने में मदद करने की घोषणा करने वाले इन नए कानूनों का समर्थकों ने नारेबाजी कर स्वागत किया। बीबीसी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। रिपोर्ट में कहा गया है कि समलैंगिकता या वेश्यावृत्ति को बढ़ावा देने वाले, लिंग परिवर्तन सर्जरी करने वाले डॉक्टर, 'जानबूझकर' महिलाओं की तरह व्यवहार करने वाले पुरुष और 'पत्नी की अदला-बदली' में शामिल लोगों को भी नए कानून के तहत जेल की सजा का सामना करना पड़ेगा। नए कानून के तहत ट्रांसजेंडर लोगों को एक से तीन साल तक जेल भी भेजा जा सकता है। प्रमुख इराकी राजनीतिक दलों ने हाल के वर्षों में समलैंगिक (एलजीबीटी) अधिकारों की आलोचना तेज कर दी थी और इसके विरोध प्रदर्शनों में इंद्रधनुषी झंडे जलाए गए थे। अधिकार समूहों का कहना है कि नया कानून एलजीबीटी लोगों के खिलाफ उल्लंघन के इराक के रिकॉर्ड पर एक और काला धब्बा है। एलजीबीटी लोगों को लंबे समय से इराक में अधिकारियों द्वारा निशाना बनाया गया है, अन्य नैतिकता कानूनों का इस्तेमाल पहले उन्हें दंडित करने के लिए किया गया था।

### दो और बंधकों के जीवित होने का सबूत जारी

गाजा। फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने एक वीडियो जारी कर कथित तौर पर गाजा में बंधक बनाए गए दो और बंधकों के 'जीवित होने का पहला सबूत' दिखाया है। समाचार रिपोर्टों में रविवार को यह जानकारी दी गई। बीबीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जबरदस्ती फिल्माए गए फुटेज में ओमरी मिरान का कहना है कि उन्हें 202 दिनों के लिए हिरासत में रखा गया है और कीथ सीगल ने इस सप्ताह के फसह की छुट्टियों का उल्लेख किया है, जो यह दर्शाता है कि क्लिप हाल ही में फिल्माए गए है। फुटेज में दिनांक का उल्लेख नहीं है। जब हमास ने सात अक्टूबर को घातक हमले शुरू किए तो इन दोनों को पकड़ कर बंधक बना लिया था। वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए, उनके परिवारों ने कहा कि वे उनकी वापसी के लिए लड़ते रहेंगे क्योंकि उन्होंने इजरायली सरकार से एक नया बंधक रिहाई समझौता सुरक्षित करने का आग्रह किया है। नया वीडियो ऐसे समय में आया है जब हमास ने कहा कि वह संघर्ष विराम पर इजरायल के नवीनतम प्रस्ताव का अध्ययन कर रहा है। मीडिया में विभिन्न रिपोर्टों में कहा गया है कि मध्यस्थ मिस्र ने रुकी हुई वार्ता को फिर से शुरू करने के लिए इज़रायल में एक प्रतिनिधिमंडल भेजा था। इजरायल के विदेश मंत्री ने शनिवार को कहा कि यदि शेष बंधकों को मुक्त करने के लिए समझौते पर सहमति बन जाती है तो राफा में इजरायल के नियोजित जमीनी हमले को रोका जा सकता है।

### ब्रिटेन मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए गाजा में तैनात कर सकता है सेना

लंदन। ब्रिटेन मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए गाजा पट्टी में अपनी सेना भेज सकता है। स्काई न्यूज ने सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में हालांकि कहा गया है कि सरकार ने अभी तक इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय नहीं लिया है। ब्रिटेन की नौसेना ने शनिवार को कहा कि उसने 'गाजा में समुद्र से सीधे मानवीय सहायता पहुंचाने की अनुमति देने के लिए एक अस्थायी घाट' के निर्माण में सहायता के लिए एक आरएफए कार्डिगन खाड़ी का जहाज भेजा है। फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने पिछले साल सात अक्टूबर को इज़रायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया साथ ही नागरिकों और सैन्य ठिकानों दोनों पर हमला किया। हमले के दौरान इज़रायल में लगभग बारह सौ लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में अब तक 34,300 से अधिक लोग मारे गए हैं।

# चीन में बवंडर के कारण 5 लोगों की मौत

## 33 घायल, 141 फैक्ट्रीज को नुकसान; मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी किया

चीन के ग्वांगझोउ शहर में आए बवंडर के कारण पांच लोगों की मौत हुई है। वहीं 33 लोग घायल हुए हैं। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक तूफान शनिवार ( 27 अप्रैल) दोपहर ग्वांगझोउ शहर से टकराया। इस दौरान यहां 20.6 मीटर प्रति सेकंड की रफ्तार की अधिकतम हवा दर्ज की गई।

तूफान के कारण 141 फैक्ट्रीज की इमारतों को नुकसान पहुंचा है। हालांकि आवासीय इलाकों को नुकसान नहीं पहुंचा है। रेस्क्यू टीम ने स्थानीय समयानुसार शनिवार



(27अप्रैल) रात 10 बजे तक मिशन पूरा कर लिया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि तूफान अपनी अधिकतम तीव्रता 5 के मुकाबले 3 लेवल पर था।

पिछले साल भी चीन के ग्वांगझोउ शहर में एक भयंकर तूफान आया था, जिसमें 10 लोगों की मौत हुई थी। टाइफून हाइकुई नाम के इस तूफान के कारण बड़े पैमाने पर ग्वांगझोउ में नुकसान पहुंचा था।

हॉन्गकॉन्ग से 130 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्वांगझोउ शहर ग्वांगडोंग प्रांत की राजधानी है। ग्वांगडोंग प्रांत चीन के सबसे बड़े प्रांतों में से एक है। इसे चीन के इंडस्ट्रियल एरिया के रूप में भी जाना जाता है।

इस क्षेत्र में कई फैक्ट्रीज है, जो बड़ी मात्रा में चीनी सामानों को एक्सपोर्ट करती है।

### इशाक डार नामित हुए पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार को रविवार को उप प्रधानमंत्री के रूप में नामित किया गया। इस बात की जानकारी कैबिनेट डिवीजन की एक अधिसूचना में दी गयी है। कैबिनेट प्रभाग के कैबिनेट सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि श्री डार को तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक प्रभार दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस साल की शुरुआत में नई सरकार के गठन के बाद डार ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री के रूप में शपथ ली। तिहत्तर वर्षीय डार देश की संसद के ऊपरी सदन सीनेट के सदस्य हैं एवं पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के वरिष्ठ सदस्य हैं।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# बीजेपी ने भले ही सरकार के चेहरे बदल दिए, लोगों ने सरकार बदलने का मन बनाया : दीपेंद्र हुड्डा

## बीजेपी-जेजेपी उम्मीदवारों को गाँव में घुसने से रोकने की बजाय वोट की ताकत का इस्तेमाल करके संसद में घुसने से रोकें, प्रजातंत्र में यही सही तरीका

ललित कुमार गोठवाल

झज्जर। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने आज झज्जर हलके के गांव तलाव, ग्वालिसन, खेड़ी होशदारपुर, मरौत, छुछकवास, मातनहेल, मुंडसा, आमादल शाहपुर, अकहरी मदनपुर, मुंडाहेड़ा, बिराड़, लड़ायन, हमायुपूर, जमालपुर, धाना, धनीरवास, सालहावास, ढ़ाणी सालहावास, धनिया आदि गांवों में चुनाव प्रचार किया और छत्तीस बिरादरी का साथ, समर्थन, आशीर्वाद मांगते हुए अपने चुनाव की जिम्मेदारी भी गाँव को सौंपी। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि लोगों में बीजेपी सरकार के प्रति भारी नाराजगी है। इसको देखकर ही बीजेपी ने चुनाव से ठीक पहले सीएम, डिप्टी सीएम और मंत्रियों के चेहरे बदल दिए। लेकिन बीजेपी ने भले ही सरकार के चेहरे बदल दिए, लोगों ने अब सरकार बदलने का मन बना लिया है। दीपेन्द्र हुड्डा ने जनता से अपील की कि बीजेपी-जेजेपी उम्मीदवारों को गाँव में घुसने से रोकने की बजाय वोट की





ताकत का इस्तेमाल करके संसद में घुसने से रोकें, प्रजातंत्र में यही सही तरीका है। इस दौरान विधायक गीता भुक्कल मौजूद रहीं।

इस दौरान अपने सम्बोधन में दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय दिल्ली से लगते झज्जर और रोहतक के इस इलाके को काफी मेहनत करके आगे बढ़ाने की कोशिश की और स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, उद्योग समेत गांव का भी चौतरफा विकास कराया। लेकिन जब 2014 में सरकार बदली तो सारा काम ठप हो गया। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल में झज्जर, बादली, बहादुरगढ़, महम, कोसली, रोहतक, कलानौर, सांपला समेत 17 शहरों में बाईपास बनवाये और छुछकवास, मातन, सुबाना और बेरी का बाईपास एनसीआर प्लानिंग बोर्ड से मंजूर करा दिया था। लेकिन 10 साल में 4 मंजूरशुदा बाईपास भी नहीं बनवा पायी बीजेपी सरकार। दीपेन्द्र हुड्डा ने लोगों को विश्वास दिलाया कि इस बार वे इलाके को दोबारा से विकास की पटरी पर लाकर नोएडा और गुड़गांव की तर्ज पर आगे लेकर जाएंगे।

दीपेन्द्र हुड्डा ने मौजूदा सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि 10 साल में इस सरकार ने पूरे प्रदेश को विकास की पटरी से उतार दिया। न कोई नया काम किया, न लोगों की सुनवाई की। बीजेपी नेताओं का अहंकार सातवें आसमान पर है। हरियाणा को महंगाई, बेरोजगारी, नशा, अपराध, भ्रष्टाचार में नंबर 1 बना दिया। आज हर घर में नौजवान बेरोजगार है। इस सरकार को आम लोगों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है, इस बात को लोग समझ चुके हैं। किसान, मजदूर, महिलाएं, आँगनवाडी वर्कर, खिलाड़ी, कर्मचारी, सरपंच, सफाई कर्मचारी, ग्रामीण चौकीदार हर वर्ग पर सरकार ने लाठियाँ बरसाई। पूरे प्रदेश में बदलाव की लहर है और पूरे प्रदेश से एक ही आवाज गूंज रही है कि बीजेपी सरकार जा रही है और कांग्रेस सरकार आ रही है। लोग इस सरकार से छुटकारा पाने के लिए 25 मई को मतदान होने का इंतजार कर रहे हैं।

दीपेन्द्र हुड्डा ने अपने संकल्प दोहराते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर बुजुर्गों को 6000 रुपये महीना पेंशन, हर परिवार को 300 यूनिट फ्री बिजली, महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर, युवाओं के लिए खाली पड़े 2 लाख सरकारी पदों पर समयबद्ध पक्की भर्ती, किसानों की उपज को एमएसपी पर खरीदेंगे। गरीब परिवारों के लिए 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट योजना लागू कर उसपर 3.5 लाख रुपये की लागत से 2 कमरे का मकान देंगे, जनता को परेशान करने वाले पोर्टलों से छुटकारा दिलायेंगे। कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन स्कीम लागू करेंगे। गरीब परिवारों को पीला कार्ड, खेल-खिलाड़ियों के लिये पदक लाओ, पद पाओ की नीति लागू करेंगे। पिछड़ा वर्ग क्रीमी लेयर आय सीमा को 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख करेंगे और जैसे 2005 में सरकार बनने पर हरियाणा से अपराध व अपराधियों का सफाया किया था वैसे ही सारे गुंडे-बदमाशों को हरियाणा से बाहर कर अपराधमुक्त व भयमुक्त हरियाणा बनायेंगे। इस मौके पर जमालपुर गांव के लोग और छारा गांव से 14के प्रधान जोगिंद्र उर्फ भुन्डू,अजीत सिंह जीते,पप्पू उर्फ महाल,रौनक सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोहतक से दीपेंद्र हुड्डा को जीत दिलाने के लिए कुलदीप वत्स कर रहे लगातार डोर टू डोर कार्यक्रम

ललित कुमार गोठवाल

बादली विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के विधायक कुलदीप वत्स पिछले कई दिनों से डोर टू डोर कार्यक्रम के माध्यम से भाई दीपेंद्र हुड्डा और कांग्रेस पार्टी के लिए वोट मांग रहे हैं। यही वजह है कि यह अनुमान लगाया जा रहा है कि रोहतक सीट से अगर भाई दीपेंद्र हुड्डा को जीत हासिल होती है तो उसमे सबसे अधिक बढ़त बादली विधानसभा से होगी। आज कुलदीप वत्स अपने डोर टू डोर कार्यक्रम के दौरान ग्राम बाढ़सा में पहुंचे, जहां उन्होंने लोगों से भाई दीपेंद्र हुड्डा को वोट देने के लिए अपील किया। वहीं उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते



हुए कहा कि मोदी जी अपनी गारंटी के बारे में बात करते हैं, लेकिन उनकी गारंटी सफल नहीं हुई है। लोगों को उनकी गारंटी नहीं मिली। उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरी की बात कही, लेकिन लोगों को नौकरी नहीं मिली। उन्होंने 15-15 लाख रुपये देने का वादा किया था, लेकिन यह गारंटी भी पूरी नहीं किया। आगे उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने किसानों से किये वादे भी पूरे नहीं किये। इसी लिए यदि आप चाहते हैं कि आपका भला हो तो आप भाई दीपेंद्र हुड्डा को और कांग्रेस पार्टी को वोट दे। इस दौरा कुलदीप वत्स ने बाढ़सा में कार्यक्रम के दौरान रिषि, समुंद्र, परमजीत, हरी सिंह फौजी को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई।

वहीं विधायक के साथ राजेन्द्र जिला पार्षद, मोटा कोच लाडपुर, रिटायर्ड डी आई जी धर्मपाल ढाकला, जीतू ब्लॉक समिति मैम्बर, सुनील सरपंच खेड़का गुज्जर, रामबीर सरपंच खेड़ी जट्ट, बबलू लाडपुर, चेतनानंद, जोगेंद्र, रणबीर गुलिया, योगेश किन्हा, राजपाल, सोनू, रामनिवास, सुरेंद्र ठेकेदार सिलाना, प्रवेश गुभाना एवं कांग्रेस पार्टी के अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सेवाभाव को लेकर डॉक्टर ने बनाया लोगों के हृदय में स्थान

सीतापुर । जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर में संविदा पर तैनात एक डॉक्टर ने सेवा भाव के चलते लोगों के हृदय में अपना स्थान बना लिया है। बताते हैं कि जनसेवा को लेकर डा0 ऐहतशाम ने लोगो के दिलों में जगह बना ली है।

जानकारी के अनुसार जिले के विकास खण्ड परसेडी क्षेत्र के रहने वाले एक निम्न परिवार में जन्मे ऐतशाम ने अपनी अपनी पढाई पूर्ण कर आयुर्वेदिक यूनानी की डिग्री प्राप्त कर गरीबों की स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं देने का प्रयास किया।

इसी श्रृंखला में डॉ0 ऐहतशाम ने अपने क्लीनिक का पंजीयन करा कर मेहदीपुरवा पुलिस चौकी के निकट बैठकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ कर दीं। समय चक्र के चलते इस पड़ाव में सफलता के बीच कई उतार चढ़ाव आए किंतु डा0ऐहतशाम ने अपने कर्तव्यों को नहीं भूला। इसी बीच अथक मेहनत लगन के चलते वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर में बतौर संविदा डॉक्टर के रूप में तैनात हो गये।

वहां निष्ठा ईमानदारी से सुबह आठ बजे से दो बजे अपनी ड्यूटी करने के उपरांत दो घंटे अपने न्यू आसरा क्लीनिक पर सेवाएं देना प्रारंभ किया। जो निरंतर जारी है।

एक नही सैकड़ों लोगों का कहना है कि डाक्टर साहब क्षेत्र की जनता के भगवान है।डॉ0एहतिशाम भी कहते हैं की हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन भी है। और में सीएचसी तंबौर से आने पश्चात इसी क्लिनिक पर बैठ लोगों की सेवा करता हूं।

## धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से सांसद पद की भाजपा प्रत्याशी ने तूफानी दौरा कर मांगा आशीर्वाद

सीतापुर। धौरहरा लोकसभा से सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती रेखा अरुण वर्मा ने धौरहरा लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा हरगाँव में तूफानी जन सम्पर्क कर लोगों से संवाद करते हुए आशीर्वाद की मांग की। सांसद पद की प्रत्याशी श्रीमती रेखा अरुण वर्मा ने धौरहरा लोकसभा क्षेत्र की हरगांव विधानसभा में तूफानी दौरा कर जन समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के तेरह गांवों व कस्बा हरगाँव के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों से जनसंपर्क एवं संवाद किया।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के गांवों में आने की सूचना पाकर ग्रामीण जन उन्हें देखने व सुनने के लिए उमड़ पड़े।सांसद अपने लाल लश्कर के साथ सर्वप्रथम लालपुर पहुंची जहाँ पर उन्होंने वरिष्ठ लोगों से समर्थन मांगा ततपश्चात उनका काफिला खैरी पट्टी,अदवारी, कोड़रा,सोन्सरी, सुजाबाद, दहेली, शेखनापुर, हजारीपुरवा, जगमालपुर, रंगवा, नवीनगर, परसेहरानाथ, हैदरपुर तथा कस्बे में विभिन्न स्थानों पर पहुंचा। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सांसद रेखा अरुण वर्मा ने अपने लिए समर्थन माँगते हुए कहा विकसित भारत बनाने के लिए भाजपा को वोट देकर सहयोग दें।उन्होंने कहा केन्द्र द्वारा द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं से लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठा है। आपके एक वोट की ताकत से अयोध्या में भगवान रामजी की भव्य और दिव्य प्राण प्रतिष्ठा हुई है।कश्मीर से धारा 370 एक झटके में हटा दी गई और वहाँ पर विकास के नयी इबारत लिखी जा रही है देश की समृद्ध अर्थव्यवस्था व विकसित भारत बनाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्थन देने के लिए तीसरी बार विजयी बनाने हेतु जनता से आशीर्वाद माँगा। उन्होंने कहा आपके समर्थन और आशीर्वाद का ऋण वह क्षेत्र का विकास करके चुकाएंगी,माताओं बहनों को एलपीजी कनेक्शन, शौचालय,आवास दिए तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम भी संसद से पारित करवाकर हमारी माताओं बहनों के लिए संसद एवं राज्य विधानसभओं में तैंतिस प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कर दी।

## बृजेश पाठक ने कौशाम्बी में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में सिखाए जीत के गुर

कौशांबी । प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेंद्र पाठक ने रविवार को कौशांबी से पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के समर्थन में बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में शिरकत कर जीत के गुर सिखाए। जिले में भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर के समर्थन में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री ने पार्टी द्वारा दिए गए संदेश को बताया और जीत के गुर भी सिखाये। उन्होंने बूथ स्तर के पदाधिकारियों को कहा कि बूथ ही वह पहली सीढ़ी है जहां से मतदाता अपने मत का प्रयोग कर प्रत्याशी सदन में सांसद और विधायक भेज जाते हैं। जिसका बूथ मजबूत होता है उसकी पार्टी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि बूथ के पदाधिकारी गांव के एक एक मतदाता तक सरकार की योजनाओं की जानकारी दे सकते है और उन्हे उनका लाभ दिला सकते है।

# बुपनिया पहुंचा कुलदीप वत्स का डोर टू डोर कार्यक्रम, लोगों ने गर्मजोशी से किया स्वागत

ललित कुमार गोठवाल

बादली विधानसभा के विधायक इन दिनों अपने विधानसबा में कांग्रेस पार्टी का खूब प्रचार कर रहे हैं। आज विधायक कुलदीप वत्स ग्राम बुपनिया में अपने पार्टी और भाई दीपेंद्र सिंह हुड्डा का प्रचार करने पहुंचे हुए थे । जहां बुपनिया के ग्रामीण जनता ने कुलदीप वत्स का गर्मजोशी से स्वागत किया । हजारों के संख्या में बुपनिया के ग्रामीणों के साथ कुलदीप वत्स ने डोर टू डोर जाकर लोगों से मिले । इस दौरान कुलदीप वत्स ने लोगों को कांग्रेस पार्टी को वोट देने के लिए अपील की। उन्होंने अपने इस कार्यक्रम के दौरान बुपनिया के लोगों को विश्वास दिलाया कि यदि देश में कांग्रेस पार्टी कि सरकार बनती है तो सबसे पहले पैंसन और रोजगार पर हमारी सरकार काम करेगी । वहीं इस



कार्यक्रम में बुपनिया के इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के धनी राम, अमित, श्री भगवान, सूबेदार कप्तान सिंह, सतबीर, रत्तन सिंह, श्याम राम और जननायक जनता पार्टी से यशपाल, रामफल, करण सिंह, राम अवतार ने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कि जिनको विधायक कुलदीप वत्स ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। वहीं इस डोर टू डोर कार्यक्रम में कुलदीप वत्स के साथ कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वर्कर्स यूनियन बिजेन्द्र बैनीवाल दादनपुर, नीटू प्रधान जगरतपुर, विजय सरपंच लुक्सर, मोंटी सरपंच गुभाना, ब्लॉक समिति मैम्बर संदीप गुलिया, जसबीर ठेकेदार बामडोला, मोटा कोच लाडपुर, बबलू लाडपुर, प्रवेश गुभाना, सोमबीर लोहचब, राजेश प्रधान, कुलदीप लोहचब, रवि लोहचब, सुधीर मास्टर, सुधीर, बलजीत जांगडा, ईश्वर वत्स जी मौजूद रहें।

# न्यायालय के आदेश पर बिनौरा ग्राम पंचायत के आवास, शौचालय, नाली व खड़ंजा निर्माण कार्यों में गबन के लगे आरोप की जांच हुई शुरू

सीतापुर । जिले की ग्राम पंचायत बिनौरा में वर्ष 2015 से 2020 तक हुए विकास कार्यों के अन्तर्गत बने आवासों,शौचालय,नाली और खड़ंजा निर्माण की शुक्रवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश सिंह ने जांच शुरू कर दी।निर्माण कार्यों में हुए भृष्टाचार को लेकर शिकायत की गई थी।

शिकायतकर्ता के द्वारा स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर तक लगातार की गई शिकायतों के बावजूद कोई कार्यवाही न होता देख बाध्य होकर ग्राम पंचायत बिनौरा निवासी शिकायत कर्ता जाबिर अली ने शपथ पत्र देकर उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीड से जांच कराने की गुहार लगाई थी।

बताते हैं कि न्यायालय के आदेश पर बीते दिवस मिश्रित की ग्राम पंचायत बिनौरा में लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने बीते दिवस जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मौके पर जांच करने पहुंचे। जहां उन्होंने जांच की। सूत्रों के अनुसार तीन वर्ष पहले जाबिर अली ने स्थानीय अधिकारियों से बिनौरा ग्राम पंचायत में हुए निर्माण कार्यों की जांच कराए जाने की गुहार लगाई थी।

आरोप है कि मिलीभगत के कारण जांच की फाइल पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। निराश होकर शिकायतकर्ता ने शपथ पत्र देकर उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ से जांच कराने की गुहार लगाई। जिस पर उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ ने जिला अधिकारी सीतापुर को जांच कराने के निर्देश दिये। न्यायालय के आदेश पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया। शिकायतकर्ता जाबिर अली पुत्र शमशेर अली का आरोप है कि सत्र 2015 से 2020 में बने आवासों, शौचालय नाली एवं खड़ंजा निर्माण में घोर अनियमितता बरती गई। आरोप है कि इस निर्माण कार्य में प्रधान जमीला व ग्राम पंचायत अधिकारी रजनीश सिंह और एडीओ अमित चतुर्वेदी ने सरकारी धन का गबन किया है। आरोप है कि मृतकों के नाम शौचालय का पैसा आहरित किया जा चुका है। शिकायतकर्ता के अनुसार बाबूजी,राजेश्वरी,रामदुलारे, और गोकुल की मृत्यु 30 मई 2015 में हो चुकी है। इनका मृत्यु प्रमाणपत्र भी है। इनके नाम पर शौचालय का पैसा आहरित हो गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी जांच की। ग्रामीणों से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किए। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी अमित साहू, प्रधान सत्यम वैश्य व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। शिकायतकर्ता जाबिर अली ने बताया कि लगातार शिकायतों की जांच कराने का अनुरोध किया गया लेकिन खाऊ कमाऊ नीति के तहत कोई कार्यवाही नहीं हुई तब बाध्य होकर न्यायालय की शरण में जाना पड़ा अब न्यायालय के आदेश पर जांच कार्यवाही शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि यदि जांच अधिकारी के स्तर से निष्पक्ष जांच की जाती है तो आवास शौचालय नाली खड़ंजा निर्माण आदि कार्यों में भारी घोटाला सामने आ जाएगा। भ्रष्टाचार के मामले में विकासखंड मिश्रित चर्चा में है ग्राम पंचायत बिनौरा की तरह विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत इकहत्तर ग्राम पंचायतों की जांच निष्पक्षता से कर दी जाए तो विकासखंड मिश्रित के अंतर्गत करोड़ों का भ्रष्टाचार खुलकर सामने आ जाएगा। लोगों का मानना है की क्या अन्य ग्राम पंचायत की जांच के लिए किसी सामाजिक कार्यकर्ता को दोबारा न्यायालय की शरण में जाना पड़ेगा या यूं जिले के आला अधिकारी पूरे विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्यों की जांच करा कर दूध का दूध पानी का पानी जनता के सामने कर देंगे।

## हत्यारोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

ललितपुर । मड़ावरा, पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित आरोपी पति को किया गिरफ्तार। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी, परिक्षेत्र झांसी के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में घटना के सफल अनावरण हेतु थाना मड़ावरा पुलिस द्वारा थाना मड़ावरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 49 /2024 धारा 302/201 आईपीसी में वांछित अभियुक्त देवेन्द्र यादव पुत्र सोनी प्रसाद यादव उम्र करीब 32 वर्ष नि0 ग्राम रनगांव थाना मड़ावरा को रोहिणी बांध के पास से गिरफ्तार किया गया । वादिनी द्वारा थाना पर सूचना दी गयी कि अभि0 देवेन्द्र यादव रूपये मांगने को लेकर मेरी बहन के साथ मारपीट कर उसे फासीं के फंदे से लटका कर उसकी हत्या कर देने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी। सूचना के आधार पर थाना मड़ावरा ललितपुर में मु0अ0सं0 49/2024 धारा 302/201 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत किया गया है । शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराया गया है । उच्चाधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। घटना की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए थाना मड़ावरा पुलिस द्वारा अभियुक्त को देवेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण देवेन्द्र यादव पुत्र सोनी प्रसाद यादव उम्र करीब 32 वर्ष नि0 ग्राम रनगांव थाना मड़ावरा जनपद ललितपुर पूछतांछ का विवरण- अभियुक्त ने पूछतांछ में बताया कि मैं व मृतिका रेखा 08 वर्ष से पति पत्नि की तरह रह रहे थे । हमारे दो बच्चे भी है । साहब मैं रूपया नही कमाता हूँ मैं अपनी पत्नी से ही रूपया मांगकर खर्चा चलाता थाद्य शराब पीने के लिए पैसे मांग रहा था। इसी को लेकर विवाद हो गया था और मैने गुस्से में आकर रेखा से साथ मारपीट की थी जिससे वह अधमरा हो गई थीं।

# शार्ट न्यूज

## गन्ना उत्पादन में वृद्धि के लिए वैज्ञानिकों की सलाह का करें अनुसरण

सीतापुर। केन्द्र सरकार द्वारा किसानों की आय दुगनी करने के उद्देश्य से किए गए वायदे को अमली जामा पहनने के लिए समय- समय पर वैज्ञानिकों द्वारा दी जा रही सलाह पर किसानों को अमल करना चाहिए। यह बाद आयोजित किसान गोष्ठी के दौरान चीनी मिल के सहायक महाप्रबंधक गन्ना ने कही। चीनी मिल बिसवां क्षेत्र के चयनित क्रिटिकल ग्राम मानपुर में गन्ना संस्थान शाहजहांपुर के सहायक निदेशक ने गन्ना उत्पादन तकनीक पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए समय का प्रबंध करने की सलाह दी। पेड़ी गन्ना प्रबंधन में समय से खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग खाली स्थान की पूर्ति तथा मिट्टी चढ़ाने का कार्य करने से ही दस से पन्द्रह प्रतिशत पेड़ी गन्ने का अधिक उत्पादन लिया जा सकता है। पेड़ी गन्ने में भी पौधा की तरह कृष्ण क्रियाएं तथा देखरेख करने पर विचार करना चाहिए। रामेश्वर दयाल तिवारी वरिष्ठ वैज्ञानिक सेवा निवृत ने गन्ने में खाद एवं उर्वरकों का संतुलित प्रयोग एवं मृगांक मोहन अग्निहोत्री ने गन्ने में कृष्ण क्रियाएं गन्ना बुवाई की विभिन्न विधियां गन्ने के साथ-साथ सह फसली खेती के विषय में सहायक महाप्रबंधक अमरीश कुमार सिंह ने गन्ना फसल सुरक्षा प्रबंधन तथा चीनी मिल द्वारा कृषकों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चीनी मिल के अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्र के सैकड़ो कृषकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण का कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक प्रमोद तोमर द्वारा किया गया।

## झांसी मंडल में पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 24 घंटे 43 वारंटी हुए गिरफ्तार

ललितपुर। झांसी मंडल के तीनों जिलों की पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की है। तीनों में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर 43 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। जिससे हड़कम्प मचा हुआ है। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार की श्रृंखला के क्रम में रेंज पुलिस द्वारा गैर जमानती वारंटियों विरूद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी कलानिधि नैथानी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है जिसके क्रम में झाँसी परिक्षेत्र के जनपदों झाँसी जालौन व ललितपुर में पिछले 24 घंटे में कुल 43 वारटिंयों की गिरफ्तारी की गयी है। जनपद झाँसी पुलिस द्वारा कुल 16 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। जनपद जालौन पुलिस द्वारा कुल 14 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। जनपद ललितपुर पुलिस द्वारा कुल 13 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी द्वारा रेंज पुलिस को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध आपरेशन प्रहार के क्रम में गैर जमानती वारटियों के विरूद्ध लगातार गिरफ्तारी/प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश निर्गत किये गये है।


## सपा नेता के हत्या में शामिल विशाल के घर हुई कुर्की की कार्रवाई

नन्दगंज । स्थानीय पुलिस ने रविवार को सिहोरी गांव में अमलदारी यादव की हत्या में शामिल मुख्य आरोपी विशाल पासी के घर कुर्की की कार्रवाई की गयी । उल्लेखनीय है कि सिहोरी गांव निवासी विशाल पासी अतरसुआ गांव निवासी अमलदारी यादव की हत्या में नामजद मुख्य आरोपी हत्या के बाद से ही फरार चल रहा है। पुलिस द्वारा उसके घर पर 82 की कार्यवाही करने के बाद भी वह अदालत में हाजिर नही होने पर न्यायलय से आदेश लेकर पुलिस ने रविवार को उसके घर पर कुर्की की कार्रवाई की गयी। थानाध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह ने बताया कि 31 जनवरी को दोपहर में फोरलेन हाइवे के बंधवा कुसम्हीकलां गांव के समीप स्कार्पियो सवार बदमाशों द्वाराइ अतरसुआ गांव निवासी सपा नेता अमलधारी यादव की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। जिसमें मृतक के बड़े भाई राम नगीना यादव ने थाना में 4 नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था । जिसमे विशाल पासी को मुख्य आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने 12 फरवरी को एक महिला सहित तीन लोगों पकज सिंह उर्फ राजू पुत्र सभाजीत सिंह निवासी पाम शौटना थाना भुडकुड़ा , अमरजीत पासी पुत्र स्व0 महेन्द्र पासी निवासी ग्राम सिहोरी थाना नन्दगंज , विमली देवी पत्नी विशाल पासी निवासी सिहोरी थाना नन्दगंज को उनके पास से एक अदद देशी तमंचा 12 बोर मय 03 अदद जिन्दा कारतूस तथा-एक अदद देशी तमन्चा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था ।

## वीरांगनाओं ने देश की रक्षा के लिए समय-समय पर बलिदान दिया : बेबी रानी मौर्य

फर्रुखाबाद। उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश शासन की महिला एवं बाल कल्याण कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि एक मजबूत समाज के निर्माण में महिलाओं का योगदान अविस्मरणीय है इसीलिए भारत में महिलाओं को शक्ति व दुर्गा का रूप कहा जाता है ।देश की रक्षा के लिए भारत की वीरांगनाओं ने बलिदान देकर समय समय पर, भारत और उसकी संस्कृति की रक्षा करने का भी कार्य किया। मौर्य ने आज यहां फर्रुखाबाद गंगा पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम में, भाजपा महिला मोर्चा के आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है भारत की बढ़ रही ताकत में भी महिलाओं का विशेष योगदान है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ,भाजपा की सरकार ने जितनी भी योजनाएं चलाई उन में अधिकतर योजनाएं महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाई गई है, महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए निरंतर सरकार द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश में योगी शासन में मां बहन बेटियां सुरक्षित महसूस कर रही हैं ,मां बहन बेटियों पर होने वाले अत्याचारों में बड़ी कमी आई है। सरकार द्वारा महिलाओं के लिए उज्जवला गैस कनेक्शन, सौभाग्य योजना ,पक्के मकान इज्जत घर, एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सामूहिक विवाह समारोह जैसे कार्य किए गए। उन्होंने दावा कि हमारी सरकार ने,नारी शक्ति बंधन बिल कर महिलाओं को 33प्रतिशत का आरक्षण देने का कार्य किया।

## विपक्ष, दलितों का आरक्षण मुस्लिमों को देना चाहता है : स्वतंत्रदेव सिंह



गोण्डा। उत्तर प्रदेश के गोण्डा में जल शक्ति मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को कहा कि, विपक्ष दलितों का आरक्षण मुस्लिम को देना चाहता है । इस लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह के समर्थन में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को रविवार को सम्बोधित करते हुए जलशक्ति मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले यूपी सहित श्रीनगर, अयोध्या, काशी, संसद में बम फटते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद अब जवान पाकिस्तान में घुस कर मारते हैं। उन्होंने कहा कि तीसरी बार हम जनता जनार्दन के बीच में जा रहे हैं। यूपी में पहले सपा - बसपा ही होती थी लेकिन 2014 के बाद से देश प्रदेश में बीजेपी के आते ही दलितों गरीबों को आज पक्का मकान मिल रहा। सिंह ने विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष दलितों का आरक्षण मुस्लिम को देना चाहता है जबकि भाजपा सभी वर्गों के लिए कार्य कर रही है । सत्ता का सारा सुख तो कांग्रेस ने उठाया है । भाजपा के राज में आज दुबई से लेकर अयोध्या तक ही नहीं बल्कि विश्व में भारत के प्रतीक को सम्मान मिल रहा है । उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में भ्रष्टाचार,जातिवाद, गुंडे माफिया का बोलबाला था। बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा का बुरा हाल था। 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद से ही प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीब कल्याण एवं सेवा सुशासन का जो दौर मोदी के कार्यकाल में चालू हुआ उसका पूरे का पूरा श्रेय जनता व भाजपा कार्यकर्ताओं को जाता है।